
CMYK
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
# शाह टाइम्स
तापमान अधिकतम :36°C न्यूनतम: 20°C
सेंसेक्स 80,116.49 निफ्टी 24,328.95
सोना 98,820 चांदी 1,01,000
लखनऊ, गुरुवार 24 अप्रैल 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 173 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00
www.shahtimesnews.com
विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper
shahtimes2015@gmail.com
बैसाख कृष्ण पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082
25 शव्वाल 1446 हिजरी
नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



### आतंकवाद के समूल नाश को लेकर सऊदी अरब ने जताई प्रतिबद्धता

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### केएल राहुल ने आईपीएल में हासिल की बड़ी उपलब्धि

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## पाकिस्तान पर डिप्लोमेटिक स्ट्राइक: सिंधु जल समझौता रद्द

# पहलगाम के बाद तीनों सेनाएं हाई अलर्ट पर

**पहलगाम हमले के बाद भारत ने लिए पांच सख्त फैसले**

- पाकिस्तान में भारतीय दूतावास बंद, पाक नागरिकों का वीजा रद्द, 48 घंटे में भारत छोड़ने के आदेश
- पाकिस्तान हाई कमीशन से पांच सपोर्ट स्टाफ हटाए गए, भारत में पाक उच्चायोग को बंद करने का निर्देश
- सुरक्षा मामलों की कैबिनेट बैठक के बाद अटारी-बाघा बॉर्डर चेक पोस्ट को बंद कर दिया गया
- हमले में पाकिस्तान का हाथ बताया, पाकिस्तान में भारतीय उच्चायोग के कर्मचारी वापस बुलाए
- पाक नागरिकों को अगले फैसले तक भारतीय वीजा नहीं मिलेगा सर्वदलीय बैठक आज बुलाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पहलगाम हमले के बाद भारत ने सख्त कदम उठाए हैं। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मोर्चा संभाल चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सुरक्षा मामलों की कैबिनेट (सीसीएस) की मीटिंग में 5 बड़े फैसले लिए गए हैं।

पीएम आवास पर मोदी की अध्यक्षता में सीसीएस की बैठक ढाई घंटे चली। इसमें रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस. जयशंकर, एनएस अजित डोभाल समेत कई अफसर मौजूद रहे। सुरक्षा मामलों की कैबिनेट की बैठक के बाद विदेश सचिव ने कहा कि पाकिस्तान में भारतीय दूतावास को बंद करने का फैसला किया गया है। इसके अलावा भारत में मौजूद पाकिस्तानी नागरिकों को 48 घंटे में देश छोड़ने का निर्देश दिया गया है। अटारी-बाघा बॉर्डर चेक पोस्ट



को बंद कर दिया गया है। पाकिस्तान से सिंधु जल समझौता भी खत्म कर दिया गया है। पाकिस्तान हाई कमीशन से 5 सपोर्ट स्टाफ हटाए गए। भारत में पाकिस्तान उच्चायोग को बंद करने का निर्देश दे दिया गया है। तीनों सेनाएं हाई अलर्ट पर हैं। हमले में पाकिस्तान का हाथ है। पाकिस्तान में भारतीय उच्चायोग के कर्मचारी वापस बुलाए गए। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि पहलगाम आतंकी हमले में कुल 26 लोगों की मौत हुई है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि हमले में सीमा पार का हाथ है। भारत में भी पाकिस्तानी दूतावास बंद करने का फैसला लिया गया है। कहा गया है कि सात दिन में देश छोड़ें पाकिस्तानी राजनयिक। किसी भी पाकिस्तानी नागरिक को अगले फैसले तक भारतीय वीजा नहीं मिलेगा। सरकार ने गुरुवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। उधर, पहलगाम के बैसरन में आतंकी हमले के दूसरे दिन बुधवार को श्रीनगर से दिल्ली तक बैठकों का दौर चला। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी (सीसीएस) की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक खत्म होने के बाद पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर इस बात की जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि इस आतंकी हमले के मद्देनज़र सुरक्षा व्यवस्था, जवाबी कार्रवाई और आगे की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।

## हमले में तीन पाक आतंकियों समेत दो लोकल भी शामिल



**नई दिल्ली।** सुरक्षा और इंटेलिजेंस एजेंसियों ने पहलगाम अटैक के संदिग्ध आतंकियों के स्केच जारी किए हैं। इनके नाम आसिफ फौजी, सुलेमान शाह और अबु तल्हा बताए गए हैं। इंटेलिजेंस सूत्रों ने बताया कि हमले का मास्टर माइंड लश्कर-ए तैयबा का डिप्टी चीफ सैफुल्लाह खालिद है, जो पाकिस्तान में मौजूद है।

शुरुआती जांच में पता चला है कि हमले में 5 आतंकी शामिल थे। इनमें से दो लोकल और 3 पाकिस्तानी आतंकी थे। हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा के प्रोक्सी विंग द रजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली है। पाकिस्तान के डिफेंस मिनिस्टर ख्वाजा आसिफ ने कहा कि इस हमले में हमारा कोई हाथ नहीं है। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पूछताछ के लिए सैकड़ों लोगों को हिरासत में लिया है। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) भी जांच के लिए पहलगाम पहुंच गई है। सोशल मीडिया पर एक तस्वीर वायरल हो रही है। बताया जा रहा है कि यह पहलगाम में हमला करने वाले 4 आतंकवादियों की तस्वीर है। हालांकि, अभी सेना या सुरक्षा एजेंसियों की तरफ से तस्वीर नहीं जारी की गई है सिर्फ संदिग्ध आतंकियों के स्केच जारी किए गए हैं। इंटेलिजेंस एजेंसियों के सूत्रों ने बताया कि 2 आतंकी पाकिस्तान के थे। 4 आतंकियों की वायरल

- **इंटेलिजेंस एजेंसियों ने पहलगाम हमले के संदिग्ध आतंकियों के स्केच जारी किए, सुरक्षा बलों ने कई लोगों को हिरासत में लिया**
- **मास्टरमाइंड लश्कर का डिप्टी चीफ सैफुल्लाह खालिद, हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा के प्राक्सी विंग द रजिस्टेंस फ्रंट ने ली**

फोटो में से एक पाकिस्तानी आतंकी बताया जा रहा है। यह द रेजिस्टेंस फ्रंट के एफटी मूसा कैडर का आतंकी है। सुरक्षा एजेंसियों ने पहलगाम हमले के संदिग्ध आतंकियों के स्केच जारी किए हैं। एजेंसियों ने हमले के चश्मदीदों की मदद से ये स्केच बनाए हैं। एजेंसियों के सूत्रों ने बताया कि इस हमले में आसिफ फौजी, सुलेमान शाह और अबु तल्हा शामिल थे। हालांकि, कौन सी तस्वीर किसकी है, यह साफ नहीं हो पाया है।

### हमले के विरोध में कश्मीर रहा बंद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में हाल के वर्षों में नागरिकों पर हुए सबसे घातक आतंकवादी हमले के विरोध में बुधवार को पूरे कश्मीर में पूर्ण बंद रखा गया है। यह हमला अनंतनाग जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पहलगाम के पास एक घास के मैदान में हुआ, जिसमें 26 पर्यटकों की जान चली गई। हुर्रियत नेता और मुताहिदा मजलिस-ए-उलेमा (एमएमयू) के प्रमुख मीरवाइज उमर फारूक ने भीषण हत्याओं के विरोध में बंद का आह्वान किया था। प्रमुख व्यापार निकायों, परिवहन संघों और नागरिक समाज समूहों ने भी हड़ताल का आह्वान किया था। एनसी और पीडीपी सहित मुख्यधारा के राजनीतिक दलों ने बंद को अपना समर्थन दिया।

### पर्यटकों की वापसी के लिए विशेष ट्रेन का संचालन

**नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद सैलानियों की बड़ी संख्या में वापसी के मद्देनजर श्री माता वैष्णो देवी कटरा से नई दिल्ली के लिए एक विशेष आरक्षित ट्रेन चलाने की घोषणा की है। उत्तर रेलवे ने बुधवार को यहां एक विज्ञप्ति में बताया कि रेलयात्रियों की सुविधा के लिए बुधवार को एक विशेष रेलगाड़ी का संचालन किया जा रहा है। उत्तर रेलवे के एक प्रवक्ता ने कहा कि ट्रेन सं- 04612 श्री माता वैष्णो देवी कटरा-नई दिल्ली विशेष आरक्षित रेलगाड़ी आज रात को नौ बज कर 20 मिनट पर रवाना होगी तथा मार्ग में उधमपुर, जम्मू, पठानकोट छावनी, जालंधर छावनी, ढंडारी कलां, अंबाला छावनी, कुरुक्षेत्र और पानीपत ठहरते हुए गुरुवार को सुबह साढ़े नौ बजे नई दिल्ली स्टेशन पहुंचेगी।

### एलओसी पर घुसपैठ की कोशिश नाकाम दो घुसपैठिए ढेर

**श्रीनगर।** उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर बुधवार को घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी गई। सेना ने दो आतंकवादियों को मार गिराया। यह कोशिश जम्मू-कश्मीर में नागरिकों पर सबसे घातक आतंकवादी हमले के एक दिन बाद नाकाम की गई, जिसमें अनंतनाग जिले के पहलगाम के प्रसिद्ध रिसॉर्ट के पास एक घास के मैदान में 25 पर्यटक और एक स्थानीय व्यक्ति मारे गए थे। सेना के श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने कहा कि दो से तीन अज्ञात आतंकवादियों ने उरी नाला के पास सरजीवन के सामान्य क्षेत्र से घुसपैठ की कोशिश की। एलओसी की सुरक्षा में तैनात सतर्क सैनिकों ने इस प्रयास का पता लगाया और उसे रोक दिया, जिसके बाद गोलीबारी हुई।

### लश्कर-ए-तैयबा की तारीफ में किया था पोस्ट, युवक अरेस्ट

**बोकारो।** झारखंड के बोकारो जिले में एक शख्स को बुधवार को गिरफ्तार किया गया है। उस पर आरोप है कि उसने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर सोशल मीडिया पर एक विवादित पोस्ट डाली थी। पुलिस के अनुसार, आरोपी की पहचान मो. नौशाद के रूप में हुई है। उस पर आरोप है कि उसने एक्स पर एक पोस्ट में पाकिस्तान और आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा की तारीफ की थी। बलीदिह थाना प्रभारी नवीन कुमार ने बताया कि उसे मिल्लत नगर से गिरफ्तार किया गया है।

### पीएम मोदी का कानपुर दौरा निरस्त

**कानपुर।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले की जघन्य घटना के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 24 अप्रैल को कानपुर का प्रस्तावित कार्यक्रम निरस्त कर दिया गया है। श्री मोदी गुरुवार को यहां 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास कार्यक्रम में आने वाले थे। उप्र विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने श्री मोदी के दौरे के निरस्त होने की पुष्टि करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गुरुवार का दौरा निरस्त कर दिया गया है।

### हमलावरों के साथ-साथ साजिश रचने वालों को भी जल्द दिया जाएगा मुंहतोड़ जवाब: राजनाथ

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पहलगाम की कायराना हरकत के खिलाफ देश को एकजुट बताते हुए पाकिस्तान का नाम लिए बिना कहा है कि न केवल यह हमला करने वालों बल्कि पर्दे के पीछे से भारत की धरती पर इस तरह की नापाक हरकत करने की साजिश रचने वालों को जल्द ही उचित जवाब दिया जाएगा। श्री सिंह ने बुधवार को यहां वायुसेना के मार्शल अर्जन सिंह की स्मृति में एक व्याख्यान देते हुए आतंकवाद को कतई न बर्दाश्त करने के भारत के दृढ़ संकल्प को दोहराया और कहा कि मोदी सरकार हर आवश्यक और उचित कदम उठाएगी। उन्होंने देशवासियों को भरोसा दिलाया पहलगाम में निर्दोष नागरिकों पर कायराना आतंकवादी हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को जल्द ही भारतीय धरती पर उनके नापाक कृत्यों का मुंहतोड़ जवाब मिलेगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत एक पुरानी सभ्यता है और इतना बड़ा देश कभी भी किसी भी तरह की आतंकी गतिविधियों से भयभीत नहीं हो सकता। इस कायराना हरकत के खिलाफ हर भारतीय एकजुट है।

## आतंकी हमले के मद्देनजर सुरक्षा के लिए सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में दिल दहलाने वाले आतंकवादी हमले के मद्देनजर उच्चतम न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर की गई है, जिसमें अधिक पर्यटकों वाले स्थानों पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम करने के लिए केंद्र के अलावा संबंधित राज्य सरकारों को निर्देश देने की गुहार लगाई गई है।



यह याचिका अधिवक्ता विशाल तिवारी ने मंगलवार को हुए पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमले की घटना के मद्देनजर दायर की, हमले में 26 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। श्री तिवारी द्वारा दायर याचिका में प्रमुख पर्यटक स्थलों, खासकर

- **पर्यटक स्थलों पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम करने की लगाई गुहार**

पहाड़ी राज्यों और दूरदराज के स्थानों पर बड़ी संख्या में पर्यटकों के इकट्ठा होने वाले जगहों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश देने के लिए निवेदन किया गया है।

### पहलगाम के हमलावर आतंकियों को बख्शा नहीं जाएगा : अमित शाह

**श्रीनगर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों के परिवारों और पूरे देश को बुधवार को आश्वासन दिया और कहा कि निर्दोष नागरिकों की हत्या के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों को 'बख्शा' नहीं जाएगा। देश को झकझोर देने वाले आतंकवादी हमले के एक दिन बाद अमित शाह ने दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में पहलगाम के पास बैसरन घास के मैदानों का दौरा किया, जहां 25 पर्यटकों और एक स्थानीय निवासी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा अधिकारियों ने उन्हें मौके पर चल रहे ऑपरेशन की परिस्थितियों और प्रगति के बारे में जानकारी दी। श्री शाह ने शोकाकुल परिजनों से भी मुलाकात की, जिनमें से कई दर्दनाक अनुभव साझा करते हुए रो पड़े। श्री शाह ने 'एक्स' पर लिखा, पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में अपने प्रियजनों को खोने का दर्द हर भारतीय को है। इस दुख को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। मैं इन सभी परिवारों और पूरे देश को भरोसा दिलाता हूं कि निर्दोष लोगों की हत्या करने वाले इन आतंकियों को बिल्कुल भी नहीं बख्शा जाएगा।

## उप्र सहित 14 राज्यों में हीटवेव का अलर्ट

नई दिल्ली, वार्ता

**मौसम विभाग** ने बुधवार को दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश सहित 14 राज्यों में हीटवेव की चेतावनी जारी की है।

इस दौरान कई राज्यों में तापमान 3.5 डिग्री तक बढ़ सकता है। उत्तर प्रदेश में अगले 5 दिन में अधिकतम तापमान 47 डिग्री पहुंचने का अनुमान है। राजस्थान के 4 जिलों में बुधवार को लू का येलो अलर्ट है। 14 शहरों में मंगलवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर पहुंच

- **छत्तीसगढ़ में लू से मजदूर की मौत**

गया। वहीं, मप्र के 6 जिलों में हीटवेव के आसार हैं। खजुराहो, नौगांव, पन्ना, सीधी में तापमान 45 डिग्री या इससे अधिक रह सकता है। उधर, छत्तीसगढ़ में बीजापुर-तेलंगाना बॉर्डर पर लू से एक मजदूर की मौत हो गई। वह मिर्ची तोड़ने के लिए तेलंगाना गया था। मौसम विभाग ने 3 दिनों तक सरगुजा संभाग, रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग संभाग के 11 जिलों में लू का येलो अलर्ट जारी किया है।

## बेल्जियम कोर्ट से लगा भगोड़े मेहुल चोकसी को बड़ा झटका

ब्रसेल्स (बेल्जियम), वार्ता

**बेल्जियम** की एक अदालत ने मंगलवार को भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी की जमानत याचिका खारिज कर दी।

चोकसी 13,000 करोड़ रुपये के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) धोखाधड़ी मामले में मुख्य आरोपी है। उसनके वकील ने यह जानकारी दी। चोकसी को 12 अप्रैल को बेल्जियम पुलिस ने एंटवर्प में गिरफ्तार किया था। यह गिरफ्तारी सीबीआई और ईडी के प्रत्यर्पण अनुरोध के आधार पर की



- **अदालत ने जमानत याचिका की खारिज**

गई थी। चोकसी के वकील विजय अग्रवाल ने कहा कि मंगलवार को अदालत की सुनवाई के दौरान उनके मुवक्किल की जमानत याचिका को खारिज कर दिया गया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि चोकसी अब जेल हिरासत से अपनी प्रत्यर्पण प्रक्रिया का विरोध करेंगे। चोकसी को पिछले साल बेल्जियम में पाया गया था, जहां वह नवम्बर 2023 में चिकित्सा उपचार प्राप्त करने के लिए पहुंचा था। चोकसी 2018 में भारत छोड़कर एंटिगुआ में रहने लगा और उसने कैरेबियाई देश की नागरिकता ले ली थी। हालांकि उसकी भारतीय नागरिकता वैध बताई जाती है।

## कुल 13.22 लाख टन अरहर की खरीद को मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने खरीफ मौसम 2024-25 में मूल्य समर्थन योजना के अंतर्गत आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना और उत्तर प्रदेश राज्यों में कुल 13.22 लाख टन अरहर की खरीद को मंजूरी दी है।

इसके साथ ही केंद्रीय मंत्री ने किसानों के हित में आंध्र प्रदेश में खरीद अवधि को 90 दिनों से 30 दिन बढ़ाकर 22 मई तक करने को भी मंजूरी दी है। मंत्रालय ने बुधवार को यहां बताया कि आंध्र प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र और तेलंगाना में

- **आंध्र में खरीद अवधि 22 मई तक बढ़ी**

नैफेड और एनसीसीएफ के माध्यम से एमएसपी पर खरीद जारी है और 22 अप्रैल तक इन राज्यों में कुल 3.92 लाख टन अरहर की खरीद की गई है, जिससे इन राज्यों के 2,56,517 किसान लाभान्वित हुए हैं। अरहर की खरीद नैफेड के ई.समृद्धि पोर्टल और एनसीसीएफ के ई.संयुक्ति पोर्टल पर पूर्व पंजीकृत किसानों से भी की जाती है। मंत्रालय के अनुसार सरकार किसानों से एमएसपी दर पर अरहर की शत-प्रतिशत खरीद करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# राहुल गांधी के अमेरिका में दिए बयान से फिर जुबानी जंग तेज

## भाजपा ने राहुल पर देश की छवि धूमिल करने का लगाया आरोप, कांग्रेस ने अपने नेता के बयान को सही करार दिया

अबु बकर शिब्ली

**सहारनपुर।** राहुल गांधी गांधी द्वारा अमेरिका में भारतीय निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाए जाने से सियासी गलियारों में एक बार फिर जुबानी जंग तेज हो गई है। भाजपा ने राहुल गांधी पर देश की छवि धूमिल करने का आरोप लगाया है। जबकि कांग्रेस इस बयान को पूरी तरह सही करार दे रही है। लेकिन राहुल गांधी के इस बयान में अगर जरा भी सच्चाई है, तो ये भारत जैसे लोकतांत्रिक देश की निर्वाचन व्यवस्था के लिए गंभीर चिंता का विषय है।

दरअसल रविवार को अमेरिका के दौरे पर पहुंचे राहुल गांधी ने एक यूनिवर्सिटी में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा था, हमारे लिए यह बहुत साफ था कि चुनाव आयोग समझौता कर चुका है। यह बहुत साफ है कि सिस्टम में बहुत कुछ गड़बड़ है। हमने इसे सार्वजनिक रूप से कहा है, मैंने इसे कई बार कहा है। राहुल गांधी का ये बयान आते ही राजनीति में फिर से भूचाल आ गया। भाजपा ने इस बयान



को सिरे से खारिज करते हुए इसे देश विरोधी बयान करार दिया है। जबकि कांग्रेस इसका पूरा समर्थन कर रही है।

राजनीति से इतर इस बयान पर अगर गौर किया जाए, तो ये देश के सबसे बड़े विपक्षी दल के वर्तमान निर्वाचन व्यवस्था के प्रति अविश्वास को दर्शाता है। जो किसी भी स्वस्थ लोकतंत्र के लिए अत्यंत घातक है। राजनीति की मजबूरियां अपनी जगह हैं। लेकिन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश की राजव्यवस्था पर सवाल उठना वास्तव में चिंताजनक है। कुछ समीक्षकों का मानना है कि लोकतंत्र के प्रहरी के रूप में

- **राहुल गांधी के बयान में अगर जरा भी सच्चाई है, तो ये लोकतांत्रिक निर्वाचन व्यवस्था के लिए गंभीर चिंता का विषय**

स्थापित राष्ट्रीय निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता पर विपक्ष में अविश्वास का माहौल होना हमारी शासन व्यवस्था की दुर्बलता को दर्शाता है। ऐसे में सत्ता पक्ष के साथ-साथ स्वयं निर्वाचन आयोग को इस प्रकार की शंकाओं का समाधान करना चाहिए।समीक्षक यहां तक कहते हैं कि यूं तो राहुल गांधी द्वारा महाराष्ट्र के चुनाव का उदाहरण के रूप में प्रयोग किया गया है। लेकिन गत लोकसभा चुनाव के तुरंत बाद आई एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिपब्लिक (एडीआर) की रिपोर्ट खुलासा करती है कि लोकसभा चुनाव में जितने वोट पड़े नहीं थे, उससे ज्यादा गिन लिए गए। जबकि 362 सीटों पर 5.54 लाख वोट कम गिने गए। रिपोर्ट में दावा किया गया था कि लोकसभा चुनावों में 362 संसदीय क्षेत्रों में पड़े कुल वोटों से 5,54,598 वोट कम गिने गए। वहीं 176 संसदीय निर्वाचन क्षेत्र ऐसे हैं, जहां पड़े कुल वोटों से 35,093 वोट अधिक गिने गए। हालांकि निर्वाचन आयोग ने इस रिपोर्ट को सिरे से खारिज कर दिया था। लेकिन इस प्रकार की रिपोर्ट्स वास्तव में एक बड़ी चुनौती की तरफ इशारा करती है। भले ही वोटों की गिनती में अंतर प्रशासनिक लापरवाही से आया हो। इसकी किसी को तो जिम्मेदारी लेनी होगी।हो सकता है कि राहुल गांधी के बयान में कोई सच्चाई न हो और ये पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित हो। लेकिन इस मुद्दे पर जनता के मन में विश्वास बहाली जरूरी है। निर्वाचन आयोग सहित सरकार के प्रतिनिधियों को रचनात्मक रुख दिखाते हुए प्रयास करने चाहिए। इसके लिए नुक्कड़ नाटकों, जनसंचार के माध्यमों का प्रयोग कर स्पष्टीकरण दिया जा सकता है, ताकि देश की जनता का अपने मताधिकार के प्रति विश्वास बना रहे और देश स्वस्थ लोकतंत्र में आस्था बरकरार रख सके।

### आतंकी हमले के बाद यूपी में हाई अलर्ट

**लखनऊ।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद उत्तर प्रदेश में हाई अलर्ट जारी किया गया है। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने उत्तर प्रदेश पुलिस के लिए हाई अलर्ट जारी करते हुए कहा है कि प्रदेश के सभी संवेदनशील जिलों, अन्य राज्यों के सीमावर्ती जिलों में आतंकी व अन्य संगठनों की गतिविधियों पर पैनी निगाह रखी जाए। इसके अलावा रेल, सड़क व हवाई यातायात पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने, पूर्व में प्रकाश में आए असामाजिक, राष्ट्र विरोधी तत्वों पर विशेष नजर रखने, पर्यटकों की विशेष सुरक्षा सुनिश्चित करने, विदेशी पर्यटकों की सुरक्षा पर विशेष नजर रखने, नेपाल की अंतर्राष्ट्रीय सीमा से सटे इलाकों व बस-रेलवे स्टेशनों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं।

# पहलगाम हमले में कांग्रेस ने बुलाई सीडब्ल्यूसी की आपात बैठक

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस ने जम्मू कश्मीर के पहलगांव में आतंकवादी हमले के मद्देनजर पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की गुरुवार को आपात बैठक बुलाई है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया पहलगाम में हुए भीषण आतंकवादी हमले के मद्देनजर कल, गुरुवार 24 अप्रैल को प्रात: 11 बजे 24, अकबर रोड पर कांग्रेस कार्यसमिति की आपातकालीन बैठक होगी।

गौरतलब है कि आतंकवादियों ने मंगलवार को पहलगाम में पर्यटकों पर भारी गोलीबारी कर हमला किया जिसमें बड़ी संख्या में पर्यटकों के साथ ही 28 लोगों की मृत्यु होने की खबर है। इस हमले के बाद दिल्ली, मुंबई सहित देश के विभिन्न हिस्सों में हाई अलर्ट जारी किया गया है। कश्मीर में इससे पहले बड़ा आतंकवादी हमला 2019 में पुलवामा में हुआ था।

### राहुल गांधी ने ली हमले पर ताजा स्थिति की जानकारी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गृह मंत्री अमित शाह, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष तारिक कर्रा से मंगलवार को पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले के बारे में बात कर ताजा स्थिति की जानकारी ली। गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट कर कहा कि गृह मंत्री अमित शाह, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष तारिक कर्रा से पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले के बारे में बात की। स्थिति पर अपडेट प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि पीड़ितों के परिवार न्याय और हमारे पूर्ण समर्थन के हकदार हैं।

## पहलगाम आतंकी हमले में मृत शुभम के पिता से योगी ने व्यक्त की संवेदनाएं

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मृत कानपुर के शुभम द्विवेदी को श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने इस दुखद घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट साझा किया। मुख्यमंत्री ने अपने पोस्ट में लिखा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में कायरतापूर्ण आतंकी हमले में जनपद कानपुर के शुभम द्विवेदी जी का निधन अत्यंत दुखद है। उन्होंने शुभम के पिता संजय द्विवेदी से फोन पर बात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं और इस दुख की घड़ी में उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से परिवार को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। योगी ने प्रदेश के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शुभम द्विवेदी के पार्थिव शरीर को पूरे सम्मान के साथ उनके गृह जनपद कानपुर पहुंचाया जाए।

# पहलगाम हमला, देश का माहौल खराब करने की साजिश: मदनी

नई दिल्ली, वार्ता

पहलगाम में आतंकी हमले की इस्लामिक धर्म गुरुओं ने कड़ी निंदा की है और इसे देश के माहौल खराब करने की साजिश करार दिया।

जमीअत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने इस आतंकी हमले की निंदा करते हुए कहा कि वो मरने वालों के परिवारों के साथ खड़े हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन की विफलता के कारण शांति व्यवस्था को आग लगाने वाली ताकतें अपने नापाक इरादों में सफल हुई हैं। शिया मौलाना सैयद सैफ अब्बास नकवी ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले की जितनी भी निंदा की जाए कम है, इस्लाम किसी की भी खून बहाने की इजाजत नहीं देता है, वो चाहे किसी भी धर्म का हो। पहलगाम में नाम और धर्म ही नहीं पूछा गया, बल्कि कलमा सुनने की बात भी कही जा रही है, उससे इस्लाम धर्म को बदनाम करने के साथ-साथ देश के मुसलमानों को नुकसान पहुंचाने का काम है।



■ मुस्लिम धर्मगुरुओं ने हमले की निंदा की

जमीअत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि जमीअत उलमा-ए-हिंद विशेष रूप से धर्म के आधार पर आपराधिक कार्रवाई और देश की शांति व्यवस्था के लिए बर्बादी का कारण समझती है। आम कश्मीरियों को भी इस आतंकवादी हरकतों से नफरत और घृणा हो रही, तो वीं देश का मुसलमान भी इसके खिलाफ हैं। धर्म के नाम पर किसी को मारना और हिंसा करना सही नहीं है। देश की सामा. जिक तानाबाना बिगाड़ने की साजिश के तहत किया गया है। जमात-ए-इस्लामी हिंद के एजाज अहमद असलम ने कहा कि आतंकी हमले को किसी भी तरह से जायज नहीं ठहराया जा सकता, यह हमारे धर्म के खिलाफ है। इंडियन मुस्लिम फॉर प्रोग्रेसिव एंड रिफॉर्म के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमजे खान ने पहलगाम हमले की सख्त अल्फाजों में मजम्मत करते हुए कहा कि कश्मीर में पहली बार आतंकी हमले में धार्मिक एंगल सामने आया है। कश्मीर के माहौल में एक बेहतर सुधार हो रहा था और लोग तरक्की के साथ जुड़ रहे थे। ऐसे में पहलगाम का आतंकी हमला कश्मीर की आवाम के साथ-साथ देश के मुसलमानों के लिए भी चिंता का सबब है। आतंकियों ने जिस तरह धर्म और नाम के बुनियाद पर लोगों को मारा है, उसके जरिए सांप्रदायिक रंग देने और देश के माहौल को बिगाड़ने की गहरी साजिश नजर आ रही है। मौलाना अब्दुल हामिद नोमानी भी कहते हैं कि आतंकी हमले की जितनी भी निंदा की जाए कम है। आंतकियों ने जिस तरह से टारगेट करके लोगों को मारा है और धर्म एंगल का इस्तेमाल किया है, उससे इस्लाम को बदनाम करने के साथ-साथ देश के माहौल को बिगाड़ने की साजिश भी है। पहलगाम की आतंकी हमले से देश के हिंदू-मुस्लिम के बीच तनाव पैदा करने की आतंकवादियों की साजिश है।

पहलगाम हमले को लेकर कुछ लोग माहौल खराब करना चाहते हैं, ऐसे में हमें और समाज को होशियार रहने की जरूरत है। वहीं, मुस्लिम बुद्धजीवी कमाल फारुखी ने कहा कि इस्लाम किसी भी मजलूम और किसी भी मुसाफिर पर मारने की बात तो दूर, जुल्म करने की इजाजत नहीं देता। कश्मीर में जिस तरह से आतंकियों ने पर्यटकों को निशाना बनाया है, वो पूरी तरह से इस्लाम के खिलाफ है। धर्म का एंगल देकर आतंकियों ने देश के माहौल को बिगाड़ने की कोशिश की है। ऐसे में सरकार को आतंकियों को खिलाफ सख्त एक्शन लेने के साथ-साथ इस बात का भी ख्याल रखना चाहिए कि देश के वातावरण को कोई खराब न कर सके।

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी के शहरों में पार्किंग हो जाएगी महंगी

**लखनऊ।** यूपी सरकार अब शहरी पार्किंग व्यवस्था को हाईटेक और स्मार्ट बनाने जा रही है। सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर नगर विकास विभाग ने इसके लिए एक विस्तृत योजना तैयार की है। इस योजना के तहत प्रमुख शहरों में सभी पार्किंग स्थल अब डिजिटल टेक्नोलॉजी से लैस किए जाएंगे। पार्किंग स्पेस पर फास्टैग सिस्टम, ई-वाहनों के लिए चार्जिंग प्वाइंट, स्वचालित टिकट डिस्पेंसर, सीसीटीवी कैमरे, डिजिटल संकेतक, बूम बैरियर और हैंडहेल्ड पीओएस डिवाइस लगाए जाएंगे। इससे लोगों को बिना लाइन लगे पार्किंग में प्रवेश और निकास की सुविधा मिलेगी।

### शॉर्ट सर्किट से लगी आग में बुजुर्ग दंपति की मौत

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के तेजी बाजार क्षेत्र में बुधवार सुबह बिजली के शॉर्ट सर्किट से लगी आग में एक बुजुर्ग दंपति की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार क्षेत्र के बनगवां गांव निवासी साधु गौतम (73) छप्पर में 70 वर्षीय पत्नी शोभावती के साथ लेटे हुए थे कि पड़ोसी अमृत लाल के घर से निकली आग की लपटों साधु के छप्पर को चपेट में ले लिया। छप्पर में लेटे शोभावती और साधु गौतम आग की चपेट में आने से बुरी तरह झुलस गए। ग्रामीणों को द्वारा किसी तरह आग पर काबू पाया गया, लेकिन छप्पर में वृद्ध होने की वजह से पत्नी निकल नहीं पाई, बचाने की कोशिश में साधु बुरी तरह झुलस गए, परिजन साधु को जिला अस्पताल लेकर गए जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

### सीजीएचएस में शुरू होगी नई डिजिटल प्रणाली

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) में लाभार्थियों के लिए नई डिजिटल प्रणाली आरंभ हो रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने बुधवार को यहां बताया कि सीजीएचएस में स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली के शुभारंभ के साथ एक बड़े डिजिटल परिवर्तन का साक्षी बन रही है। सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ़ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (सी-डैक) का व्यापक डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म 28 अप्रैल से संचालित हो जाएगा। इसके लिए 26 अप्रैल को सीजीएचएस की डिजीटल प्रणाली बंद रहेगी।

## आतंकवादी चुनौती से निपटने को सर्वदलीय बैठक बुलाए सरकार: खड़गे

# पीएम मोदी जी आतंक का खात्मा कर दीजिए

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पहलगाम में हुई आतंकवादी हमले को कायराना कार्रवाई करार देते हुए इसकी कड़ी निंदा की और कहा कि सरकार को आतंकवाद से निपटने की रणनीति पर विचार करने के लिए सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए।

कांग्रेस अध्यक्ष ने बुधवार को यहां जारी एक वक्तव्य में पहलगाम आतंकवादी हमले पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए घटना पर गहरा क्षोभ व्यक्त करते हुए कहा कि यह देश पर सीधा हमला है और इसकी जिम्मेदारी पाकिस्तानी आतंकवादी संगठन ने ली है, जिसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाना चाहिए। खड़गे ने कहा कि सरकार से हम अपेक्षा करते हैं कि जब जरूरी कार्रवाई हो जाए और पूरी मालूमात हासिल हो गई हो तो, वह सभी राजनीतिक दलों को विश्वास में लेकर आतंकवाद की चुनौती से निपटने के बारे में चर्चा करेगी। उन्हें सर्वदलीय बैठक बुलाकर कुछ सलाह लेनी चाहिए। यह राजनीति नहीं है और हम इस स्थिति में राजनीति नहीं चाहते। कांग्रेस आतंकवाद को जड़ से समाप्त करने के लिए सरकार के साथ समन्वय, सहयोग और साझेदारी करने को प्रतिबद्ध है। हमने समय-समय पर आतंकवाद और अलगाववाद का डट कर मुकाबला किया है और इसके खिलाफ़ लड़ाई में हमारी शीर्ष नेतृत्व ने अपने जीवन की आहुति भी दी है। उन्होंने कहा कि कल दोपहर करीब 2.30 बजे, जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा निर्दोष पर्यटकों की हत्या से हमें गहरा दु:ख और सदमा पहुंचा है। कांग्रेस पार्टी कड़े से कड़े शब्दों में इस कायराना करवाई की निंदा करती है। यह हमला हमारे देश की एकता और अखंडता पर कायराना हमला है। वर्ष 2000 के छत्तीसिंह पुरा आतंकी हमले के बाद अब 25 साल बाद यह सबसे बड़ा हमला है, जो निर्दोष, निहत्थे नागरिकों को मारते हैं इंसान नहीं हो सकते। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मैंने कल देर रात गृहमंत्री अमित शाह, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुलाह और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष तथा अन्य वरिष्ठ नेताओ से बात की। ये समय कोई राजनीति करने का नहीं है, हमारे पर्यटक जो इस नरसंहार में मारे गए हैं, उनको न्याय दिलाने है। पहलगाम में अलग-अलग राज्यों के पर्यटक थे। कर्नाटक से भी मंजूनाथ राव अपनी पत्नी बच्चे के साथ वहां गए थे। उनकी इस घटना में मौत हो गई और भारत भूषण की भी इस दुघ्खद घटना में जान चली गई। मैंने पीड़ितों की शोकग्रस्त पत्नियों से बात की और उन्हें अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। कर्नाटक कैबिनेट ने हमारे श्रम मंत्री संतोष लाड को भी नियुक्त किया है, जो जम्मू- कश्मीर में पीड़ितों से मिल रहे हैं और वे कर्नाटक से आए लगभग 200 पर्यटकों से भी मिल रहे हैं और उनके लिए वापस आने की उड़ानों की व्यवस्था भी कर रहे हैं।



■ पहलगाम हमले का बदला लेने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे की मोदी सरकार से अपील

■ यह समय राजनीति करने का नहीं, न्याय दिलाने का है: कांग्रेस

### जम्मू-कश्मीर सरकार ने पहलगाम हमले के पीड़ितों के परिवारों को की सहायता राशि देने की घोषणा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर सरकार ने बुधवार को पहलगाम आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों के परिवारों को 10-10 लाख रुपये और गंभीर रूप से घायलों को दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। अनंतनाग जिले में सुप्रसिद्ध पहलगाम रिसॉर्ट के पास एक मैदान में मंगलवार को हुए आतंकवादी हमले में कम से कम 25 पर्यटक और एक स्थानीय व्यक्ति की मौत हो गई थी, जो हाल के वर्षों में इस तरह का सबसे जघन्य हमला है। कश्मीर में शोक की लहर है, श्रीनगर के कई अखबारों ने पीड़ितों के लिए न्याय की मांग करते हुए पहले पन्ने पर संपादकीय प्रकाशित किए हैं।

### घाटी से पर्यटकों का पलायन दिल दहला देने वाला: उमर अब्दुल्ला

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि पहलगाम में हुए घातक आतंकवादी हमले के बाद घाटी से पर्यटकों का पलायन करते देखना दिल दहला देने वाला है। गौरतलब है कि पहलगाम के पास सुंदर बैसरन घाटी में मंगलवार को हुए इस हमले में 27 लोग मारे गए हैं और कई अन्य घायल हुए हैं। इस घटना से पर्यटकों में व्यापक दहशत फैल गई है, जिनमें से कई अब जल्द से जल्द घर लौटना चाहते हैं। निकासी प्रयासों में सहायता के लिए एयर इंडिया और इंडिगो ने बाहर जाने वाली यात्राओं में वृद्धि को समायोजित करने के लिए चार अतिरिक्त उड़ानों के संचालन की घोषणा की है। उमर ने कहा कि नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) और नागरिक उड्डयन मंत्रालय अतिरिक्त उड़ानों का आयोजन करने के लिए काम कर रहे हैं, जबकि श्रीनगर और जम्मू के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग-44 को एक ही दिशा में यातायात के लिए फिर से शुरू कर दिया गया है। उमर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि कल पहलगाम में हुए दुखद आतंकवादी हमले के बाद हमारे मेहमानों का घाटी से पलायन देखना दुखद है।

# दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो: आरएसएस

नई दिल्ली, वार्ता

■ पहलगाम आतंकी हमले पर बोले प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर

पहलगाम आतंकी हमले पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने कहा कि कल जम्मू-कश्मीर में हुआ हमला बेहद निंदनीय है। सभी मतभेदों को भुलाकर एक साथ आना चाहिए, क्योंकि यह देश की एकता और अखंडता का मुद्दा है। उन्होंने कहा कि हमले के दोषियों के खिलाफ उचित और ठोस कार्रवाई की जानी चाहिए और उन्हें निश्चित रूप से दंडित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि उन्हें लगता है कि इस हमले के बाद सरकार इस दिशा में कदम उठा रही है।

उन्होंने कहा कि जिस तरह से एक-एक को पहचान कर मारा गया, यह बहुत ही ज्यादा गुस्सा दिलाने वाली बात है। जिस तरह से कट्टरपंथी इस्लामिक ताकतों ने षड्यंत्र किया है, जो निसहाय और निशस्त्र यात्री थे, उनके ऊपर हमला किया गया है। इसका सभी को निंदा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अपने सारे भेदभाव भूलकर सभी को एकसाथ आना चाहिए। सरकार को भी पीड़ितों की मदद करनी चाहिए और उनको न्याय मिलना चाहिए, लेकिन सही न्याय वह होगा, जो दोषी हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई हो।

### हमला कायरतापूर्ण और सभ्य समाज पर धब्बा: बीजेपी

**लखनऊ।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना हमले की उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र चौधरी ने कड़ी निंदा करते हुए इसे सभ्य समाज के लिए अत्यंत दुखद बताया है। उन्होंने कहा कि यह पहली बार है, जब आतंकियों ने नाम और धर्म पूछकर निर्दोष लोगों की हत्या की है। यह घटना न केवल अमानवीय है, बल्कि पूरी मानवता को शर्मसार करने वाली है। भूपेंद्र चौधरी ने मारे गए लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और कहा कि केंद्र सरकार इस घटना को हल्के में नहीं ले रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि हमारी सरकार इस नृशंस हत्याकांड में शामिल आतंकियों के खिलाफ ऐसी कार्वाम्र करेगी, जो एक नज़ीर बनेगी। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों और उनके आकाओं को जहां कहीं भी छिपे होंगे, उन्हें चुन-चुनकर सजा दी जाएगी।

## अर्थ व्यापार

# चीन पर आयात शुल्क में कमी के संकेत से चढ़ा शेयर बाजार

मुंबई, वार्ता



■ सेंसेक्स 80,116.49 अंक पर पहुंच गया

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के चीन से होने वाले आयात पर शुल्क (टैरिफ) में कमी किए जाने के संकेत से स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार लगातार सातवें कारोबारी सत्र में लंबी छलांग लगाकर बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 520.90 अंक अर्थात 0.65 प्रतिशत की तेजी के साथ करीब सत्रह सप्ताह के उच्चतम स्तर एवं 80 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 80,116.49 अंक पर पहुंच गया। इससे पहले 18 दिसंबर 2024 को यह 80,182.20 अंक पर रहा था। इसी तरह एनएसई का निफ्टी 161.70 अंक यानी 0.67 प्रतिशत की मजबूती के साथ 24328.95 अंक पर रहा। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.94 प्रतिशत की छलांग लगाकर 43,660.36 अंक और स्मॉलकैप 0.26 प्रतिशत चढ़कर 49,272.64 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4106 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2078 में लिवाली जबकि 1873 में बिकवाली हुई, वहीं 155 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2931 कंपनियों में से 1516 में तेजी जबकि 1340 में गिरावट रही वहीं 75 में टिकाव रहा। बाजार विश्लेषकों के अनुसार ट्रम्प ने संकेत दिया कि उनकी फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष को हटाने की कोई योजना नहीं है, जिससे मौद्रिक नीति की स्थिरता को लेकर बनी अनिश्चितता कम हुई। इसके साथ ही उन्होंने चीन पर लगाए गए टैरिफ को कम करने की संभावनाएं भी जताईं। इससे वैश्विक आर्थिक तनावों को कम करने की उम्मीद जगी और इससे बाजारों में तेजी देखने को मिली।

## फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेड्स एसोसिएशन ने पहलगाम हमले के विरोध में किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेड्स एसोसिएशन के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा और अध्यक्ष राकेश यादव के नेतृत्व में व्यापारियों ने बुधवार को सदर बाजार कुतुब रोड चौक पर काली पट्टी बांधकर जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकवादी हमले के विरोध में प्रदर्शन किया। आज सुबह दुकान खुलते ही सैकड़ों व्यापारी कुतुब रोड चौक पर इकट्ठा हो गए। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने बेगुनाह का खून बहाना बंद करो, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करो जैसे नारे लगाए। इस दौरान पम्मा और यादव ने कहा कि पाकिस्तान और आतंकवादी कश्मीर में दहशत का माहौल पैदा करना चाहते हैं।

# वनस्पति तेल, चना और दाल चना महंगी

नई दिल्ली, वार्ता



विदेशी बाजारों में तेजी जारी रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर मांग निकलने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में वनस्पति तेल, गुड़, चीनी, चना और दाल चना महंगी हो गई जबकि अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 37 रिंगिट बढ़कर 4145 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.25 सेंट की बढ़त लेकर 48.28 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में वनस्पति तेल में 1630 रुपये प्रति क्विंटल की उछाल को छोड़कर अन्य खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड और पाम ऑयल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में तेजी रही। इस दौरान चीनी 100 रुपये और गुड़ 150 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हो गया। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में चना और दाल चना में 100-100 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। इस दौरान मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन: चना 5850-5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9550-9650, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 8500-8600 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3450-3550 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

# अखिलेश ने दलितों के अपमान में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी : असीम अरुण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार में समाज कल्याण मंत्री और पूर्व आईपीएस अधिकारी असीम अरुण ने समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सपा प्रमुख ने सत्ता रहते दलितों का अपमान करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने अखिलेश को 'बांटने वाली राजनीति' का प्रतीक बताते हुए कहा कि ऐसी राजनीति की वजह से ही जनता ने उन्हें पूरी तरह नकार दिया और वे आज राजनीतिक हाशिए पर पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा कि सपा के ज्यादातर लोगों को निर्देश दिए गए हैं कि दूध में नींबू डालने का काम करो, यानी समाज को बांटो और जहर घोलो। लेकिन अब उत्तर प्रदेश की जनता जागरूक है। असीम अरुण ने कहा कि समाजवादी पार्टी का दलित प्रेम सत्ता से बाहर होने के बाद ही जागा है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब अखिलेश यादव मुख्यमंत्री थे, तब उन्होंने दलित महापुरुषों के नाम पर बने जिलों और संस्थानों के नाम बदल दिए। भीम नगर, महामाया नगर, ज्योतिबा फुले, संत रविदास, यहां तक कि भगवान बुद्ध की माता महामाया जी के नाम पर कलम चला दी। क्या यह सम्मान है। नहीं, यह सामा. जिक चेतना का अपमान है। पूर्व आईपीएस अधिकारी होने के नाते असीम अरुण ने पुलिस पोस्टिंग को लेकर भी बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि सपा शासन में अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के अधिकारियों को नियम के बावजूद थानों और तहसीलों में पोस्टिंग नहीं दी जाती थी। उन्होंने कहा कि जब उनके हाथ में पावर थी, तब दलितों के हक मारे गए। लेकिन आज पोस्टिंग काबिलियत के आधार पर हो रही है। जो निकम्मे हैं उन पर कार्रवाई हो रही है और जो मेहनती हैं, उन्हें प्रशिक्षण और संसाधन मिल रहा है। मंत्री असीम अरुण ने कहा कि उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में छात्रवृत्ति वितरण के क्षेत्र में ऐतिहासिक काम हुआ है।

# यूपी में 51 डीलरों व 28 सहायक संभागीय परिवहन अधिकारियों को नोटिस जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में वाहन पंजीकरण व्यवस्था को समयबद्ध, पारदर्शी और नागरिकों के अनुकूल बनाए रखने के लिए परिवहन विभाग द्वारा डीलर प्वाइंट पंजीकरण प्रणाली की नियमित समीक्षा की जा रही है।

जनवरी से मार्च 2025 के मध्य वाहन 4-0 पोर्टल पर दर्ज डाटा के विश्लेषण से निर्धारित प्रक्रिया का पालन न करने वालों पर कार्रवाई की गई। जांच में पता चला कि कई डीलरों द्वारा बिना पंजीकरण वाहन स्वामियों को वाहन सुपुर्द किए गए, आवश्यक दस्तावेज अपूर्ण या अपठनीय रूप में पोर्टल पर अपलोड किए गए और विभागीय निर्देशों की अनदेखी की गई। इसके अतिरिक्त एआरटीओ कार्यालय स्तर पर फाइलों की उचित निगरानी नहीं की गई, जिसके कारण पंजीकरण फाइलें लंबित रहीं। इन लापरवाहियों के आधार पर प्रदेश के 51 डीलरों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं, जिनमें राजधानी लखनऊ का एक प्रमुख डीलर भी शामिल है। सभी डीलरों से 14 दिवस के भीतर स्पष्ट व संतोषजनक उत्तर प्रस्तुत करने को कहा गया है अन्यथा उनके ट्रेड सर्टिफिकेट के निल. 'बन अथवा निरस्तीकरण की विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। इन प्रकरणों में संबंधित जिलों के परिवहन कार्यालयों की प्रशासनिक उदासीनता भी उजागर हुई है। कई स्थानों पर एआरटीओ स्तर पर पंजीकरण फाइलों की लंबितता, त्रुटिपूर्ण फाइलों की स्वीकृति अथवा अनुपालन की समीक्षा न करना सामने आया है। इस कारणवश विभाग द्वारा 28 सहायक संभागीय परिवहन अधिकारियों को भी कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। परिवहन आयुक्त ब्रजेश नारायण सिंह ने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप विभाग का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को समयबद्ध और निर्बाध सेवा देना है। किसी भी स्तर पर लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा और दोषी व्यक्तियों अथवा संस्थाओं के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।ह परिवहन आयुक्त ने स्पष्ट किया कि वाहन पंजीकरण से संबंधित सेवाएं आम नागरिकों से सीधे जुड़ी हैं।

### उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड की 14,000 करोड़ की 17 बड़ी परियोजनाओं की समीक्षा

**नई दिल्ली।** उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव अमरदीप भाटिया की अध्यक्षता में यहां वरिष्ठ अधिकारियों की एक बैठक में उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और उत्तराखंड राज्यों में अवसंरचना विकास की 17 वृहद परियोजनाओं की समीक्षा की गई। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इन परियोजाओं की कुल अनुमानित लागत 14,096 करोड़ रुपये है। इनकी समीक्षा के लिए परियोजना निगरानी समूह (पीएमजी) के तत्वावधान में आयोजित बैठक में केंद्रीय मंत्रालयों, राज्य सरकारों और परियोजना समर्थकों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में इन परियोजनाओं से जुड़े 19 मुद्दों की समीक्षा की गई और अंतर-मंत्रालई और अंतर-राज्य समन्वय को बढ़ाकर इनके कार्यान्वयन की चुनौतियों के त्वरित समाधान पर चर्चा की गई।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैराअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

समाचार विशेष

## सड़क किनारे मिली अधेड़ की लाश, हत्या की आशंका

**गोंडा।** जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत कोल्हमपुर चौकी अंतर्गत नरायनपुर गांव के बाहर सड़क किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में एक 40 वर्षीय युवक की लाश मिली है। सूचना मिलने पर पंहुची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच-पड़ताल में जुट गई है। युवक की पहचान हनुमान (40) पुत्र नीबर निवासी निरिया काजीपुर थाना नवाबगंज के रूप में हुई है। नरायनपुर गांव के बाहर खडौंवा-नरायनपुर संपर्क मार्ग के किनारे सुबह करीब 07 बजे हनुमान का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला जिसकी सूचना गांव वालों ने पुलिस को दी। मौके पर पंहुचे थाना अध्यक्ष अभय सिंह ने मृतक की सूचना उसके परिजनों को दी। मृतक के छोटे भाई फूलचंद ने बताया कि मृतक मंगलवार की शाम को नरायनपुर गांव में श्रवन पुत्र सोमई के यहां आयोजित श्रीमद्भागवत कथा सुनने के लिए गया था लेकिन रात में घर वापस नहीं लौटा। सुबह करीब 07 बजे पुलिस ने सूचना दी की उसके भाई की लाश सड़क किनारे पड़ी मिली है। थाना अध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों की फौती सूचना के आधार पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

## मुख्यमंत्री योगी ने पहलगाम हमले में मारे गए शुभम द्विवेदी को दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ/कानपुर।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले में कानपुर निवासी शुभम द्विवेदी की मौत से पूरे उत्तर प्रदेश में शोक की लहर दौड़ गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस दु:खद घटना पर गहरा शोक जताया है और मृतक के पिता संजय द्विवेदी से बात कर संवेदनाएं व्यक्त की हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि, ष्यह हमला न केवल एक युवक की हत्या है, बल्कि एक नवविवाहित परिवार के सपनों को भी तोड़ने वाली क्रूरता है। उत्तर प्रदेश सरकार इस दु:ख की घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ पूरी प्रतिबद्धता के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री योगी ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि शुभम द्विवेदी के पार्थिव शरीर को पूरे राजकीय सम्मान के साथ कानपुर लाया जाए। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोक संतप्त परिवार को यह अपूरणीय क्षति सहन करने की शक्ति प्रदान करें। शुभम द्विवेदी की शादी अभी दो माह पूर्व ही 12 फरवरी को हुई थी। वे अपनी पत्नी के साथ कश्मीर घूमने गए थे। मंगलवार को जब वे पहलगाम में थे, तभी आतंकियों ने उनकी पत्नी के सामने ही गोली मार दी। इस अमानवीय हमले से पूरा परिवार सदमे में है।

## सांप के डसने से महिला की मौत

**सीतापुर (सकरन)।** ग्राम प्यारापुर में मंगलवार को खेत में गेहूं काट रहीं 60 वर्षीय मायादेवी को सांप ने डस लिया। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## अवैध असलहे के साथ एक गिरफ्तार

**सीतापुर (बिसवां)।** कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छापा मारकर ग्राम केसरा (मछरेहटा) निवासी बबलू पुत्र मुस्तफा को गिरफ्तार किया। उसके पास से एक तमंचा व कारतूस बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट में केस दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस के अनुसार बबलू शातिर अपराधी है।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।
सम्पादक:
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
☎ 0522-4041004
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# बिहार में भाजपा को मिलेगी सबसे बड़ी जीत: केशव

शाह टाइम्स ब्यूरो

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने मंगलवार को दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को दिल्ली से बड़ी विजय बिहार में मिलेगी। श्री मौर्या ने शहर के देवकाली बाईपास स्थित एक रिसोर्ट में भाजपा द्वारा आयोजित डा- भीमराव अम्बेडकर सम्मान सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि दिल्ली में भाजपा को जो जीत हासिल हुई है,उससे कई गुना बड़ी जीत बिहार में मिलने जा रही है। उन्होंने कहा कि हमारी राजनीति धोखे, भ्रष्टाचार की नहीं है बल्कि सबका साथ, सबका विकास की है।



उन्होंने वक्फ संशोधन बिल पास होने पर कहा कि तुष्टीकरण की राजनीति के तहत कुछ दल इसका पूरे देश में विरोध करने की कोशिश कर रहे हैं जबकि वक्फ संशोधन बिल 90 प्रतिशत मुसलमानों के पक्ष में है। कांग्रेस व सपा का वोट बैंक खत्म होने वाला है। भाजपा एक जन जागरूकता अभियान को लेकर हर मण्डल तक जाने वाली है। भाजपा का कार्यकर्ता मुसलमानों को वक्फ संशोधन बिल को समझाने के बारे में सफल हो गया तो समाजवादी पार्टी और कांग्रेस को मुस्लिम बाहुल्य बूथों पर एजेंट खोजने पड़ेंगे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा का मुस्लिम बाहुल्य बूथों पर कमल नहीं खिला है इस पर बहुत बड़ा अभियान है। इस देश के गरीब मुसलमानों को यह बात समझायेंगे। अगर हम उनको यह समझाने में कामयाब होंगे तो मुस्लिम बूथों की ईवीएम मशीन भी कमल के फूल से लबालब होगी। अगर बिल का ठीक तरीके से प्रचार किया तो निश्चित तौर पर समाजवादी पार्टी समाप्त पार्टी बनेगी। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में टीएमसी जायेगी, दिल्ली से बड़ी विजय बिहार में मिलेगी, भ्रष्टाचार समाप्त कर सबका साथ, सबका विकास भाजपा करेगी। उन्होंने कहा कि आजादी मिलने के बाद सरदार पटेल ने सोमनाथ मंदिर का काम किया। अगर कांग्रेस के मन में हिन्दू विरोध नहीं होता तो तुष्टीकरण नहीं होता। जब सोमनाथ का मंदिर बना था उसी समय श्रीरामजन्मभूमि पर मंदिर बन जाता लेकिन उन्होंने मंदिर नहीं बनाया। कैसे विवाद बना रहे व मुस्लिम वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल होता रहे इस प्रकार की साजिश करते हैं, लेकिन आज रामलला का भव्य मंदिर बनकर तैयार है। श्री मौर्य ने कहा कि जिसने भारत को विश्व का सबसे बेहतरीन संविधान देने का काम किया उस बाबा साहब को भारत रत्न के लिये 1990 तक भाजपा के समर्थन वाली सरकार का इंतजार करना पड़ा। नेहरू, इंदिरा व राजीव के नाम से अनेक योजनायें होंगी लेकिन कांग्रेस की सरकार ने बाबा साहब के नाम से एक भी योजना नहीं बनी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बहुमत की सरकार आयी तो बाबा साहब से जुड़े पांच स्थानों को भाजपा की सरकार ने पंचतीर्थ के रूप में विकसित करने का कार्य किया। बाबा साहब की शिक्षा भूमि लंदन में तीर्थ विकसित करने का कार्य किया है। बाबा साहब महिलाओं की सभी क्षेत्रों में भागीदारी चाहते थे। कांग्रेस की राजीव सरकार ने शाहबानो प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट के फैसले को बदल दिया। कांग्रेस ने गरीबी हटाओ का नारा दिया, लेकिन कभी गरीबी नहीं हटी। वहीं मोदी सरकार के दस साल के कार्यकाल में पच्चीस करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आ गए। इसके बाद उपमुख्यमंत्री ने सर्किट हाउस में अधिकारियों के साथ विभागीय बैठक की। इस अवसर पर भाजपा के महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, नगर निगम के अयोध्या महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, महामंत्री शैलेन्द्र कोरी, तिलकराम मौर्या, डा- राकेशमणि त्रिपाठी, परमानन्द मिश्र, अमल गुप्ता, सूरज सोनकर, काशीराम रावत सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## 7500 समूहों को रेशम उत्पादन से जोड़ेगी योगी सरकार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के जरिए वित्तीय वर्ष 2025-26 की वार्षिक कार्ययोजना में 7,500 समूह सदस्यों को रेशम उत्पादन से जोड़ने का लक्ष्य रखा है। अधिकृत सूत्रों ने बुधवार को बताया कि रेशम उत्पादन को बढ़ाने के लिए सरकार ने इस वित्तीय वर्ष में 15 जनपदों में सघन रूप से कार्यान्वयन सुनिश्चित करने की रणनीति बनाई है। इन जनपदों में प्रशिक्षण, आधुनिक तकनीक और वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी, ताकि रेशम किसानों और उत्पादकों को वैश्विक बाजार के लिए प्रतिस्पर्धी बनाया जा सके। योगी सरकार का यह प्रयास पारंपरिक उद्योग को नई तकनीक और नवाचार के साथ जोड़ने का प्रयास है, जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देगा। रेशम उत्पादन में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन एवं रेशम विभाग के बीच पहले ही एमओयू साइन किया जा चुका है। इस समझौते के तहत अगले पांच वर्षों में 5000 महिला समूहों की 50,000 सदस्यों को रेशम उत्पादन एवं उद्योग से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस योजना को ग्रामीण युवाओं और महिलाओं को सशक्त करने के लिए प्राथमिकता दी है। रेशम उत्पादन से जुड़े समूहों को बीज, उपकरण और मार्केलटग सहायता प्रदान की जाएगी, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी। यह कदम ओडीओपी (एक जिला, एक उत्पाद) योजना के तहत भी रेशम उत्पादन को बढ़ावा देने में सहायक होगा।

# सपा ने पुलिस पोस्टिंग के आंकड़े जारी किए तो सरकार ने वेबसाइट ही बंद कर दी: अखिलेश

शाह टाइम्स संवाददाता

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दोहराया कि भाजपा सरकार में पुलिस थानों में पोस्टिंग में भेदभाव होता है और ज्यादातर थानों में एक ही जाति के लोगों की पोस्टिंग है। श्री यादव ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उन्होने थानों, पुलिस स्टेशनों की पोस्टिंग के आंकड़े सरकार की वेबसाइट से निकाल कर जारी किए है। जब से समाजवादी पार्टी ने आंकड़े उजागर किए है सरकार ने वेबसाइट बंद कर दी और अब थानों के साथ पूरे जिले के पुलिस लाइन के आंकड़ों को मेनुपुलेट कर एक अधिकारी को सफाई देने के लिए आगे कर दिया है।



उन्होने कहा कि भाजपा सरकार पीडीए विरोधी है। उन्होंने चित्रकूट महोबा, प्रयागराज, आगरा, मैनपुरी जिलों का उदाहरण देते हुए कहा कि ज्यादातर थानों में एक ही जाति के लोगों की पोस्टिंग है। 90 फीसदी पीडीए की उपेक्षा हो रही है। उसके साथ भेदभाव हो रहा है। उन्होने जब से पुलिसकर्मियों की पोस्टिंग के आंकड़े सरकार की वेबसाइट से निकाल कर सार्वजनिक किए तो सरकार ने वह वेबसाइट ही बंद कर दी। उन्होने कहा कि सफाई अधिकारी को नहीं बल्कि खुद मुख्यमंत्री को देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार की जीरो पावर्टी योजना एक शिगूफा है। सरकार दावा करती है कि प्रदेश में 15 करोड़ लोगों को और देश में 80 करोड़ लोगों को राशन दे रही है। इसका मतलब है ये सब गरीब है। सरकार बताए कि इनकी पर कैपिटा इनकम क्या है। दरअसल मुख्यमंत्री को कुछ पता नहीं है। किसी अधिकारी ने उन्हें एक शब्द दे दिया जीरो पावर्टी और उन्होंने बोलना शुरू कर दिया। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार में दलित समाज पर बड़े पैमाने पर अत्याचार हो रहा है। प्रदेश में हर दिन बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमाएं खंडित और अपमानित की जा रही है। प्रभुत्ववादी लोग बाबा साहब का संविधान और बाबा साहब की लोकप्रियता स्वीकार नहीं कर पा रहे है। भ्रष्टाचार के सारे रिकार्ड भाजपा सरकार ने तोड़ दिए है। मुख्यमंत्री का एक करीबी अधिकारीभ्रष्टाचार के मामले को लेकर अंडरग्राउण्ड है। सबको खोज लेने वाली सरकार उसे नहीं खोज पा रही है। प्रदेश मुख्यालय में समाजवादी युवजन सभा की राष्ट्रीय एवं प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक के बाद आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में श्री यादव ने कहा कि सरकार बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, अन्याय, अत्याचार और अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए वक्फ कानून लेकर आयी है। इस कानून के जरिए भाजपा सरकार जमीन छीनना चाहती है।

भाजपा की नजर अब जमीनों पर है। यह भूमाफिया पार्टी है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी वक्फ कानून के खिलाफ है। विरोध में वोट दिया था। श्री यादव ने दावा किया कि आज उत्तर प्रदेश में जितने बिजली के कारखाने बन रहे है सब समाजवादी सरकार में शुरू हुए है। चाहे कानपुर का प्लांट हो या एटा का हो। ये सब प्रोजेक्ट समाजवादी सरकार में शुरू हुए थे। प्रधानमंत्री जी मेट्रो से लेकर जिन संयंत्रो का उद्घाटन करने आ रहे, वह सब समाजवादी पार्टी की सरकार की देन है। भाजपा सरकार लखनऊ की मेट्रो को एक इंच आगे नहीं बढ़ा पायी। वाराणसी में तो मेट्रो कार्य ही नहीं शुरू कराया। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार की कोई उपलब्धि नहीं है। यह समाज में नफरत फैलाकर दंगे कराकर राजनीतिक लाभ लेना चाहती है। अखिलेश यादव ने समाजवादी युवजन सभा की तारीफ करते हुए कहा कि युजनसभा समाजवादी पार्टी की धड़कन है।

# पहलगाम हमले पर हिंदू संगठनों ने प्रदर्शन कर पाकिस्तान का झंडा फूंका



■ पीएम से की छब्बीस के बदले दो सौ साठ को मारने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**गोंडा।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी घटना को लेकर बुधवार को जिले के सभी हिंदूवादी संगठनो के कार्यकर्ताओं ने शहर में आतंकियों और पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया।इस दौरान सड़क पर पाकिस्तान का राष्ट्रीय झंडा घसीटते हुए शहर के एलबीएस चौराहे पर उसे जलाया। हिंदू संगठनो ने पहलगाम में आतंकियों द्वारा किए गए कृत्य को कायरतापूर्ण कार्य बताया।

## आंख के बदले आंख खून के बदले खून चाहिए: गुड्डू

**जम्मू कश्मीर** के पहलगाम में पर्यटन हेतु गए हिंदू परिवारों की महिलाओं, बच्चों व पुरुषों का उनका धर्म पूछते हुए आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलियां चलाकर मार डाला था। जिसके विरोध में केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति, भरत मिलाप समिति, विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल सहित हिंदू संगठनों के आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने यह प्रदर्शन किया। जिसमें बुधवार दोपहर में हिंदू संगठनों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता विहिप नेता व केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति के महामंत्री राकेश वर्मा गुड्डू के नेतृत्व में रामलीला मैदान पर एकत्र हुए और यही से पाकिस्तान के राष्ट्रीय ध्वज को जमीन पर घसीटते हुए हाथों में भगवा ध्वज लिए निरीह हिंदुओं की हत्या बंद करो, हिंदुओं की हत्या करने वालों को फांसी दो फांसी दो, 'जिहादी आतंकवाद का समूल नाश करो' 'पाकिस्तान मुर्दाबाद', 'जिहादी आतंकवाद मुर्दाबाद' जैसे उद्घोष लगाते हुए डिग्री कक्लेज पर पहुंचे और वहां पाकिस्तान के राष्ट्रीय झंडे को जलाकर अपना आक्रोश व्यक्त किया। इस दौरान विहिप नेता राकेश वर्मा उर्फ गुड्डू ने कहा कि, पाकिस्तान परस्त जिहादी आतंकवादियों ने इस बार मेरी हिंदुओं का कि उनका धर्म पूछ कर हत्या करके अपने ताबूत में स्वयं अंतिम अंतिम कील ठोक ली है, उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि हमको आंख के बदले आंख और खून के बदले खून चाहिए जब तक मेरी छब्बीस हिंदुओं की हत्याओं के बदले दो सौ साठ आतंकियों को जबतक कफ़न नहीं पहनाया जाएगा तब तक भारत के लोगों के कलेजे को ठंडक नहीं पहुंचेगी। उन्होंने आगे कहा कि अब समय आ गया है कि इजरायल के तरीके से आतंकवादियों से निपट कर इनका समूल नाश किया जाए व पाकिस्तान जो कि आतंकवादियों का सबसे बड़ा संरक्षण दाता है उसको भी अब संसार के नक्शे से मिटाने का समय आ गया है। प्रदर्शन में बाबा रामस्वरूप दास, भरत गिरि, रजत सोनी, बबलू वर्मा, शशांक श्रीवास्तव, अतुल श्रीवास्तव, कमल बाबा, सोनू सोनकर, ब्रह्म दत्त, शिव प्रकाश मौर्य, बिरजू कुमार, आनंद वर्मा, ऋतिक श्रीवास्तव, रवि कश्यप, नीरज वर्मा, दीपेंद्र गौतम, शिवकुमार गोड, लालू गौतम, चिंटू कश्यप, मुकेश गौतम, अनिल बजरंगी, विपिन शुक्ला, श्याम जी मिश्रा, धर्मेंद्र सिंह, टिंकू गुप्ता, दिनेश प्रजापति, प्रिंस कुमार, संतोष साहू आदि शामिल रह।

## बाराबंकी में आग में झुलस कर महिला और दो बच्चों की मौत

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश में बाराबंकी के मसौली जिले में मंगलवार शाम खाना बनाते समय छोटे सिलेंडर में आग के बाद हुए विस्फोट की चपेट मे आने से महिला व उसके दो बच्चों की मौत हो गई, वहीं पति व एक मासूम को गंभीर दशा में लखनऊ रेफर किया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि क्षेत्र के ग्राम पूरे जबर में राजमल विश्वकर्मा (38) पत्नी लपकी (35) और अपने तीन बच्चों शिवानी (4), ओमकार (ढाई वर्ष) व दिपाली (आठ माह) के साथ रहता है।

मंगलवार की शाम करीब साढ़े पांच बजे लपकी छोटे गैस सिलेंडर पर घर के अंदर खाना बना रही थी। उसने अपनी गोद में आठ माह की दिपाली को ले रखा था, वहीं पास में ही शिवानी अपने भाई ओमकार के साथ खेल रही थी। इसी दौरान सिलेंडर में गैस रिसाव से आग लग गई। आग की चपेट में आई लपकी चीखने चिल्लाने लगी। शोर सुनकर घर के बाहर मौजूद पति राजमल अंदर भागा और पत्नी व बच्चों को बचाने का प्रयास करने लगा लेकिन इसी दौरान सिलेंडर में विस्फोट हो गया और छप्पर जल कर नीचे गिर गया। इस हादसे में लपकी, दिपाली व शिवानी की आग में जलकर मौत हो गई। वहीं राजमल व घर में खेल रहा ओमकार भी गंभीर रूप से झुलस गया लेकिन राजमल ओमकार को लेकर बाहर आ गया। ग्रामीण व फायर बिग्रेड के प्रयास से काफी मशक्कत के बाद आग बुझी तो महिला व उसके दोनों बच्चों जले हुए शव मिले। झुलसे ओमकार व राजमल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों को गंभीर अवस्था देखते हुए डॉक्टरों ने लखनऊ रेफर किया है।

## बच्चे अब पर्यावरण के रक्षक बनकर देंगे हरियाली का संदेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** पृथ्वी दिवस 2025 की गतिविधियों ने उत्तर प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण के प्रति एक नई दिशा स्थापित की। योगी सरकार की पहल से बच्चों ने अपनी सक्रिय भागीदारी दिखाई और पर्यावरण को लेकर एक जिम्मेदार और जागरूक दृष्टिकोण अपनाया। क्यूआर कोड के माध्यम से पेड़ों को डिजिटल रूप से टैग किया गया, जिससे उनकी पहचान और उपयोगिता से जुड़ी जानकारी जन-जन तक पहुंची।

यह कदम न केवल तकनीक के माध्यम से पेड़ों और पौधों की जानकारी देने का था, बल्कि इसके जरिए बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझा और उसे लागू किया। पृथ्वी दिवस पर उत्तर प्रदेश में पर्यावरणीय जागरूकता की एक नई लहर उठी है। योगी सरकार ने इसे सिर्फ एक दिन की घटना नहीं बल्कि एक निरंतर चलने वाले अभियान में बदल दिया है, जिससे आने वाले समय में हमारे पर्यावरण को संरक्षित किया जा सकेगा। योगी सरकार ने इस पहल को सफल बनाने के लिए राज्यभर में व्हाट्सएप समूह की मदद से रियल-टाइम निगरानी की। विद्यालयों और स्थानीय निकायों के बीच समन्वय बढ़ाने के लिए यह कदम उठाया गया। यह सुनिश्चित किया गया कि पर्यावरणीय गतिविधियां पूरी तरह से प्रभावी और सही तरीके से लागू हों। जिलों, ब्लॉकों और स्कूलों के बीच बेहतर संवाद और जानकारी साझा करने से इस मुहिम को और गति मिली। अब विद्यालयों में क्यूआर कोड के जरिए पेड़ों की पहचान के साथ-साथ वृक्षारोपण, पोस्टर निर्माण और नारा लेखन जैसी गतिविधियां भी नियमित रूप से की जा रही हैं। स्कूलों में आयोजित संवाद सत्रों में बच्चे जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण सुरक्षा, और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण पर खुलकर चर्चा करते हैं। इसके अलावा, अभिभावकों और समुदाय के सदस्य भी इन गतिविधियों का हिस्सा बने, जिससे बच्चों के प्रयासों को और अधिक प्रोत्साहन मिला। मिशन लाइफ के अंतर्गत, योगी सरकार ने बच्चों को पर्यावरण प्रहरी के रूप में तैयार किया। यह पहल न केवल बच्चों को पर्यावरणीय जिम्मेदारी सौंपने का एक प्रभावी तरीका साबित हुई, बल्कि इसने उन्हें जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। अब, हर बच्चा पर्यावरण के प्रति अपनी भूमिका को समझते हुए दूसरों को भी इसके महत्व के बारे में जानकारी दे रहा है। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि पृथ्वी दिवस केवल एक दिन नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण का सतत संकल्प है। योगी सरकार इसे एक अभियान के रूप में आगे बढ़ा रही है।

## प्रदेश में सब्जी फसल उत्पादन की उन्नत तकनीक से बढ़ी किसानों की आय

शाह टाइम्स संवाददाता

**अमेठी।** विश्व पटल पर भारत दूसरा सबसे बड़ा सब्जी फसल उत्पादक देश है। विश्व की सकल सब्जी उत्पादन का भारी मात्रा में उत्पादन भारत में किया जाता है। वर्तमान में भारत 90 लाख हेक्टेयर से अधिक भूमि पर 18 से 20 टन प्रति हेक्टेयर उत्पादकता की दर के साथ 192 मिलियन टन से अधिक सब्जी का उत्पादन करता है। कुपोषण तथा अल्पपोषण हमारी बहुत सी आबादी के कमजोर स्वास्थ्य का एक महत्वपूर्ण कारण है।

हमारे भोजन को पौष्टिक एवं संतुलित बनाने में सब्जियों का प्रमुख स्थान है। सब्जियों से पोषक तत्व के रूप में विटामिन, खनिज लवण, कार्बोहाड्रेट तथा अच्छे किस्म की प्रोटीन प्राप्त होती है। आहार विज्ञानियों के अनुसार एक व्यक्ति को प्रतिदिन 300 ग्राम सब्जियों (125 ग्राम हरी पत्तेदार सब्जी, 100 ग्राम जड़ वाली सब्जी तथा 75 ग्राम अन्य प्रकार सब्जियों) अपने भोजन की पौष्टिक व संतुलित करने के लिए उपभोग करनी चाहिए।देश में उत्तर प्रदेश सब्जी उत्पादन के मामले में शीर्ष पर है। उत्तर प्रदेश में मुख्य रूप से मटर, मिर्च, भिण्डी, टमाटर, बैंगन, फूलगोभी, पत्ता गोभी, पालक, मूली, गाजर, लौकी, करेला, खरबूज, तरबूज, कुम्हड़ा, पेठा कद्दू, नेनुआ, नसदार तोरई, कुदंरू एवं परवल आदि की खेती की जाती है। प्रदेश सरकार द्वारा दी गई सुविधा से विगत वर्षों में छोटे एवं मझोले किसानों का रुझान सब्जी उत्पादन में काफी बढ़ा है उन्हें प्रति इकाई क्षेत्रफल में उत्पादन व लाभ अधिक मिलता है। उत्पादन एवं उत्पादकता को बढ़ाने के लिए उत्ख्रष्ट किस्मों का उपयोग, नवीनतम उत्पादन तकनीक का उपयोग, असिंचित दशा में सब्जी उत्पादन, गृहवाटिका में सब्जी उत्पादन, संरक्षित खेती एवं तुड़ाई के उपरान्त संरक्षित खेती एवं पोस्ट हार्वेस्ट मैनेजमेन्ट के प्रयोग से प्रदेश के किसानों की सब्जियों में क्षति कम हुई है।

प्रदेश के किसान सब्जी उत्पादन से अपनी आय में वृद्धि कर रहे हैं। मण्डियों में किसानों को अच्छा मूल्य मिल रहा है।नवीनतम प्रजातियों का उपयोग वैज्ञानिक द्वारा पौधशाला प्रबन्धन, उत्पादन, तकनीक, रोग एवं कीट प्रबन्धन के द्वारा सब्जी उत्पादन को बढ़ाया जा रहा है। स्वस्थ पौध तैयार कर रोपण करने से सब्जी फसल की अच्छी पैदावार हो रही है।अधिकांश सब्जी फसलों को पौध रोपण के माध्यम से उगाया जाता है। सीधे बोयी जाने वाली सब्जियों जैसे कद्दूवर्गीय फसलों की भी पौध तैयार कर उत्पादन किया जा रहा है। बीज की अधिक मात्रा लगने के कारण सीधे खेत में बोयी जाने वाली सब्जियों की उत्पादन लागत बढ़ जाती है। इसके अलावा असमय अंकुरण एवं फलत में देरी भी होती है। जबकि पौध तैयार कर खेती करने से आर्थिक लाभ अधिक होता है तथा देखभाल में भी आसानी होती है। बीज की बुवाई से 24 घण्टे पहले बीज को पानी में भिगोते है तत्पश्चात बुवाई करते हैं। रोपण हेतु 20-25 दिन में पौध तैयार हो जाती है। रोपण के 2-3 दिन पूर्व पौध को धूप में रखते हैं, जिससे पौधों में कठोरता आ जाती है।सब्जी फसलों की सिंचाई में ड्रिप एवं स्प्रिंकलर को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। माइक्रोइरीगेशन सिंचाई प)ति (ड्रिप एवं स्प्रिंकलर) का प्रयोग कर सब्जी उत्पादन पर होने वाले व्यय को कम किया जा सकता है. इस विधि में पौधों की जड़ों में बूंद बूंद पानी मिलता है, जिससे आवश्यकतानुसार पौधों को पानी की पूर्ति होती है, जिससे उत्पादन गुणवत्तायुक्त प्राप्त होता है। जरूरत पड़ने पर घुलनशील पोषक तत्व और रसायनिक खाद भी पानी में घोलकर पौधों की जड़ों तक पहुंचायी जा सकती है। इस विधि से 30-60 प्रतिशत पानी की बचत के साथ ही साथ उपज में वृद्धि तथा गुणवत्ता में सुधार भी होता है साथ ही खरपतवार का भी नियंत्रण होता है।खेतों में बुवाई के तुरन्त बाद पौधों के जड़ क्षेत्रों की भूमि सतह को कार्बनिक पदार्थ या प्लास्टिक सीट से ढक दिया जाता है।

## कनोसी खेड़ा में भीषण आग से 65 झोपड़ियां खाक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** कानपुर रोड स्थित कनोसी खेड़ा इलाके में मंगलवार देर रात्रि अफरा-तफरी मच गई जब झोपड़ियों के एक बड़े समूह में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और करीब 65 झोपड़ियां जलकर पूरी तरह राख हो गईं। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि दो किलोमीटर दूर से भी दिखाई दे रही थीं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रुक-रुककर सिलेंडर फटने की तेज आवाजें सुनाई देती रहीं, जिससे आस-पास के इलाके में दहशत का माहौल बन गया। कई लोग अपने जरूरी सामान को बचाने की कोशिश में झुलसने से बाल-बाल बचे। दमकल विभाग की लगभग एक दर्जन गाडियां और स्थानीय पुलिस तथा प्रशासनिक अमले के सहयोग से लगभग छह घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि, तब तक अधिकांश झोपड़ियां और उनमें रखा घरेलू सामान जलकर नष्ट हो चुका था। घटना के बाद स्थानीय प्रशासन ने प्रभावित परिवारों को अस्थायी शिविरों में स्थानांतरित किया और उन्हें राहत सामग्री मुहैया कराई। नगर निगम, अग्निशमन विभाग और पुलिस ने संयुक्त रूप से इस दौरान राहत और बचाव अभियान चलाया। प्रशासन ने फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच के आदेश दिए हैं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, किसी झोपड़ी में गैस सिलेंडर लीक होने से आग भड़कने की आशंका जताई जा रही है।

उत्तर रेलवे
खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **22.05.2025** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 04202025 दिनांक 22.04.2025 |
| 2 | निविदा संख्या | 06-Sr.DEN-IV-LKO/2025-26 |
| 3 | कार्य का नाम : | वरि0 मण्डल इंजीनियर-चतुर्थ-लखनऊ के अधिकार क्षेत्र में जफराबाद-सुलतानपुर-उतरेटिया सेक्शन में समपार सं. 10C, 18/C, 20/C, 22/C, 25/C, 28/C, 37/C, 38/C, 40/C, 43/C, 44/C, 45/C, 49/C, 53/C, 56/C, 57/C, 60/C, 61/C, 62/C, 63/C, 67/C, 87/C, 91/C, 110/C, 111/C, 112/C, 113/C, 114/C, 122/C, 126/C, 130/C, 132/C, 134/C, 137/C, 155/C, 160/C, 164/C, 169/A, 177/C व 180/C और अयोध्या कैंट-प्रयागराज सेक्शन में समपार सं. 2/C, 5/C, 7/C, 21/C व 36/C (कुल= 45 न.) बने एल0एच0एस0 से जल निकासी का कार्य। |
| 4 | अनुमानित लागत | Rs. 5663165.00 |
| 5 | धरोहर राशि | Rs. 113300.00 |
| 6 | कार्य की समाप्त अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से पाँच माह |
| 7 | निविदा बंद का प्रारम्भ | 08.05.2025 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 22.05.2025 at 15:00 hrs. |
| 9 | वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोट :- निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उपरोक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है। 1202/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी की संचालन अवधि में वृद्धि
सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि उत्तर रेलवे द्वारा रेलगाड़ी सं. 04217/04218 वाराणसी-लखनऊ जं.-वाराणसी अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी की संचालन अवधि को बढ़ाने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

| रेलगाड़ी संख्या | स्टेशन से | स्टेशन तक | चलने के दिन | पूर्व अधिसूचित तिथि | विस्तार की अवधि | फेरे |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 04217 | वाराणसी | लखनऊ जं. | प्रतिदिन | 30.04.25 | 01.05.25 से 30.06.25 | 61 |
| 04218 | लखनऊ जं. | वाराणसी | प्रतिदिन | 30.04.25 | 01.05.25 से 30.06.25 | 61 |

नोट :- शेष जानकारी पूर्ववत् है
रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में पड़ने वाले अन्य स्टेशनों की विस्तृत समय-सारणी और श्रेणियों की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in देखें अथवा NTES App देखें। हमें फॉलो करें
रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139
रेलमदद वेबसाइट देखें :- www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें
उत्तर रेलवे आपकी सुविधा - हमारा ध्येय www.nr.indianrailways.gov.in
1206/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे
लखनऊ मंडल में अनुबंध के आधार पर मेडिकल प्रैक्टिसनर की नियुक्ति हेतु सीधे साक्षात्कार (वाक इन इंटरव्यू)
अनुबंध के आधार पर लखनऊ मंडल उत्तर रेलवे में कार्य करने हेतु 02 मेडिकल प्रैक्टिरानरों पुरुष/महिला की रिक्तियों को भरने के लिए साक्षात्कार आयोजित किया जायेगा। अनुबंध की अवधि एक वर्ष की होगी और अनुबंध की अवधि सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद अनुबंध को आगे एक और वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है और अधिकतम अनुबंध की अवधि 12 वर्ष की हो सकती है। सेवानिवृत्त सरकारी डॉक्टर को 65 वर्ष की आयु तक (एक वर्ष हेतु) अधिकतम पाँच अनुबंध अवधि के लिए नियुक्त किया जा सकता है। योग्य उम्मीदवारों को नीचे दिये गये तिथि एवं समय एवं स्थान पर साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया जाता है। - इस अधिसूचना को उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.nr.indianrailways.gov.in में अपलोड कर दिया गया है। विस्तृत विवरण नियम शर्तें, फॉर्म इत्यादि उपरोक्त वेबसाइट के अन्तर्गत लखनऊ मंडल के कार्मिक शाखा (Personnel Dept.) पर उपलब्ध है।

| साक्षात्कार का स्थान | तिथि | समय |
|---|---|---|
| मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, कार्यालय, उ0रे0/चारबाग, लखनऊ। | 15.05.2025 | 11.00 बजे |

| स्टेशन/स्वास्थ्य इकाई | पदों की संख्या | योग्यता |
|---|---|---|
| मंडल चिकित्सालय, चारबाग, उ0रे0, लखनऊ एवं लखनऊ मंडल उ0रे0, के अधीन स्वास्थ्य इकाई हेतु (CMP-GDMO,) | 02 GDMO (UR-हेतु आरक्षित) | MBBS |

**शैक्षिक योग्यता**- किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से MBBS और एक वर्ष की इंटरशिप अवश्य पूरी होनी चाहिए और किसी भी भारतीय राज्य चिकित्सा परिषद का वैध पंजीकरण प्रमाण पत्र होना चाहिए। **पारिश्रमिक** - CMP हेतु पारिश्रमिक भत्ते (मकान किराया भत्ता एवं परिवहन भत्ते सहित) निम्न है -

| सीएमपी की श्रेणी | मासिक पारिश्रमिक रूपये में |
|---|---|
| GDMO | 95000/- |

आयु- क. - दि० 01.04.2025 को 53 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए। ख. सेवानिवृत्त आई०आर०एम०एस० अधिकारी/राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सेवानिवृत्त सरकारी चिकित्सा अधिकारियों के लिए आयु दि० 01.04.2025 को 65 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए जो न्यूनतम एक वर्ष एवं अधिकतम पाँच वर्ष के लिए होगा।
पदों की संख्या-02

| स्टेशन/स्वास्थ्य इकाई | UR |
|---|---|
| मण्डल चिकित्सालय, चारबाग, लखनऊ एवं लखनऊ मंडल, उ0रे0 की स्वास्थ्य इकाइयों हेतु | 02 GDMO |

चयनित CMP/GDMO को Private practice करने की अनुमति नियमानुसार नहीं होगी। रिक्तियों केवल सांकेतिक है, आवश्यकता के अनुसार घटाया या बढ़ाया जा सकता है। प्रशासन चयनित उम्मीदवारों को लखनऊ मण्डल उत्तर रेलवे में कहीं पर भी नियुक्त कर सकता है।
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1200/25

# आग में झुलसी वृद्धा व मासूम बालिका

## खाना बनाते समय गैस पाइप लाइन में लगी आग, बामुश्किल पाया काबू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** खाना बनाते समय गैस चूल्हे से एक झोपड़ी की रसोई में आग लग गई। आग की चपेट में आकर एक बीमार महिला और मासूम बालिका झुलस गई। दोनों को सीएचसी अफजलगढ़ में भर्ती कराया गया है।

मौहल्ला लक्ष्मण नगर निवासी सरदार त्रिलोक सिंह पुत्र अर्जुन सिंह अत्यंत गरीब है। सरदार त्रिलोक सिंह अपनी 55 वर्षीय बीमार पत्नी राजकौर के साथ टीन शैड के एक छोटे से कमरे में रहते हैं। कमरे के दरवाजे के आगे उन्होंने छप्पर की रसोई बना रखी थी। दुर्घटना में चोट लगने के कारण सरदार त्रिलोक सिंह की पत्नी राजकौर चलने फिरने में अक्षम है। माता-पिता की सेवा के लिए उनकी विवाहित पुत्री मनदीप कौर अपनी 2 वर्षीय पुत्री कु. जसप्रीत कौर के साथ अपने मायके में रह रही थी। बुधवार दोपहर सरदार त्रिलोक सिंह की विवाहित पुत्री





मनदीप कौर झोपड़ी की रसोई में खाना बना रही थी। वहीं चारपाई पर उसकी 55 वर्षीय बीमार मां राजकौर और 2 वर्षीय पुत्री कु. जसप्रीत लेट रही थी। खाना बनाने के लिए मनदीप कौर ने जैसे ही गैस चूल्हा जलाया। चूल्हे के पाइप ने आग पकड़ ली। चूल्हे और पाइप से आग की लंबी-लंबी लपटें उठीं और रसोई के छप्पर में आग लग गई। मनदीप कौर ने घर से बाहर निकलकर शोर मचाना शुरू कर दिया। इसी दौरान मनदीप कौर की बीमार मां राजकौर और 2 वर्षीय पुत्री जसप्रीत कौर आग की चपेट में आकर झुलस गई। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे हरीश कश्यप, राजेंद्र कश्यप, भोला वाल्मीकि आदि युवकों ने कड़ी मशक्कत कर राजकौर और जसप्रीत कौर को बाहर निकाला और सिलेंडर को पास में ही स्थित तालाब में फेंक दिया। आग से रसोई में रखा हजारों रुपए का सामान और राशन जलकर राख हो गया।

गनीमत रही कि आग से सिलेंडर नहीं फटा अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और 108 एम्बुलेंस से झुलसी महिला राजकौर और बालिका जसप्रीत कौर को सीएचसी अफजलगढ़ भिजवाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उनको बिजनौर के लिए रेफर कर दिया गया।

### पुस्तकें मनुष्य की सच्ची साथी, इनका अध्ययन जरूरी : सुमन वर्मा

**नजीबाबाद।** समाजसेवी महिलाओं द्वारा सुमन वर्मा के आवास रमेशनगर में पुस्तकें सच्ची मार्गदर्शक विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में महिलाओं द्वारा पुस्तकों को मनुष्य की सच्ची साथी बताते हुए कहा कि उनका अध्ययन कर दुनिया भर की बातों की जानकारी हासिल की जा सकती है। सुमन वर्मा ने कहा कि साहित्य समाज का दर्पण होता है। इसमें पुस्तकें मानव की सच्ची मार्गदर्शक होती हैं। पुस्तकों में ही आयुर्वेद का खजाना भरा पड़ा है। पुस्तकों के माध्यम से ही सृष्टि की संरचना से आज तक का ज्ञान समूचे संसार को बांटा जा रहा है। रूपम व आस्था ने पुस्तकों को मनुष्य की सच्ची मित्र बताया। जीवन में पुस्तकों का बहुत महत्व है। सुधा ने कहा कि पुस्तकें पढ़ते वक्त हमें सुकून मिलता है। फूलमाला वर्मा ने कहा कि हमारे आदर्श, सर्वकालिक शिक्षक के रूप में भी हमारे जीवन में शामिल होती है। सुमन वर्मा की अध्यक्षता एवं फूलमाला वर्मा के संचालन में सुधा अग्रवाल, रूपम, आस्था रानी, वंशिका आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### एमआईए कॉन्वेंट में वार्षिकोत्सव मनाया



**कासमपुर गढ़ी।** एमआईए अलीगढ़ कॉन्वेंट के वार्षिकोत्सव प्रोग्राम में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर समां बांध दिया। बेटी बचाओ, वृक्ष बचाओ जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपनी शानदार प्रस्तुति के साथ-साथ छात्र-छात्राओं ने नात, नज्म समेत अनेक मनमोहक प्रोग्राम पेश कर खूब तालियां बटोरी। इस मौके पर मेधावी बच्चों एवं उपस्थित अतिथियों को शील्ड भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. कमाल अहमद की तथा संचालन मशहूर शायर इरशाद धामपुरी व स्कूल की शिक्षिकाओं शाहीन मंसूरी, इकरा लईक व मनीषा कादरी ने संयुक्त रूप से की। कार्यक्रम में सपा के पूर्व प्रदेश सचिव हाजी हसन खान बतौर मुख्य अतिथि एवं ग्राम प्रधान मुस्तकीम मलिक, युवा नेता तुफैल अंसारी, आसपा नेता मौ. शहराज एडं., वरिष्ठ पत्रकार शेख मौ. यूसुफ, शेख आफताब, जावेद अख्तर, तसलीम दरोगा, शाहिद अंसारी डॉ. वाजिद व आदर्श प्रेस क्लब अफजलगढ़ के अध्यक्ष एसएम असलम बतौर विशिष्ट तिथि मौजूद रहे जिनका स्कूल परिवार द्वारा बैज लगाकर स्वागत किया गया। प्रोग्राम में अनेक गणमान्य व्यक्तियों समेत बड़ी तादाद में महिला-पुरुष अभिभावक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। स्कूल प्रबंधक गय्यूर अली खान ने स्कूल की प्रगति रिपोर्ट पेश करते हुए उपस्थित सभी का आभार जताया और गांव व क्षेत्रवासियों से शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग का आह्वान किया। प्रोग्राम की कामयाबी में गय्यूर अली खान के नेतृत्व में स्कूल के समस्त स्टाफ का अहम रोल रहा।

### पृथ्वी दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता



**हल्दौर।** जीएसएन इंटरनेशनल एकेडमी में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। स्कूल में विभिन्न कार्यक्रमों कार्ड मेकिंग, स्लोगन मेकिंग व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों तारव, नूरिश आराध्या, माहिरा, वंदिता, रिद्धिमा, शुभम, आयुषी आदि ने कार्ड मेकिंग में बतूल जैदी, दिव्यांशी, तेजस्वी, निधि, परिधि, गौरी, मानवी, अंशिका, शायान, नैतिक, वर्णिका आदि ने स्लोगन मेकिंग में जबकि अंशिका, नैना नागर, सत्यम, खुशी आदि ने पोस्टर मेकिंग में प्रतिभाग किया। जिसमें विद्यार्थियों फैजान, सत्यम, परिधि आदि ने अपने अपने तरीके से विश्व पृथ्वी दिवस पर प्रस्तुति दी। स्कूल के वरिष्ठ प्रवक्ता विकास पंकज, नीरज कुमार एवं नीता राजपूत ने बताया कि विश्व पृथ्वी दिवस-2025 'हमारी शक्ति, हमारा गृह' थीम पर मनाया जा रहा है। पृथ्वी दिवस को मनाने के पीछे का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण से जुड़ी समस्याओं, जैसे हवा और प्रदूषित पानी, प्लास्टिक का कचरा और पेड़ों की कटाई के बारे में जागरूक करना है। यह थीम जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण के दुरुपयोग से निपटने के साथ पर्यावरण के लिए जागरूकता फैलाने पर आधारित है। इस दौरान अर्जुन सिंह, राकेश शर्मा, ललित शर्मा, विक्रांत कुमार, विशाल चाहल, अपूर्व चौहान, सागर चौधरी, अरुण डबास, स्वाति पाराशर, निशा राजपूत, मानसी, गीता गंगवार, प्रियंका, काजल, आराधना आदि अध्यापकगण मौजूद रहे।

### खाताधारकों को दी जानकारी



**अफजलगढ़।** एक्सिस बैंक की शाखा प्रबंधक शादमानी मुख्तार ने बैंक खाता धारकों से मिलिए एक कार्यक्रम में केक काटकर उपस्थित खाता धारकों को बैंक द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं को विस्तारपूर्वक बताया। इस अवसर पर उन्होंने बैंक द्वारा दिए जाने वाले ऋणों- कृषि, होम, इंश्योरेंस, हेल्थ, कार, शिक्षा ऋण आदि समस्त प्रकार के ऋणों पर विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बैंक द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं का लाभ उठाने पर जोर दिया। उन्होंने बैंक में अधिक से अधिक अकाउंट खुलवाने का आह्वान किया। इस अवसर पर एक्सिस बैंक की शाखा प्रबंधक शादमानी मुख्तार के अलावा, एरिया मैनेजर अक्षय त्यागी, राजा पवार, मौहम्मद शादाब, कपिल, कुमार शुभम सिंह, ऋशिद कुमार, शिवम कुमार, मौहम्मद सलीम आदि बैंक कर्मचारियों के अतिरिक्त इशरत अली, परवेज विकार, डॉ. विमल कुमार गुप्ता, ग्राम प्रधान मेघपुर रिजवान अहमद, सभासद शाहनवाज अहमद, अमानत हुसैन, मनप्रीत सिंह संधू, डॉ. मौहम्मद ताजीम प्रबंधक एमटी हॉस्पिटल आदि खाताधारक मौजूद रहे।

### पहलगाम की घटना पर रोष जताया

**बिजनौर।** अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा एवं राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ बिजनौर ने अलग-अलग बैठक आयोजित कर कश्मीर के पहलगाम में हुई टूरिस्टों के साथ आतंकी घटना पर गहरा रोष व्यक्त किया गया। ब्राह्मण महासभा की बैठक में जिला महामंत्री डॉ. सत्येंद्र शर्मा, अंगिरस ने कहा कि इस घटना ने भारत के हर व्यक्ति को झकझोर दिया है। उन्होंने हिंदू समाज के लोगों की ओर से मुस्लिम भाइयों से भी इस घटना का विरोध करने को कहा। क्योंकि भारत के रहने वाले मुस्लिम इन आतंकियों का कभी भी खुलकर विरोध नहीं करते हैं। इससे स्पष्ट है कि इनकी मानसिकता भी आतंकवादियों जैसी है। ऐसी घटनाओं के लिए भारतवर्ष के हर नागरिक को पाकिस्तानी आतंकवादियों के विरुद्ध खड़े होकर कड़ा जवाब देना होगा। बैठक में अन्य सभी विप्र बंधुओं ने भारत सरकार से आतंकवादियों के विरुद्ध अविलंब कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। बैठक में जिलाध्यक्ष पंडित संजय शर्मा एडं., पंडित राकेश शर्मा, दिनेश चंद्र शास्त्री, सुशील कुमार शर्मा, रामप्रीत, योगेश कुमार, आरडी शर्मा, आशीष कुमार शर्मा, आलोक भारद्वाज एवं महेश चंद शर्मा आदि ने भाग लिया। बैठक के समापन पर इस आतंकी हमले में मारे गए मृतकों की आत्मा की शांति एवं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की गई। ब्राह्मण महासंघ की बैठक में पंडित विभोर कौशिक एडं., तुषार शर्मा एडं., अंकुर शर्मा सहित कई लोगों ने भाग लिया।

### किशोरी के साथ दुष्कर्म का प्रयास

**नहटौर।** क्षेत्र के ग्राम निवासी एक महिला जंगल घास काटने के लिए गई थी। उसके साथ उसकी 13 वर्षीय पुत्री भी थी। आरोप है कि ग्राम के ही किशोर ने उसे अकेला देखकर दबोच लिया। आरोप है कि दुष्कर्म करने का प्रयास किया। जिसमें वह मामूली रूप से घायल भी हो गई। शोर मचाने पर आसपास काम कर रहे ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और उसकी पिटाई कर दी। जिसमें किशोर बेहोश हो गया। किशोर को सीएचसी में भर्ती कराया। पीड़ित महिला ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर सौंप दी। पुलिस ने किशोरी का मेडिकल कराकर कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना प्रभारी धीरज नागर ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

## एक नजर

### नामांकन बढ़ाने को घूम रहे शिक्षक



**कासमपुर गढ़ी।** क्षेत्र के परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयों में बच्चों के नामांकन बढ़ाने के लिए शिक्षक डोर-टू-डोर घूम रहे हैं और अभिभावकों से संपर्क कर बच्चों को सरकारी स्कूलों में पढ़ाने की अपील करते दिखाई दे रहे हैं। जहां एक ओर शिक्षा के क्षेत्र में निजी स्कूलों का बोलबाला है और मोटी फीस व भारी भरकम कोर्स से अभिभावकों की कमर टूट रही। वहीं परिषदीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयों में बच्चों के नामांकन बढ़ाने के लिए इस तपती धूप में घर घर शिक्षकों को घूमना पड़ रहा है। सरकार का उद्देश्य भी यही है कि बच्चे परिषदीय स्कूलों में जाकर शिक्षा ग्रहण करें लेकिन परिषदीय व निजी स्कूलों के शिक्षा स्तर में फर्क होने की वजह से लोग अपने बच्चों को परिषदीय स्कूलों में भेजना पसंद नहीं करते हैं। यदि ये शुरूआत सरकारी तंत्र के अधिकारियों, कर्मचारियों से की जाये कि वह अपने बच्चों को निजी स्कूलों की बजाय परिषदीय स्कूलों में शिक्षा दिलायेंगे तो परिषदीय विद्यालयों का स्तर भी ऊंचा हो जायेगा और बच्चों की संख्या भी बढ़ जायेगी। सरकार के आदेश का पालन करते हुए ग्राम आसफाबाद चमन के अनिल कुमार, सुरेंद्र सिंह व गौतम पंकज आदि शिक्षकों द्वारा ग्राम अलियारपुर व भज्जावाला में अभिभावकों से संपर्क कर आधा दर्जन से अधिक बच्चों के नवप्रवेश किए गए। इस सम्बन्ध में शिक्षक सुरेंद्र सिंह ने कहा कि परिषदीय स्कूलों में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में बताते हुए अभिभावकों से बच्चों के प्रवेश कराने का प्रयास किया जा रहा है। कंपोजिट विद्यालय नारायणवाला में भी इंचार्ज प्रधानाध्यापिका श्रीमती करुणा सिंह चौहान व सहयोगी शिक्षकों द्वारा बच्चों के नामांकन हेतु अभिभावकों से सम्पर्क का सिलसिला जारी है। उधर पीएस कल्लूवाला में प्रधानाध्यापिका मंजो देवी सहित आंकार सिंह व शालिनी कुच्छल आदि शिक्षक नवप्रवेश संख्या बढ़ाने हेतु गांव में जनसंपर्क अभियान चलाए हुए हैं।

### गुम जमीन तलाशने को टीम का गठन



**धामपुर।** भाजपा के मंडल अध्यक्ष के द्वारा लखनऊ तक पैदल यात्रा निकालने की चेतावनी के बाद प्रशासन हरकत में आ गया है। डीएम के आदेश पर एसडीएम ने भूमि को तलाश में के लिए दो सदस्य टीम गठित की है। टीम में शामिल तहसीलदार धनराज सिंह, विनियमित जेई नेपाल सिंह ने मौके पर पहुंच कर भूमि की तलाश के लिए कॉलोनी वासियों के बयान दर्ज किए। उधर एसडीएम रितु रानी का कहना है कि जांच पूरी होने पर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी। भाजपा नेता दयाशंकर राणा ने डीएम से शिकायत कर आरोप लगाया कि भूमाफियाओं ने उनके प्लॉट पर अवैध कब्जा कर लिया।

### डीएम ने किया मलिन बस्ती का निरीक्षण



**शेरकोट।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने उप जिलाधिकारी धामपुर सहित अधिकारियों के साथ नगर के मोहल्ला निकम्माशाह स्थित मलिन बस्ती के लोगों को बताया कि उन्हें शादी घर बनाने, राशन कार्ड और आयुष्मान कार्ड बनवाने में समस्याएं आ रही हैं। इस पर डीएम ने तुरंत आदेश देते हुए कहा कि सभी पात्र लोगों के राशन कार्ड और आयुष्मान कार्ड जल्द से जल्द बनाए जाएं। उन्होंने मौके पर लोगों के फार्म भरने के आदेश दिए, और पालिका अधिशासी अधिकारी को मलिन बस्ती की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने के आदेश दिए हैं। उधर उन्होंने कस्तूरबा गांधी विद्यालय की बिल्डिंग का निरीक्षण किया और जल्द से जल्द कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद डीएम प्रसिद्ध ब्रश उद्योग के विषय में जानकारी लेने के लिए भारत ब्रश कंपनी के कारखाने में पहुंची। उन्होंने ब्रश बनाने के विषय में जानकारी करते हुए व्यापार में आने वाली समस्याओं के विषय में जानकारी हासिल की और व्यापारियों को ब्रश उद्योग को बढ़ावा देने की बात कही। ब्रश व्यापारी महफूज अहमद ने ब्रश उद्योग को ओडीओपी में शामिल करने पर डीएम बिजनौर का आभार जताया।

# अफजलगढ़ में दो पुलिसकर्मियों पर गंभीर आरोप

## चर्चित पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई को लेकर एसपी पूर्वी से मिले पत्रकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** कस्बे में तैनात दो चर्चित पुलिसकर्मी नगर की जनता का उत्पीड़न कर रहे हैं। लकड़ी व खनन माफियाओं से अवैध वसूली करते हैं न देने पर जेल भेजने की धमकी देते हैं। रिपोर्ट दर्ज करने के नाम पर भारी भरकम धन की मांग करते हैं तथा पीड़ित पक्ष पर दबाव बनाकर समाधान करने के नाम पर मोटी रकम वसूलते हैं। दोनों पुलिस कर्मियों ने रिश्तेदार से विवाद के चलते नगर के एक पत्रकार को धमकाते हुए अभद्र व्यवहार किया, जिसको लेकर मीडिया कर्मियों में जबरदस्त आक्रोश है। नगर के पत्रकारों का एक प्रतिनिधिमंडल एसपी पूर्वी से मिला एसपी पूर्वी ने पुलिस क्षेत्राधिकार को जांच सौंप कर दोनों पुलिस कर्मियों का विरुद्ध कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के पत्रकार अमानत हुसैन के भाई सलामत हुसैन पुत्र लियाकत अली का पैसों को लेकर विवाद उसके भाई वर्तमान में सभासद डॉ. शाहिद हुसैन से चल रहा है। सभासद द्वारा पैसे के विवाद और प्लाट खाली कराने को लेकर एक तहरीर स्थानीय थाने में तैनात दो पुलिस कर्मियों हेड कांस्टेबल कलीम अहमद और रजनीश उर्फ फौजी को दी थी जो कि सभासद के एक मकान के किराएदार बताए जाते हैं। पत्रकार के भाई शराफत हुसैन ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा को दी तहरीर में बताया कि दोनों पुलिस कर्मियों ने सलामत और बड़े भाई शराफत हुसैन को थाने में लाकर बैठा दिया और थाना अध्यक्ष सुमित कुमार राठी की गैर मौजूदगी में दोनों भाइयों को धमका कर भारी भरकम रकम एक स्टांप पर लिखवा ली तथा 15 दिनों में किराए पर दिए प्लाट खाली कराने को भी लिखित ले लिया। पुलिस कर्मियों के विरुद्ध पुलिस अधीक्षक को दी तहरीर से क्षुब्ध होकर शुक्रवार दोपहर दोनों पुलिसकर्मियों ने तीन दिन बाद ही प्लाट खाली कर रहे पत्रकार उसके भाइयों को जाकर धमकाना शुरू कर दिया। दोनों पुलिसकर्मियों ने मौजूद आधा दर्जन लोगों के सामने पत्रकार के साथ अभद्रता की सीमाएं लांघ दी। जबकि उपरोक्त लेनदेन के विवाद से पत्रकार का कोई संबंध नहीं है परंतु दोनों पुलिसकर्मी पत्रकार को जबरदस्ती उठाकर थाने ले जाने लगे तथा वीडियो बना रहे पत्रकार का मोबाइल छीन लिया। सूचना मिलने पर अन्य पत्रकार के पहुंच कर विरोध जताने पर वह धमकी देते हुए वहां से चले गए। दोनों चर्चित पुलिस कर्मियों का कहना है वह किसी अधिकारी से नहीं डरते।

गत माह नगर निवासी एक महिला जिसका पति विदेश में रहता है उसके जेठ द्वारा सड़क पर मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने की तहरीर देने पर मुकदमा दर्ज करने के नाम पर उक्त महिला से दोनों पुलिसकर्मियों द्वारा पचास हजार रुपए की मांग की थी। यही नहीं यह दोनों चर्चित पुलिसकर्मी खनन माफियाओं व लकड़ी माफियाओं से भी अवैध वसूली करने के लिए चर्चित हैं।

नगर के समस्त पत्रकारों का एक प्रतिनिधिमंडल दोनों पुलिसकर्मियों द्वारा पत्रकार के साथ की गई अभद्रता को लेकर एसपी पूर्वी धर्म सिंह मार्शल से मिले और एक ज्ञापन सौंपकर उनके विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की।

एसपी पूर्वी धर्म सिंह मार्शल ने पुलिस क्षेत्राधिकारी अफजलगढ़ को जांच सौंप कर दोनों पुलिस कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

ज्ञापन देने वाले पत्रकार प्रतिनिधि मंडल में विशेष तौर से प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुनील धस्माना, वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष विनय भार्गव, शुऐब कुरैशी, सुनील कुमार, आमिर पठान उत्तर प्रदेश पत्रकार एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट के तहसील अध्यक्ष इशरत अली, कोषाध्यक्ष शेख मौहम्मद यूसुफ, जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र अग्रवाल, महासचिव मास्टर गोपाल सिंह चौहान, अजमल हसन, अमानत हुसैन, अर्जुन सिंह चौहान, मुजम्मिल खां सूरी, विमल कुमार गुप्ता, मुशर्रफ अली, कमरुद्दीन अहमद, डा. जीशान अनवर, अनीस अहमद, शुजाउद्दीन, अब्दुल सलाम आदि मौजूद थे।

### राजस्व विभाग ने की अवैध कब्जा भूमि की पैमाइश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** चकबंदी विभाग और राजस्व विभाग की टीम ने अवैध कब्जा भूमि की पैमाइश की। टीम द्वारा करीब 56 किसानों को अवैध कब्जा भूमि पर खड़ी अपनी फसल को चार दिन के अंदर काटने के लिए नोटिस दिए है।

मंगलवार को प्रशासनिक आला अफसरों के निर्देश पर चकबंदी व राजस्व विभाग की टीम ने हल्दौर के पेट्रोल पंप के निकट सहायक चकबंदी अधिकारी आशीष कुमार, चकबंदी कर्ता कुलदीप कुमार, राजस्व विभाग के नायब तहसीलदार श्यामसुंदर, कानूनगो सुरेंद्र सिंह आदि टीम के साथ पहुंचे। टीम ने हल्दौर से नहटौर की ओर जाने वाले

#### किसानों को चार दिन में फसल काटने के दिए नोटिस

हाईवे मार्ग पर स्थित पेट्रोल पंप के निकट कुछ कब्जाधारियों द्वारा अवैध भूमि को कब्जा मुक्त, चक मार्ग आदि की पैमाइश की। टीम को करीब 56 किसानों द्वारा भूमि पर अवैध कब्जा कर फसल खड़ी मिली। टीम ने किसानों को फसल को चार दिन के भीतर काटने के संबंध में नोटिस दिए। इस अवसर पर लेखपाल चंद्रशेखर सिंह, विकास कुमार, अजय कुमार, पुष्पेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### उत्तम स्वास्थ्य के लिए संतुलित आहार जरूरी: कैप्टन बिशन लाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** राजा ज्वाला प्रसाद इंटर कॉलेज में पोषण पखवाड़ा मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्रधानाचार्य कैप्टन बिशन लाल ने कहा कि पोषण और कुपोषण में मात्र थोड़ा ही अंतर होता है। पोषण का मतलब है कि संतुलित आहार जिसके अंतर्गत उचित मात्रा में कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, वसा, विटामिंस, मिनरल्स और जल होना चाहिए। यदि इनमें से किसी एक भाग कि हमारे भोजन में कमी हो जाए तो वह कुपोषण कहलाता है और जिसकी खामियाजी हमें बीमारी के रूप में दिखाई देती है। यदि आयरन जैसे छोटे मिनरल की कमी हो जाए तो हमारे अंदर खून की कमी हो जाती है, जिसके कारण हमारा शरीर थका थका, हमारे शरीर में फुर्ती नहीं होती है। उन्होंने छात्रों को बताया कि पढ़ाई में भी मन नहीं लगता है। हमेशा हमेशा थके थके रहते हैं। इसलिए उन्होंने छात्रों को कहा कि हमें स्वस्थ रहने के लिए भोजन में सभी भाग पूरी मात्रा में चाहिए। उन्होंने अंत में एक बात कही की दूध एक ऐसा पर पदार्थ है जो संतुलित मात्रा में है, इसलिए सभी छात्रों को कम से कम एक गिलास दूध अवश्य पीना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन चंद्रहास सिंह ने किया।

इस अवसर उप प्रधानाचार्य गयूर आसिफ, जिला विज्ञान समन्वयक सुधांशु वत्स, एसपी गंगवार, बालेश कुमार, मनोज कुमार यादव, विनोद कुमार यादव, नरेंद्र कुमार, तेजपाल सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, भूपेंद्र पाल सिंह, करन वीर सिंह, विनीत कुमार गहलोत, मोहम्मद अनस, अमन यादव, जयप्रकाश पटेल, अलका रानी, रश्मि चौहान, पुष्पेन्द्र कुमार, नरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# नवरत्न हरी खाद का प्रयोग करें किसान: डॉ. सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** कृषि विज्ञान केंद्र नगीना की ओर से किसानों को जानकारी देकर नवरत्न हरी खाद को प्राकृतिक खेती, उच्च गुणवत्ता युक्त उत्पादन एवं मृदा की उर्वरा शक्ति बढ़ाने का मजबूत आधार बताया गया है।

कृषि विज्ञान केंद्र नगीना पर तैनात वैज्ञानिक डॉ. केके सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान समय में गेहूं या सरसों की फसल की कटाई के बाद गर्मी के समय में जब खेत खाली रहता है तो ऐसे समय में अपने खेत पर हरी खाद की फसलों की बुवाई करनी चाहिए, जिससे मिट्टी की उर्वरा शक्ति में वृद्धि हो। साथ ही साथ आने वाली फसल में कम लागत के साथ उच्च उत्पादकता की प्राप्ति हो सके।

उन्होंने कहा कि अभी तक ऐसा

#### वैज्ञानिकों ने की अनूठी पहल

देखने में पाया गया है कि हरी खाद के रूप में किसान ढैंचा या सनई की फसल का ही प्रयोग हरी खाद की फसल के रूप करते आए हैं।

उन्होंने बताया कि इस बार कृषि विज्ञान केंद्र नगीना के वैज्ञानिकों द्वारा एक अनूठी पहल की जा रही है जिसमें खेत में हरी खाद के रूप में प्रति एकड़ की दर से सनई (1.5 किग्रा), ढैंचा (1.5 किग्रा), उर्द (1.5 किग्रा), मूंग (1.5 किग्रा), लोबिया (1.5 किग्रा), ग्वार (1.5 किग्रा), ज्वार (1.5 किग्रा), बाजरा (1.5 किग्रा) एवं तिल (0.5 किग्रा) की समानुपातिक मात्रा में बुवाई करने



के साथ ही इनकी फसलों की जब एक उचित अवस्था खेत पर हो जाए तो उनके खेत में जुताई करके उनको जमीन में अच्छी तरह मिलाकर हरी खाद के रूप में प्रयोग किया जाता है। ऐसा करने से इन सभी फसलों के अलग-अलग प्रभाव जमीन को मिलते हैं जिससे जमीन की उर्वरा शक्ति बढ़ती है। साथ ही साथ जमीन के अंदर लाभदायक जीवाणुओं की जो फसलों के लिए लाभदायक होते हैं, उनकी भी संख्या उचित मात्रा में बढ़ती है।

उन्होंने प्राकृतिक या जैविक खेती करने वाले किसानों को सुझाव दिया कि इस नवरत्न हरी खाद की फसल का प्रयोग अपनी खेती में अवश्य करें, जिससे कि आगामी फसल में उनकी लागत कम हो साथ ही साथ मृदा की उर्वरता बढ़े।

उन्होंने कहा कि इससे वातावरण भी शुद्ध होगा जो उत्पाद और सभी के स्वास्थ्य के लिए हितकर होगा। उन्होंने कहा कि किसानों को ऐसे उत्पाद को मार्केट में बेचने के बाद अच्छी कीमत प्राप्त हो सकेगी।

# शोरूम से कपड़े चुराते कैमरे में कैद हुए नौकर

## व्यापारी ने कराया मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा।** शोरूम में नौकरी करने वाले दो युवक कई दिन से कपड़े चोरी कर रहे थे। उनकी हरकत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। शिकायत पर पुलिस ने शोरूम से दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद व्यापारी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने दोनों का चालान कर दिया। आरोपियों के कब्जे से शोरूम से चोरी किए 11 लेडीज सूट बरामद हुए हैं।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कोट में नीशू अग्रवाल का परिवार रहता है। कोट चौराहे पर उनका दिल्ली वालों के नाम से मशहूर अग्रवाल फैंसी क्लाथ हाउस है। एफआईआर के मुताबिक शहर के मोहल्ला छंगा दरवाजा निवासी विक्की व सोनल नाम युवक शोरूम पर नौकरी करते थे। बीते काफी दिन से शोरूम से कपड़े गायब हो रहे थे। शक होने पर मंगलवार को व्यापारी नीशू अग्रवाल ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चेक की तो कपड़े चोरी होने का राज खुल गया। विक्की और सोनल द्वारा कपड़े चोरी किए जा रहे थे। सूचना मिलते ही कोट चौकी पुलिस मौके पर पहुंच गई और विक्की व सोनल को हिरासत में ले लिया। कोतवाली ले जाकर की गई पूछताछ के दौरान दोनों ने कपड़े चोरी करने का जुर्म स्वीकार लिया। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर दोनों का चालान कर दिया गया है। आरोपियों के पास से शोरूम से चोरी हुए 11 लेडीज सूट बरामद हुए हैं

# पर्यटकों पर आतंकवादी हमला बेहद निंदनीय

## कैंडिल मार्च निकाल मृतकों को दी गयी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आंतकी हमले में दिवंगत हुए पर्यटकों को श्रद्धांजलि देने के लिये भाजपा के पूर्व विधायक हरपाल सिंह के नेतृत्व में एक कैंडल मार्च निकाला गया। पूर्व विधायक ने इस घटना में दिवंगत हुए पर्यटकों के शोक संतृप्त परिजनों के प्रति सहानुभूति की भावना प्रकट करते हुए कहा कि इस घटना की जितनी निंदा की जाये वह कम ही कम है। पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को कड़ा जबाब देने के लिये हमारी देश की सरकार पूरी तरह से तैयार है। घटना में शामिल आतंकवादियों ने धर्म पूछकर जिस तरह से छुट्टी मनाने गए पर्यटकों पर गोलीबारी करके हत्या की, वह बेहद ही निंदनीय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घटना की सूचना मिलते ही अपना विदेश दौरा रद्द करते हुए तुरंत स्वदेश वापसी की।

**■ पूर्व विधायक ने कैंडल मार्च निकालकर दी श्रद्धांजलि**



संदिग्धों के स्कैच भी जारी करके भारतीय सेना पूरी मुस्तैदी के साथ घटना में शामिल आतंकियो की तलाश में जुटी है। केन्द्र सरकार पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को कड़ा जबाब देने के लिये पूरी तरह से तैयार है। टंकी परिसर से कैंडल मार्च निकालकर दो मिनट का मौन भी धारण किया गया। इस मौके पर समाजसेविका पूजा चौहान, विपिन सागर, डॉ.राजीव शुक्ला, सभासद अरकान आलम, अजय गोस्वामी, राजकुमार, संजीव कुमार, संजय कुमार, योगेश कुमार, रामपाल व्यास आदि समेत अनेकों लोग मौजूद रहे।

# घर के बाहर खेल रहे मासूम से कुकर्म

## आपस में निपटाया मामला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** घर के बाहर खेल रहे मजदूर के बेटे से कुकर्म किया। पीड़ित ने घर आकर मां को घटनाक्रम बता दिया। मामले में दोनों पक्षों के बीच समझौते का प्रयास कराया जा रहा है। आरोपी युवक के खिलाफ तहरीर नहीं दी गई थी।

घटना शहर के एक मोहल्ले की है। कांठ रोड के पास स्थित इस मोहल्ले में एक मजदूर का परिवार रहता है। बुधवार सुबह मजदूर काम पर चला गया था, इसके बाद उसकी पत्नी मोहल्ले में ही रिश्तेदारी में चली गई थी। उनका आठ साल का बेटा सुबह करीब साढ़े दस बजे घर के बाहर खेल रहा था। आरोप है कि मोहल्ले में ही रहने वाला एक युवक बहला–फुसलाकर उसे अपने साथ ले गया। आम के बाग में ले जाने के बाद युवक ने उसके साथ कुकर्म किया। घर जाकर किसी को कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी दी। घर पहुंचे मजदूर के बेटे ने मां को घटनाक्रम बता दिया। उसकी मां आरोपी युवक के घर शिकायत लेकर पहुंची तो मोहल्ले में शोर मच गया। मामले में लोग दोनों पक्षों में समझौता कराने का प्रयास कर रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने तहरीर मिलने पर कार्रवाई की बात कही।



■ रहरा। घरों में आग लगने के बाद मौके पर जमा ग्रामीणों की भीड़।

# सात घरों में भीषण अग्निकांड

## नकदी समेत लाखों का माल जलकर राख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा।** छप्पर के घर में आग लगने के कारण किसान का डेढ़ लाख रुपये का माल चलकर स्वाह हो गया। राजस्व विभाग को भी सूचना दे दी है।

रहरा थाना क्षेत्र के गांव पोरारा निवासी फहीम पुत्र छोटे बुधवार की सुबह परिवार के लोगों के साथ अपने खेत पर गेहूं काटने के लिए गया था। इस दौरान अचानक फहीम के छप्पर के घर में आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। जब तक कोई कुछ समझ पाता तब तक घर में रखे सामान को आग ने जलाना शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने आग लगने की सूचना खेत पर जाकर फहीम को दी तो वह मौके पर पहुंच गया। लेकिन तब तक आग ने उसका सब कुछ जला कर राख कर दिया था। पीड़ित फहीम ने बताया कि आग लगने के उसके तीन मवेशी भी झुलत गये हैं। घर में रखी 8700 की नगदी भी जल गई है। साथ ही चारपाई व घर का अन्य सामान भी जल गया है। पीड़ित ने बताया कि आग लगने के करण उसका डेढ़ लाख रुपए का माल जल गया है। वहीं दूसरी और हसनपुर क्षेत्र के गांव गंगा चोली में ओमी सिंह पुत्र राम रतन के घर में चूल्हे की आग भड़क गई तथा गेहूं चावल कपड़े चारपाई के अलावा अन्य सामान जल गया। ओमी सिंह का पुत्र भी बुरी तरह से झुलस गया। ओमी सिंह ने बताया आग लगने के कारण उसका एक लाख का नुकसान हुआ है। कड़ी मेहनत के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया। इसके आलावा उदय सिंह पुत्र रामचंद्, गोपी पुत्र मानसिंह, गंदा पुत्र मान. सिंह, लक्ष्मी पुत्र राम रतन, के घरों में भी चूल्हे की चिंगारी से आग लग गई जिससे लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। ग्रामीण कृष्णपाल आग बुझाते समय झुलस गया।

**■ पांच पशु व किसान झुलसा**

# किसान के घर कूमल काटकर लाखों की चोरी

## घटना की संदिग्ध मान रही पुलिस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** कूमल काटकर किसान के घर में घुसे चोरों ने नकदी–जेवरात समेत लाखों रुपयों की कीमत का सामान चोरी कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच–पड़ताल की। पुलिस ने मामले में फिलहाल कोई कार्रवाई नहीं की है।

घटना क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर इंतेजाम अली की है। यहां पर किसान राजवीर सिंह का परिवार रहता है। उनका घर गांव के बाहर जंगल के रास्ते पर बना है। रविवार रात पीछे से दीवार में कूमल काटकर चोर घर में दाखिल हो गए। इसके बाद कमरों को खंगालते हुए चोरों ने अल्मारी में रखी नकदी व जेवरात समेत लाखों रुपयों की कीमत का सामान चोरी कर लिया। किसान राजवीर सिंह को घटना की जानकारी सोमवार सुबह जागने पर हुई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच–पड़ताल की। बताया जा रहा है कि पुलिस घटना को संदिग्ध मान रही है। मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है।

# प्रेम विवाह करने वाली नर्स उत्पीड़न का शिकार

## पांच ससुरालियों पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** प्रेम विवाह करने के कुछ दिन बाद ही स्टाफ नर्स से ससुराल वाले दहेज की मांग करने लगे। दहेज नहीं मिलने पर मारपीट की गई। गोली मारकर जान से मारने की धमकी दी गई। मामले में पुलिस ने ससुराल पक्ष के पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

अमरोहा नगर में अधिवक्ता का परिवार रहता है। उनकी बेटी प्रतापगढ़ में स्वास्थ्य विभाग में स्टाफ नर्स के पद पर तैनात है। रामपुर जनपद के रहने वाले युवक ने 16 जनवरी 2024 को स्टाफ नर्स से प्रेम विवाह करके आर्य समाज मंदिर का विवाह का संस्कार प्रमाण पत्र ले लिया। प्रेम विवाह के कुछ दिन बाद ही ससुराल वाले स्टाफ नर्स को दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। दहेज में पांच लाख और कार की मांग करते हैं। आपस में षड्यंत्र रचकर स्टाफ नर्स की हत्या करना चाहते हैं। इतना ही नहीं कई बार स्टाफ नर्स का गला और मुंह दबाकर हत्या करने की को. शिश की गई है। इस मामले में अधिवक्ता ने न्यायालय की शरण ली। सीओ सिटी अरुण कुमार ने बताया कि मामले में ससुराल पक्ष के पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# यश इण्टर कॉलेज के छात्र ने जेवलिन थ्रो में जीता गोल्ड मैडल

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के यश पब्लिक इण्टर कॉलेज के कक्षा 10 के छात्र अजय पाल ने नेपाल के पोखरा में यूथ एटलेटिक चैंपियनशिप की जेवलिन थ्रो में 60.05 थ्रो लगाकर गोल्ड मैडल जीतकर देश का नाम रोशन किया है। बुधवार को विद्यालय प्रबंधक, प्रधानाचार्य व स्टॉफ ने छात्र का ढ़ोल नगाड़ों व फूल मालाओं से स्वागत किया। नेपाल के पोखरा में 16 अप्रेल से 20 अप्रेल तक चले यूथ एटलेटिक चैंपियनशिप खेलों में 7 देशों के बच्चों ने हिस्सा लिया था, जिसमे भारत की तरफ से चैंपियनशिप में 13 बच्चों ने हिस्सा लिया। इनमें से पांच छात्रों ने अलग अलग मैडल जीतकर देश का नाम रोशन किया तो वही चैंपियनशिप में यश पब्लिक इण्टर कॉलेज के छात्र अजय पाल पुत्र प्रीतम सिंह निवासी मोहल्ला भानपुर खालसा गजरौला ने गोल्ड मैडल जीतकर देश का नाम रोशन किया, छात्र अजयपाल के द्वारा जैसे ही गोल्ड मेडल जीतने की खबर यश पब्लिक इंटर कॉलेज के प्रबंधक को मिली तों उन्होंने छात्र के स्वागत समारोह कार्यक्रम आयोजित कराया। छात्र के विद्यालय पहुंचने पर ओर ढोल नगाड़ों के साथ फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। प्रबंधक लखबीर सिंह व प्रधानाचार्य नीरज कुमार ने अजयपाल को उज्जवल भविष्य के लिये आशीर्वाद दिया। इस दौरान स्कूल स्टॉफ के सदस्यगण मौजूद रहे। छात्र ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय गुरूजनों के आशीर्वाद, परिजनों के स्नेह व मार्गदशकों को देते हुए यह विश्वास दिलाया कि आने वाले समय में वह भारत का नाम इसी तरह से रोशन करते रहेंगे।

**■ नेपाल राष्ट्र में हुई थी प्रतियोगिता, कॉलेज पहुंचने पर ढ़ोल नगाड़ों से हुआ स्वागत**



**गजरौला।** छात्र अजयपाल का स्वागत करते प्रबंधक व प्रधानाचार्य।

**नीरज चोपड़ा की तरह देश का नाम रौशन करने की तमन्ना**

छात्र अजयपाल ने बताया कि वे आने वाले समय में जेवलिन स्टॉर नीरज चौपड़ा की तरह देश का नाम अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करने का सपना देखते हैं, और उन्हें पूरा विश्वास है कि वे अपने सपने को पूरा करेंगे।

# डीजे पर नाचने को विवाद, लाठी डंडो चलने में चार घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** शादी समारोह के दौरान डीजे पर नाचने को लेकर हुए विवाद में चार लोगों को लाठी डंडो व धारदार हथियार से घायल करने के आरोप में पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करके अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार मण्डी धनौरा के मोहल्ला सुभाषनगर निवासी धर्मेन्द्र पुत्र गंगाराम सिंह अपने पड़ोसी परिवार की बारात में शामिल होने नगर के मोहल्ला अल्लीपुर चौपला पर आया था। बारात में मोहल्ले के ही अन्य लोग भी आए हुए थे। बताते हैं कि डीजे पर नाचने को लेकर धर्मेन्द्र पक्ष का लोकेश पक्ष से विवाद हो गया। आरोप है कि लोकेश पक्ष के लोगों ने लाठी डंडे व धारदार हथियार का प्रहार करके धर्मेन्द्र पुत्र गंगाराम, विनोद कुमार पुत्र बलवीर सिंह, रवि कुमार पुत्र सुरेन्द्र सिंह व सुरेन्द्र सिंह पुत्र गंगाराम को घायल कर दिया। जान से मारने की धमकी भी दी गई। मारपीट की घटना से शादी समारोह में अफरातफरी का माहौल बन गया। लोगों ने पहल करते हुए दोनों पक्षों के बीच विवाद शांत कराया। प्रकरण में धर्मेन्द्र ने पुलिस को तहरीर दी थी, जिस पर पुलिस ने आरोपी लोकेश पुत्र महेन्द्र सिंह, दीपक पुत्र चेतन, केशव पुत्र चन्द्रपाल व अमित पुत्र जयपाल निवासीगण मोहल्ला सुभाषनगर मण्डी धनौरा के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करके अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

**■ पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार आरोपियों के विरूद्ध दर्ज किया मुकदमा**

## दिवंगत आत्माओं की शांति के लिये दुआ



**अमरोहा।** लोकलेखा समिति के सभापति व सदर विधायक महबूब अली ने कहा कि कश्मीर घाटी में आतंकियों ने जो हमला किया है उसकी जितनी निंदा की जाये कम है। उन्होंने कहा कि इस तरह के हमले देश की एकता को कभी कमजोर नहीं कर सकते। इस हमले में जो भी आतंकी शामिल है उन्हें ढूंढकर गिरफ्तार किया जाये तथा सख्त सजा दी जानी चाहिये। इस तरह के हमलों को कभी सहन नहीं किया जायेगा। उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिये लोगों के साथ दुआ की। इस मौके पर डा. नीरज बोरा, प्रो. श्याम बिहारी लाल, सौरभ श्रीवास्तव, तेजपाल सिंह, विवेकानंद, अमित सिंह, पूरन प्रकाश, प्रदीप कुमार, ओमप्रकाश, पंकज मलिक, त्रिभुवन राम, अशोक मौजूद रहे।

# बिजली की अघौषित कटौती पर फूटा भाकियू का गुस्सा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा की बैठक का आयोजन दरियापुर ग्राम में स्थित किसान भवन पर किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि बिजली की कटौती के चलते किसानों के सामने सिंचाई आदि कार्य के लिये काफी समस्या उत्पन्न हो रही है, यदि समस्या का समाधान यथाशीघ्र न किया गया तो भाकियू धरना प्रदर्शन के लिये विवश होगी। इसी के साथ ही उन्होंने कहा कि गजरौला क्षेत्र की औद्योगिक इकाई में स्थानीय लोगों व किसानों के बच्चों को नौकरी देने से परहेज किया जा रहा है। इसे लेकर भी पंचायत में चर्चा हुई कि, 80 प्रतिशत स्थानीय बच्चों को नौकरी दी जाए। कहा कि कुछ औद्योगिक इकाइयों द्वारा अपनी फैक्ट्री के अंदर बड़े बोरवेल कर कर दूषित पानी को सीधा जमीन के अंदर डाला जा रहा है, जिससे क्षेत्र में कैंसर जैसी भयानक बीमारियां उत्पन्न हो रही है, पानी पीने योग्य नहीं बचा है यदि ऐसी इकाईयों ने सुधार न किया तो भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चे के द्वारा एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौ.विजयवीर सिंह, जिलाध्यक्ष राहुल सिद्धू, कामिल चौधरी, इकबाल सैफी, अमित चीमा, विकास चौधरी, पिंटू चौधरी, शराफत चौधरी, करण सिंह, शिवलाल सिंह, लोकेश आदि मौजूद रहे।

**■ दरियापुर ग्राम में हुआ बैठक का आयोजन**



## पहलगाम में आतंकी हमले की निंदा



**अमरोहा।** पहलगाम हमले को लेकर नगर पालिका सभागार में शोकसभा का आयोजन किया गया। जिसमें ईओ व नगर पालिका कर्मियों ने मृतकों की आत्मा की शांति के लिये प्रार्थना की। ईओ डा. ब्रजेश कुमार ने कहा कि जम्मू कशमीर के पहलगाम में हुआ आतंकी हमला कायरता पूर्वक किया गया है। आतंकियों ने नाम पूछकर लोगों को गोलियों से छलनी कर दिया। उन्होंने कहा कि आतंकियों को गिरफ्तार कर उन्हें उनकी करनी की सजा जल्द दी जानी चाहिये, ताकि कोई दोबारा इस तरह का साहस न दिखा सके। इस दौरान दो मिनट का मौन रख मृतकों की आत्मा की शांति के लिये प्रर्थना की गई।

# विवाहिता पर पैट्रोल उडेल जलाने का प्रयास

## चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** ससुराल वालों ने विवाहिता को दहेज के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। विरोध करने पर मारपीट की। पति ने विवाहिता को जान से मारने की नीयत से पेट्रोल छिड़क दिया। किसी तरह विवा. हता ने अपनी जान बवाई। बाद में तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया। मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

अमरोहा नगर के मोहल्ला मोहम्मदी सराय में सुल. मान का परिवार रहता है। उन्होंने अपनी बेटी रूबी की शादी 10 अक्तूबर 2015 को मोहल्ला लकड़ा इकरार नगर के रहने वाले तस्लीम अहमद के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले रूबी को दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। विरोध करने पर मारपीट करते थे। दहेज में कार की मांग करने लगे। 10 जून 2024 को पति तस्लीम अहमद नशा करके आया और जान से मारने की नीयत से रूबी को बेड पर गिरा दिया। बाद में पेट्रोल छिड़कर जान से मारने की कोशिश की। शोर मचाने पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। इस दौरान लोगों ने रूबी को बमुश्किल बचाया। 15 दिसंबर 2024 को पति ने तीन तलाक देकर रिश्ता तोड़ लिया और अमरोहा छोड़कर चला गया। 28 दिसंबर की शाम सात बजे नशे की हालत में तस्लीम अहमद ने दोबारा फोन करके तीन तलाक दे दिया। पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस से की तो कोई सुनवाई नहीं हुई। लिहा. जा उसने न्यायालय की शरण ली। सीओ सिटी अरुण कुमार ने बताया कि मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर तस्लीम अहमद, महरूम निशा, आलम, सलीम, शकीला के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है

## सड़क हादसे में चालक घायल

**हसनपुर।** बोलेरो व दूल्हा की कार की भिड़ंत होने से चालक घायल हो गया। बोलेरो भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। थाना बछरायू क्षेत्र के गांव शरीफपुर निवासी भूपेंद्र पुत्र प्रमोद की बारात सिफ्टस कार से रहरा थाना के गांव जेबड़ा मुस्तकम गांव जा रही थी। जैसे ही बोलेरो गांव कालका वाली डगरौली के समीप पहुंची तो सामने से आ रही बोलेरो से जोरदार भिड़ंत हो गई। जिससे बोलेरो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। चालक प्रमोद पुत्र देशराज घायल हो गया। बोलेरो भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। प्रमोद बोलेरो से बुकिंग लेने के लिए आ रहा था। भिड़ंत होने के बाद घटनास्थल पर काफी भीड़ जमा हो गई।

# ढाई लाख के घोटाले में तीन हिरासत में

## गांव बाईखेड़ा में अलीगढ़ पुलिस का छापा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** ऑनलाइन गेम में ढाई लाख रुपये का फ्रॉड करने के मामले में अलीगढ़ पुलिस ने तीन को हिरासत में लिया है। पुलिस मास्टरमाइंड को तलाश कर रही है।

बुधवार को अलीगढ़ पुलिस ने कोतवाली क्षेत्र के गांव बाईखेड़ा मिलक निवासी प्रमोद पुत्र धर्मपाल, चंद्रभान पुत्र गजराज व ओमप्रकाश पुत्र मवासी को हिरासत में ले लिया। इनका चौथा साथी राजस्थान में रहता है। बताया जा रहा है कि ऑनलाइन गेम में यह लोग राजस्थान में रहने वाले मास्टरमाइंड के संपर्क में रहकर काम कर रहे थे। चारों ने अलीगढ़ के एक व्यक्ति से ऑनलाइन गेम में ढाई लाख रुपए का फ्रॉड किया था। पीड़ित ने अलीगढ़ में उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। उसी के आधार पर पुलिस ने तीनों को हिरासत में लिया है। पुलिस चौथे मास्टरमाइंड को तलाश कर रही है

## गुनहगारों को मिले कड़ी सजा



**अमरोहा।** पूर्व एमएलसी परवेज अली ने कहा जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्याटकों पर आतंकी हमला करने वाले गुनहगारों को कड़ी सजा मिलनी चाहिये। दानिशमंदान स्थित कैम्प कार्यालय पर शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व एमएलसी परवेज अली ने कहा कि घाटी में आतंकियों द्वारा पर्यटकों का नरसंहार बेहद दुख की बात है। उन्होंने कहा कि इस कृत्य को जिन लोगों ने अंजाम दिया है उन्हें गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिये। इस मौके पर इकरार मेंबर, शशीकांत गोयल, अमानतउल्ला, हाजी हसीन, शमशाद अहमद, इकबाल खां, मास्टर सत्तार, साजिद अली, हाजी जाहिद, शाहबुद्दीन आदि शामिल रहे।

# तार की चिंगारी से दो बीघा गेहूं की फसल जलकर राख

## पीड़ित किसान ने बिजली विभाग के अधिकारियों पर लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम अमीनाबाद उर्फ बड़ा गांव में बिजली के तार की चिंगारी से एक किसान की गेहूं की फसल जलकर राख हो गई पीड़ित ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मुआवजे की मांग की है।

**किसान कई बार अधिकारियों से जर्जर तारों की कर चुका है शिकायत**

ग्राम अमीनाबाद उर्फ बड़ागांव निवासी समीर खान जो होमगार्ड में तैनात है उसके खेत के ऊपर से 11 हजार की लाइन जा रही है बुधवार दोपहर अचानक तारों से निकली चिंगारी गेहूं की फसल के ऊपर गिर गई जिससे खेत में आग लग गई मौके पर पहुंचे सैकड़ो ग्रामीणों ने किसी तरह से आग पर काबू पाया मगर तब तक लगभग दो बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। समीर ने बताया कि उसके खेत के ऊपर जो 11 हजार की लाइन जा रही है उसके तार बहुत ढीले और जर्जर है जिसकी वह अनेक बार विद्युत विभाग में शिकायत कर चुका है मगर कोई कार्यवाही नहीं हुई। विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण बुधवार को उसकी फसल में आग लग गई पीड़ित ने मुआवजा दिलाने की मांग की है।



# सिटी वोकेशनल में मनाया गया विश्व पृथ्वी दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कैंट स्थित सिटी वोकेशनल पब्लिक स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण को समर्पित एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय निदेशिका डॉ. हिमानी अग्रवाल, प्रधानाचार्य एन. पी. सिंह ने शिक्षकों तथा विद्यार्थियों के साथ मिलकर औषधीय एवं अन्य विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए। इस पहल का उद्देश्य हरित वातावरण को बढ़ावा देना एवं छात्रों में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना को जागृत करना था। छात्रों ने एक विशाल जागरूकता रैली निकाली। जिसमें शिक्षक शिक्षिकाओं ध्वनि जैन, मोनिका मावी, सौम्या भाटिया, शिवानी मल्होत्रा, सतीश कुमार यादव, अनुज शर्मा, अब्दुल नईम, सल्तनत एवं तुषार चौधरी के कुशल नेतृत्व में विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण, रीसायक्लिंग तथा प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से संबंधित संदेशों के साथ पोस्टर और बैनर लेकर जनमानस को जागरूक किया। रैली के दौरान छात्रों ने रीसायकिल कप तथा अन्य पुनः उपयोगी वस्तुओं का वितरण कर यह बताया कि किस प्रकार छोटी-छोटी आदतें धरती को बचाने में बड़ा योगदान दे सकती हैं।




# सपा ने आतंकवाद का पुतला फूंका, कांग्रेसियों ने मोमबत्ती जलाकर दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा बच्चा पार्क पर पहलगाम में निर्दोष सैलानियो पर हुए आतंकी हमले के विरोध में महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रंजन शर्मा के नेतृत्व में मोमबत्ती जलाकर शहीद सेलनियों को पुष्पजलि अर्पित की।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यह हमला मानवता के ऊपर एक करारा प्रहार है, जिसने देश को झकझोर दिया है। हमारे दिलों में असहनीय पीड़ा है। हम इस दुखद घड़ी में शोक. ाकुल परिवारों के साथ खड़े हैं। हम पूरी मजबूती के साथ आतंक के खिलाफ एकजुट होकर लड़ेंगे। देश कि सुरक्षा सर्वोपरि है, हम केंद्र सरकार से इसे सुनिचित करने के लिये सुधारात्मक उपाय करने का आग्रह करते है। वहीं सपा कार्यकर्ताओं ने भी आतंकवाद का पुतला दहन किया जिलाध्यक्ष विपिन चौधरी ने कहा कि पुलवामा में दिल को झकझौर देने वाली घटना हुई। समाजवादी पार्टी इसका पूरजोर विरोध करती है। उन्होंने मांग की है कि आतंकवाद पर तत्काल सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए।






# डीमोंटफोर्ट एकेडमी में पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों को दी श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** डीमोंटफोर्ट एकेडमी में बुधवार को एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिसमें श्रीनगर के पहलगाम क्षेत्र में हुए आतंकी हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रात कालीन सभा में विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर व मोमबत्तियां जलाकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर अकादमिक निदेशक डॉ. के.के. शर्मा एवं प्रधानाचार्य डॉ. समीर वर्मा उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार ने इस कार्यतापूर्ण हमले की कड़े शब्दों में निंदा की एवं मृतकों की आत्मा की शांति और शोक-संतप्त परिवारों को धैर्य प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

# शोभित विवि में जल एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित विश्वविद्यालय, मेरठ में आज जल एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन विषय पर एक उच्च स्तरीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों को जल संरक्षण, पुनर्चक्रण और अपशिष्ट जल प्रबंधन की नवीनतम तकनीकों व नीतियों से परिचित कराना था।




कार्यक्रम में पोल्लुकॉन टेक्नो लॉजीज लिमिटेड, नोएडा के निदे. शक ई.एस.के. सिंह ने मुख्य वक्ता के रूप में अपने व्याख्यान में बताया कि जल ही जीवन का मूल स्रोत है और यदि हम इसे संरक्षित नहीं करेंगे तो आने वाली पीढ़ियों को गहरे जल संकट का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने अपशिष्ट जल के वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक प्रबंधन, औद्योगिक क्षेत्रों में जल पुनर्चक्रण की संभावनाओं तथा जल की गुणवत्ता बनाए रखने के उपायों पर विस्तृत प्रकाश डाला। संगोष्ठी में विद्यार्थियों ने गहरी रुचि दिखाई और व्यावहारिक दृष्टिकोण से कई प्रश्न भी पूछे, जिनका विशेषज्ञ द्वारा प्रभावशाली उत्तर दिया गया। कार्यक्रम ने यह सिद्ध किया कि उच्च शिक्षा संस्थानों की भूमिका केवल शिक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में पर्यावरणीय चेतना जागृत करना भी उनका उत्तरदायित्व है।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. वी.के. त्यागी ने कहा कि जल प्रबंधन केवल तकनीकी विषय नहीं, बल्कि नैतिक जिम्मेदारी भी है। हमें अपने छात्रों को इस दिशा में न केवल जागरूक बनाना है, बल्कि उन्हें समाधान का हिस्सा भी बनाना है। इस प्रकार की विशेषज्ञ संगोष्ठियां छात्रों में व्यावहारिक दृष्टिकोण और समाज के प्रति उत्तरदायित्व को विकसित करने में सहायक होती हैं। कार्यक्रम का संयोजन राजकिशोर सिंह द्वारा किया गया। संगोष्ठी सफल बनाने में विश्व. विद्यालय के कुलसचिव डॉ. गणेश भारद्वाज, डॉ. दिव्य प्रकाश, डॉ. मो. निका चौधरी, डॉ. ज्योति शर्मा, तथा डॉ. आर.के. जैन एवं विश्वविद्यालय छात्रों की प्रमुख भूमिका रही।

# बाल विवाह कराने वालो को होगा दो साल का कारावास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिला प्रोबेशन अधिकारी जिला बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी अतुल कुमार सोनी ने बताया कि बाल विवाह अधिनियम 2006 के प्रावधान के अन्तर्गत 18 वर्ष से कम आयु की लड़की एवं 21 वर्ष से कम आयु के लड़के का विवाह करना कराना कानूनी अपराध है। यदि कोई नाबालिग का विवाह करता कराता है या उसमें शामिल होता है तो उनके विरूद्ध कार्यवाही होगी। बाल विवाह सम्पन्न कराने वाले प्रत्येक व्यक्ति के विरूद्ध एक लाख का जुर्माना व दो वर्ष के कारावास का प्रावधान है। उन्होंने धार्मिक स्थल के पण्डित, पुजारी, मौलवी एवं आर्य समाज मंदिरों, वैवाहिक आयोजन कराने वाले प्रिन्टिंग प्रेस, टैन्ट व्यवसायी, मैरिज हॉल, बैण्ड बाजा, कैटर्स फोटो ग्राफर, इत्यादि व्यक्तियों एवं संस्थाओं से भी अपेक्षा की है कि वैवाहिक आयोजन से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि वधू की आयु 18 वर्ष एवं वर की आयु 21 वर्ष से कम न हो।

# अर्थ को स्वस्थ रखने में बच्चे निभा सकते हैं अहम भूमिका : डॉ. ओमपाल सिंह



तक्षशिला पब्लिक स्कूल में अर्थ दिवस की जानकारी लेते छात्र।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कंकरखेड़ा स्थित तक्षशिला पब्लिक स्कूल में मंगलवार को विश्व अर्थ दिवस को धूमधाम से मनाया गया। स्कूल के चेयरमैन डॉ. ओमपाल सिंह ने बच्चों को बताया कि किस तरह से वे कुछ बदलाव लाकर ग्लोबल वार्मिंग को कम कर सकते हैं।

जिसमें मुख्यतः हर जन्म दिवस पर एक पौधा लगाना, घर व कार में एसी का कम प्रयोग करना, रेफ्जिरेटर को कम से कम तीन घंटे के लिए बंद करना, पॉलीथिन का कम प्रयोग करना आदि शामिल हैं। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीन कुमार पथरा बच्चों को अर्थ को स्वस्थ रखने की शपथ के साथ कार्यक्रमों का शुभारम्भ किया तथा ग्लोबल वार्मिंग से होने वाले बदलावों से अवगत कराया व उन्हें जानकारी दी। ईको क्लब के बच्चों ने सभी को अर्थ को प्रदूषण से दूर रखने के उपाय सुझाये।

# रालोद महिला विंग की जिलाध्यक्ष बनने पर अंजू चौधरी को मिली बधाई




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुधवार को 299 क्लेमेंट स्ट्रीट जिला कार्यालय में नारी शक्ति संगठन राष्ट्रीय लोकदल की राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीषा अहलावत द्वारा मेरठ में राष्ट्रीय लोकदल के नारी शक्ति संगठन का विस्तार करते हुए जिला अध्यक्ष का पद भार अंजू चौधरी को सौपा गया।

पूनम भसीन को राष्ट्रीय सचिव एवम पूर्व जिला अध्यक्ष बीना सिंह को प्रदेश महासचिव के पद पर प्रोन्नत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह के निर्देशानुसार बाबा साहेब अंबेडकर की जयन्ती '14 अप्रैल' से 6 महीने तक हमारे सभी कार्यकर्ता गांव, शहर और कस्बों में जाएंगे और लोगों को पार्टी का सक्रिय सदस्य बनायेंगे। इसी मिशन को आगे बढ़ाते हुए नारी शक्ति संगठन ने भी सदस्यता अभियान शुरू किया है जिसके फलस्वरूप कई महिलाओं ने राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव भावना यादव, जिला अध्यक्ष गाजियाबाद सुमन चौधरी, महानगर अध्यक्ष गाजियाबाद राखी, दौराला ब्लॉक अध्यक्ष कौशल, दौराला ग्राम अध्यक्ष ज्योति, शिखा लोहान, सोनिया रानी, सोनाली, नीलम तोमर, नीलम पनवार, शालू मलिक, अनीता, शालू आदि उपस्थित रहे।

# शनिवार को विशेष लोक अदालत का होगा आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सिविल जज सी0डि0 प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मेरठ ने बताया कि उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के पत्र के अनुसार एवं कार्यपालक उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत से पूर्व 26 अप्रैल को विशेष लोक अदालत लगाकर विद्युत अधिनियम 2003 के अंतर्गत शमनीय दाण्डिक एवं आपराधिक वादो का निस्तारण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त के क्रम में राष्ट्रीय लोक अदालत से पूर्व 26 अप्रैल को विशेष लोक अदालत लगाकर विद्युत अधिनियम 2003 के अंतर्गत शमनीय दाण्डिक एवं आपराधिक वादो का निस्तारण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि लोक अदालत में कई प्रकार के मामले निपटाए जाएंगे। यह अदालत केवल और केवल जनता के फायदे के लिए लगाई जाती है। इससे सबसे अधिक फायदा जनता को ही मिलता है।

# सरधना में मुस्लिम समाज ने आतंकी हमले का किया विरोध

## पुलिस चौकी चौराहे पर कैंडिल जलाकर दी आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की मुस्लिम समाज ने भी कड़े शब्दों में निंदा की है। बुधवार देर शाम पुलिस चौकी चौराहे पर मुस्लिम समाज के लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही कैंडल जलाकर आतंकी हमले में मारे गए लोगों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। लोगों ने भारत सरकार से आतंकियों के खिलाफ सख्त एक्शन लिए जाने की मांग की।

देर शाम मुस्लिम समाज के लोग पुलिस चौकी चौराहे पर एकत्र हुए। सभी ने कड़े शब्दों में आतंकवादी हमले की निंदा की। कहा कि कश्मीर के पहलगाम में इंसानियत की हत्या की गई है। इस घटना को अंजाम देने वालों से सख्ती से निपटा जाए। सभी को फांसी पर चढ़ा देना चाहिए। अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे। बाद में सभी ने कैंडिल जलाकर व दो मिनट का मौन धारण कर आतंकी हमले में मारे गए लोगों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर समर कुरैशी, एनुद्दीन शाह, नईम प्रधान, हाफिज मोबीन, जीशान कुरैशी, आशिक अली, हाजी चांद, अशरफ गुर्जर, जावेद सईद, रिहान मलिक, जियाउर्रहमान, शान कुरैशी आदि मौजूद थे। वहीं पहलगाम में हुए हमले के बारे में मुस्लिम समाज के लोगों ने कहा कि यह इंसानियत की हत्या है। कार्रवाई होनी चाहिये।



## मामूली विवाद में कार सवार युवकों को बेरहमी से पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** मंगलवार रात बिनौली बस स्टेंड के निकट मामूली विवाद में कुछ युवकों ने कार सवार युवकों को बेरहमी से पीटा। चीख पुकार सुनकर लोग आए तो आरोपी फरार हो गए। पीड़ितो ने थाने में घटना की तहरीर दी है। मिली जानकारी के अनुसार पांचली बुजुर्ग गांव निवासी अनस पुत्र यूनुस दूध का व्यापार करता है। मंगलवार रात वह अपनी वैगनआर कार में सवार होकर जेवरी से साथी साहिल पुत्र खालिद, चाहत पुत्र अन्ने हसन के साथ वापस लौट रहा था। बिनौली रोड चौराहे पर वे एक दुकान से सामान लेने के लिए रुक गए। जैसे ही उन्होंने गाड़ी की खिड़की खोली तो वहां खड़े युवक के लग गई। इस बात को लेकर युवक ने उनके साथ गाली गलौच कर दी। विरोध करने पर आरोपी ने अपने साथियों को बुला लिया। इसके बाद उन्होंने कार सवार युवकों पर हमला कर दिया। आरोपियों ने तीनों को दौड़ा दौड़ा कर पीटा। भीड़ बढ़ने पर आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ितो ने थाने पहुंचकर पुलिस को मामले से अवगत कराया, साथ ही तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया।

# पहलगाम आतंकी घटना पर खैरनगर व्यापारियों ने किया दुख व्यक्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पहलगाम में हुए आतंकवादी घटना में मारे गए भारतीयों की शहादत में खैर नगर दवा बाजार में शोक सभा का आयोजन किया गयास व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद कर दुख व्यक्त करते हुए देश के प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री और गृह मंत्री से मांग की है की आतंकवादी घटना दोबारा ना हो इसके लिए कड़े कदम उठाए जाने चाहिए।

व्यापारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की और इसके बाद निर्णय लिया कि आज पूरा दिन बाजार बंद कर इसका विरोध किया जाएगा। उन्होंने बताया है कि जिस तरह कश्मीर में पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर आतंकवादियों ने हमला कर उनकी हत्या की है वह घोर निंदनीय है। हम उनको जवाब देने में पूर्ण रूप से सक्षम भारतीय सेवा कोआदेश दिया जाए कि ऐसे लोगों का वह हाल करें कि भविष्य में कोई भी दुश्मन भारत देश की तरफ आंख उठाकर भी ना देखें, जब तक पूर्ण रूप से शांति ना हो जाए वहां पर पर्यटन पर बैन लगा देना चाहिए। इस दौरान रजनीश कौशल, राजीव ग्रोवर, सुनील अग्रवाल, हेमंत बंसल, गुड्डू, मनोज आदि उपस्थित रहे।

# यूपीकैटेट इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण छात्रों के लिए कृषि के क्षेत्र में कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ के कुलसचिव डॉ. रामजी सिंह ने बताया कि राज्य कृषि विश्वविद्यालयों में छात्रों का प्रवेश प्रदेश स्तरीय उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी प्रवेश परीक्षा (यूपीकैटेट) 2025 के माध्यम से होता है। इस वर्ष यूपीकैटेट 2025 में प्रवेश परीक्षा का आयोजन कृषि विश्वविद्यालय कानपुर द्वारा कराया जा रहा है जिसमे आनलाइन आवेदन प्रक्रिया 17 मार्च 2025 से ही प्रारंभ की जा चुकी है तथा आवेदन की अंतिम तिथि 7 मई 2025 है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों में सूचना के अभाव में ज्यादातर छात्र इस परीक्षा को देने से वंचित रह जाते है जिससे उनके हाथ से एक सुनहरा अवसर छूट जाता है। विशेषकर यदि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के गांव व शहरी क्षेत्र की बात करें तो इस क्षेत्र में छात्रों एवं अभिभावकों में कृषि शिक्षा के प्रति जागरूकता की कमी है। इंटरमीडिएट विज्ञान अथवा कृषि में उत्तीर्ण छात्र बीएससी (कृषि) अथवा अन्य समकक्ष पाठ्यक्रम जैसे बागवानी (उद्यान), वानिकी, कृषि अभियंत्रण, खाद्य व दुग्ध प्रौद्योगिकी, पशु चिकित्सा विज्ञान, सामुदायिक (गृह) विज्ञान, मत्स्य विज्ञान व गन्ना प्रौद्योगिकी में प्रवेश ले सकते है। उत्तर प्रदेश में वर्तमान में कुल 05 राज्य कृषि विश्वविद्यालय संचालित है। इन विश्वविद्यालयों में शिक्षा और अनुसंधान का स्तर अन्य किसी भी विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों से बेहतर होता है तथा साथ ही छात्रों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की जानकारी और अच्छा शैक्षणिक माहौल भी मिलता है। यदि कृषि के क्षेत्र में नौकरी की बात करें तो आज भी कृषि के क्षेत्र में अन्य क्षेत्रों की तुलना में अपार संभावनाएं हैं परंतु इसके लिए शिक्षा संस्थान जहाँ से शिक्षा ली गई है बेहद आवश्यक रखता है। कृषि विश्वविद्यालयों में बीएससी (कृषि), एमएससी (कृषि) व पी-एचडी करके प्रशासनिक पदों के साथ ही कृषि व अन्य सम्बंधित विभागों मे अधिकारी व कर्मचारी के रूप में चयनित हो सकते है साथ ही उच्च शिक्षा प्राप्त कर विभिन्न राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय संस्थानों में वैज्ञानिक, महाविद्यालय व विश्वविद्यालयों मे सहायक प्राध्यापक आदि पदों पर भी चयनित हो सकते हैं। इसके अतिरिक्त बैंकों व अर्ध सरकारी कंपनी तथा निजी कंपनियों में भी कृषि के छात्रों को अच्छी नौकरी मिलती है। ग्रामीण छात्राओं के लिए भी कृषि विश्वविद्यालयों से शिक्षा ग्रहण करना एक बेहतर विकल्प है यहाँ से शिक्षा और प्रशिक्षण प्राप्त करके ग्रामीण व शहरी युवा भी कृषि के विभिन्न क्षेत्रों में उद्यम स्थापित करके न केवल अपना भविष्य उज्जवल कर सकते है बल्कि अन्य लोगों को आय एवं रोजगार के साधन मुहैया करा सकते है इसलिए इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण विज्ञान व कृषि के छात्रों को सलाह है कि आनलाइन की आवेदन प्रक्रिया, पाठ्यक्रम, सीटों की संख्या, शैक्षणिक अर्हता, शुल्क व अन्य विवरण यूपीकैटेट-2025 की बेवसाइट https://upcatet.net or https://csauk.ac.in पर उपलब्ध है। आगामी 07 मई 2025 से पहले अपना आवेदन ऑनलाइन ही पूर्ण करें।



कुलपति प्रो. के.के. सिंह



कुलसचिव प्रो. रामजी सिंह

# धरती को हरितमय बनाने का लिया संकल्प



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किला।** परीक्षितगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम आसिफाबाद स्थित रिवरडेल इंटरनेशनल स्कूल में पृथ्वी दिवस बड़े जोश व उल्लास के साथ मनाया गया सभी छात्र-छात्राएं हरे वस्त्र में अपने साथ छोटे पौधे लेकर आए सभी बच्चों ने अपने हाथों से एक-एक पौधा लगाया। विद्यालय का प्रांगण हरे हरे पौधों से भर गया और पूरा विद्यालय हरितमय हो गया। स्कूल की प्रधानाचार्या सुमन सोमल ने बच्चों को पृथ्वी दिवस का संदेश देते हुए कहा कि हमें हर दिन पृथ्वी दिवस के रूप में मनाना चाहिए सिर्फ पेड़ पौधे ही नहीं हमें स्वच्छता का भी ध्यान रखना चाहिए साथ ही उन्होंने पृथ्वी को सभी प्रकार के प्रदूषण से भी बचाने का संदेश दिया। बच्चों के साथ विद्यालय के सभी शिक्षकों व सहकर्मियों ने भी पेड़ लगाए व धरती को हरितमय बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर शिक्षिका संगीता प्रजापति, मुस्कान सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# पाकिस्तान का पुतला फूंका

## पहलगाम में नरसंहार, निर्णायक कार्यवाही करे सरकार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी घटना से लोगों में तीव्र आक्रोश है। हर तरफ गम और गुस्से की लहर दौड़ गई। लोगों ने सरकार से कठोरतम कार्रवाई की मांग की है। इस घटना ने प्रत्येक संवेदनशील व्यक्ति को झकझोर दिया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार हिंदू समाज के लोगों ने पुतला फूंका और प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया। नुमाइश ग्राउंड चौक पर हिंदू समाज के अंशुल राजपूत, धर्मेन्द्र कटारिया, अभिषेक पाराशर, ललित राजपूत, लव खन्ना, प्रशांत राणा, ऋषभ राजपूत, संदीप राजपूत, राजेश वर्मा, अभिषेक राठी, ओमप्रकाश सिंह, हेमंत कुमार, नवनीत खेल शर्मा, अनुज कुमार आदि पहुंचे और पहलगाम की घटना पर रोष व्यक्त करते हुए पाकिस्तान का पुतला फूंका। आक्रोशित लोगों ने पाकिस्तान व आतंकवाद के खिलाफ नारे लगाए। बाद में प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया। ज्ञापन में हमले की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों को कठोर सजा दिलाने, हमले में पाकिस्तान की संलिप्ता की गहन जांच कराने तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही कराने, आतंकवादी संगठनों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कदम उठाने, उनके वित्तीय स्रोतों को समाप्त करने, सीमा पर सुरक्षा को और सख्त किए जाने, पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा और पुर्नवास सहायता प्रदान करने, आतंकवाद के खिलाफ जनजागृति अभियान चलाने तथा पहलगाम की घटना से जुड़े सभी साक्ष्य सार्वजनिक करने आदि की मांग की गई है।

# पहलगाम में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए शोकसभा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** इंद्रलोक कॉलोनी के पार्क में पहलगाम में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए शोकसभा की गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार स्थानीय इंद्रलोक कॉलोनी के पार्क में आज सैकड़ों कॉलोनी वासियों की उपस्थिति में एक शोकसभा की गई। जिसमें जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा पूछ-पूछ कर मारे गए 28 हिन्दू पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रख कर ईश्वर से प्रार्थना की गई। मृतकों के परिजनों को इस दारुण दुख को सहन करने की परमात्मा शक्ति दे एवं उनकी पुण्य आत्मा को शांति प्रदान करें तथा भारत सरकार से आग्रह किया गया कि आतंकियों को इस घटना का कठोरतम जवाब दे ताकि आतंकवादी दोबारा ऐसी पुनावर्ती करने की सोचे भी नहीं। हिन्दू पर्यटकों पर पूछ-पूछ कर किए गए आतंकी हमलें की घोर निंदा की गई।

शोक सभा में राजकुमार राठी, एके सिंह, योगराज सिंह, ओपी राणा, वीर सिंह, राजकुमार राजा, देवेंद्र सिंह, विनीत शर्मा, भूदेव सिंह, कपिल चौधरी, दीपक सम्बवाल, राजू चौधरी कपिल चौधरी, ओम प्रकाश मास्टर, हिरेंद्र सिंह, देवेंद्र फौजी, विकास चौधरी, कपिल त्यागी, दिनेश तोमर, अजय महिंद्रा, रवि तद्याल, मनोज फौजी, तेजपाल सिंह, राजू चौधरी आदि सैकड़ों कॉलोनी वासी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### मुनकाद अली का जोरदार स्वागत



**नूरपुर।** बसपा पार्टी के पूर्व राज्यसभा सांसद पश्चिम उत्तर प्रदेश के प्रभारी बाबू मुनकाद अली का नूरपुर पहुंचने पर पूर्व नगर पालिका प्रत्याशी डॉ. एहतेशाम अंसारी ने अपने सैकड़ों समर्थक व बसपा कार्यकर्ताओं ने गले में फूल माला डालकर स्वागत किया। बसपा प्रभारी बाबू मुनकाद अली अपने निजी कार्यक्रम से स्योहारा जा रहे थे। उन्होंने पार्टी के कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा है कि आने वाला कल बसपा का है। प्रदेश की जनता बसपा के कार्यकाल को याद कर रही है। अपनी सरकार में बहन मायावती ने सभी वर्गों के लोगों को सम्मान देने का काम किया है। केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार में मंहगाई चरम सीमा पर है। नौजवान युवा बेरोजगार घूम रहे हैं, किसान परेशान हाल है। भाजपा सरकार में अपराधी खुलेआम अपराध कर रहे हैं। जब प्रदेश में बसपा की सरकार थी तो प्रदेश में कानून का राज था। उन्होंने कहा है कि भाजपा सरकार ने आठ सालों में हिन्दू मुसलमानों को बांटने का काम किया है। इस मौके पर डॉ. एहतेशाम अहमद अंसारी, जिला प्रभारी काके सिंह रवि, वरिष्ठ बसपा नेता विधान सभा प्रभारी डॉ. शमशाद अहमद, विधानसभा अध्यक्ष बलवंत सिंह, मौलाना असरारुल हक, डॉ. आरिफ सिद्दीकी, मुजाहिद फारूकी, डॉ. जैद, दिलबहार मलिक, डॉ. आर्यन मलिक, समीर इदरीसी, हाजी नसीम अहमद अंसारी, तंजीम अहमद अंसारी, वीके वर्मा, उस्मान भारती, अनवर अली सिद्दीकी, तस्लीम सिद्दीकी आदि लोग मौजूद रहे।

### कार की टक्कर से भैंस की मौत



**अफजलगढ़।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम आलमपुर गांवड़ी के निवासी असगर अली पुत्र अब्दुल हमीद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी भैंस उसके घर बाहर घेर में बंधी हुई थी कि ग्राम के ही अकरम पुत्र अफसर ने अपनी स्विफ्ट डिजायर कार नंबर यू.पी. 20 सीएच **8685** द्वारा तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उसकी भैंस को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि भैंस हवा में उछलकर सड़क पर जा गिरी और तड़प-तड़प कर भैंस ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। शोर की आवाज पर ग्रामीण आ गए। असगर अली ने पुलिस को तहरीर देकर कार चालक अकरम के विरुद्ध कार्रवाई करने की गुहार लगाई।

### इकबाल शम्सी का इंतकाल

**नजीबाबाद।** आकाशवाणी नजीबाबाद के पूर्व अस्थायी उद्घोषक इकबाल शम्सी (62 वर्ष) काी बीती रात अचानक तबीयत खराब होने के बाद इंतकाल हो गया। जिससे उनके परिवार में कोहराम मच गया। इकबाल शम्सी मौहल्ला बसंतीमाता पर सीरत मिशन शम्सी मॉडल स्कूल चलाते थे। वह करीब 28 साल तक आकाशवाणी के अस्थायी उद्घोषक रहे है। उनके इंतकाल पर दानिश सैफी सहित शहर के लोगों ने उनके निवास पर पहुंचकर रंजोगम का इजहार किया है।

### बच्चों का टीकाकरण करने के निर्देश

**कोतवाली देहात।** खंड विकास अधिकारी कार्यालय में आयोजित बैठक में एसडीएम ने छूटे हुए बच्चों के टीकाकरण करने के निर्देश दिए। आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम नगीना रामप्यारे जायसवाल ने कहा कि विश्व टीकाकरण दिवस के अवसर पर 24 अप्रैल से 10 मई तक समस्त छूटे हुए बच्चों को टीकाकरण कराया जाना है। समस्त बच्चों को टीडी टीकाकरण से आच्छादित किया जाएगा। उन्होंने सभी विभागों से टीकाकरण में सहयोग का आह्वान किया। बैठक में खंड विकास अधिकारी मनवीर सिंह,प्रभारी चिकित्सा अधिकारी विशाल दिवाकर, सीडीपीओ अभिषेक कुमार आदि मौजूद रहे।

### अधिक ब्याज वसूलने का आरोप

**कोतवाली देहात।** कोतवाली देहात स्थित कार्यालय पर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन भानू के राष्ट्रीय महासचिव नरेश प्रधान ने कहा कि वर्ष 2024-25 में किसानों द्वारा सहकारी समितियां से लिए गए ऋण पर 7% का ब्याज वसूला जा रहा है जो कि गलत है। अब तक तीन प्रतिशत ब्याज के आधार पर सहकारी समिति किसानों को ऋण उपलब्ध कराती हैं। इस संबंध में कोई भी अधिकारी स्पष्ट बात बताने को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि किसानों से तीन प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से ही ऋण की वसूली की जाए। यदि ऐसा नहीं होता है तब संगठन आंदोलन करने को मजबूर होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि कोई भी अधिकारी कोई स्पष्ट आदेश नहीं दिखा पा रहा है। किसानों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।बैठक में जगत सिंह, हमीदुल्लाह, तफसीर अहमद, नईम अहमद, सौवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

### जान से मारने की धमकी

**कोतवाली देहात।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति ने थाने में तहरीर देकर बताया कि एक युवक उसकी पुत्री का रिश्ता तुड़वा देता है। युवक पर आरोप लगाया कि उसने उसके होने वाले दामाद को जान से मारने की धमकी दी। इस संबंध में युवक द्वारा गाली गलौज की एक ऑडियो रिकॉर्डिंग भी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### मिलेनियम में पोस्टर प्रतियोगिता

**कोतवाली देहात।** मिलेनियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पृथ्वी दिवस कार्यक्रम मनाया गया, जिसमें कक्षा 6 से कक्षा 12 तक के छात्र छात्राओं के द्वारा पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यक्ष श्रीमती मीना सिंह, प्रधानाचार्य अजय कुमार एडमिनिस्ट्रेटर अबुल कलाम व कोऑर्डिनेटर शालिनी चौहान ने पौधारोपण करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद विद्यालय में पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं ने पृथ्वी दिवस के अवसर पर पोस्टर के माध्यम से वर्षों के महत्व के बारे में बताया। इसके बाद सभी छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में सत्येंद्र कुमार, सोनवीर सिंह, शिल्पी, रितु, अनु चौधरी आदि शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय कुमार ने सभी बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया। सभी अभिभावक ने छात्र-छात्राओं की प्रशंसा की।

# पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ किया गिरफ्तार



## घर के बाहर से चोरी हुई थी बाइक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** पुलिस ने एक मोटरसाइकिल चोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार मोनू पुत्र सुरेन्द्र निवासी ग्राम खानपुर थाना किरतपुर जनपद बिजनौर ने थाना किरतपुर पर तहरीर दी कि 21 अप्रैल को उनके घर के सामने खड़ी मोटर साइकिल स्प्लेंडर जिसका नम्बर यूपी15एक्स7943 है, अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई।

तहरीर के आधार पर थाना किरतपुर पर मु.अ.सं. 88/2025 धारा 303(2) बीएनएस बनाम अज्ञात अभियोग पंजीकृत किया गया। थाना किरतपुर पुलिस द्वारा विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान उक्त अभियोग में अभियुक्त सतेन्द्र पुत्र ध्यान सिंह निवासी ग्राम खानपुर थाना किरतपुर का नाम प्रकाश में आया। जिसको चोरी हुई मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार, दरोगा देवेन्द्र कुमार हेड कांस्टेबल श्याम, कांस्टेबल सतेन्द्र कुमार रहे।

# अवैध होर्डिंग पर चला बुलडोजर

## सड़क सुरक्षा के लिए बड़ा कदम, प्रशासन के इस कार्य की सराहना





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** नगर पंचायत मंडावर ने अवैध होर्डिंग के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए मंगलवार को एक बड़े अभियान को अंजाम दिया। नगर की सीमाओं पर बस स्टैंड, बिजनौर चुंगी और अन्य प्रमुख स्थानों पर प्रीतम सिंह द्वारा लगाए गए अवैध होर्डिंग को नगर पंचायत प्रशासन ने बुलडोजर की मदद से ध्वस्त कर दिया। इस कार्रवाई ने न केवल सड़क सुरक्षा के प्रति प्रशासन की गंभीरता को उजागर किया, बल्कि नगर में अव्यवस्था फैलाने वालों को भी कड़ा संदेश दिया।

नगर पंचायत मंडावर के प्रशासन ने इस अभियान के लिए एक विशेष टीम का गठन किया था, जिसमें लिपिक राजकुमार, बाबू, चंचल कुमार, रामावतार, शाहबाज अहमद, नावेद अहमद, रिंकू, प्रकाश, लतीफ, राजू और कृष्णा शामिल थे। यह टीम बुलडोजर के साथ मौके पर पहुंची और अवैध होर्डिंग को तत्काल हटाने का काम शुरू किया। कार्रवाई के दौरान स्थानीय लोग भी मौके पर जमा हुए और प्रशासन के इस कदम की सराहना की।

लिपिक राजकुमार ने बताया कि यह कार्रवाई उच्च प्रशासनिक आदेशों के तहत की गई। उन्होंने कहा कि अवैध होर्डिंग के कारण मंडावर में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ रही थी। ये होर्डिंग यातायात में बाधा उत्पन्न करने के साथ-साथ रात के समय विशेष रूप से खतरनाक साबित हो रहे थे। प्रशासन का लक्ष्य इन होर्डिंग्स को हटाकर सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना और नगर को व्यवस्थित बनाना है।

स्थानीय निवासियों ने इस कार्रवाई को सड़क सुरक्षा और नगर की स्वच्छता के लिए एक ऐतिहासिक कदम करार दिया। मंडावर के रहने वाले लोगों ने कहा कि ये होर्डिंग रास्तों को अवरुद्ध करते थे और कई बार हादसों का कारण बनते थे।

नगर पंचायत का यह कदम सराहनीय है और इससे नगर की सड़कें अब सुरक्षित होंगी।

# सेंट मैरी में कैबिनेट मेम्बर का गठन

## हेड बॉय वेदांश भारद्वाज और हेड गर्ल रितिका भारद्वाज को चुना गया



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सेंट मैरी स्कूल में आज कैबिनेट मेम्बर 2025-26 का गठन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक फादर शाजू, प्रधानाचार्या सिस्टर रिन्सी और सिस्टर एंजेल उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरुआत तिलक समारोह एवं बुके देकर की गई। मनमोहक प्रार्थना नृत्य ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इस बार के हेड बॉय वेदांश भारद्वाज और हेड गर्ल रितिका भारद्वाज को चुना गया। असिस्टेंट हेड बॉय आयुष अग्रवाल और असिस्टेंट हेड गर्ल तनीषा चौधरी होंगी।

हाउस कैप्टन्स की बात करें, तो अल्फोंसा हाउस की कैप्टन अक्षरा पंडित होगी, वाइस कैप्टन अर्णव शेरावत और रिद्धि वशिष्ठ होंगी। कलाम हाउस के कैप्टन अभिमन्यु राणा होंगे, वाइस कैप्टेन भव्य कौशिक और अनुष्का कौशिक होंगी। गांधी हाउस के कैप्टन पार्थ सिंह होंगे, वाइस कैप्टन अजकह खान और अनंत कुमार होंगे। रानी मरिया हाउस की कैप्टन ओणिक गुलाटी होंगी, वाइस कैप्टन ओवैस और धान्य चौधरी होंगी।

इसके अलावा, जनरल सेक्रेटरी धैर्य सिंह और खुशी लोचन को बनाया गया। ज्वाइंट सेक्रेटरी एमन आसिफ, ग्रेसी सिंह, आभास भारद्वाज और अवनी राणा रहेंगे।

स्पोर्ट्स कैप्टन मोजिज अब्बास और हरमनदीप कौर होंगी तो वहीं बैंड लीडर दिव्य तोमर और अभिनव तोमर होंगे।

एल.सी.ए. कमिटी में अध्यापिका तनुश्री रस्तौगी, अस्मा इकबाल, प्रभा, वैशाली और अध्यापक आदित्य खन्ना शामिल हैं।

# आतंकवादी घटना ने किया शर्मशार: डॉ. महेंद्र प्रताप

## पूरे देश में गम व गुस्से की लहर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** जम्मू कश्मीर के पहलगांव में आतंकवादी घटना ने हर किसी को शर्मशार कर दिया। पूरे देश में गम व गुस्से की लहर दौड़ गई।

इस आंतकवादी घटना को लेकर नगर पालिका चेयरमैन भाजपा नेता डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगांव में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की घटना बहुत दुखद अफसोसजनक है। भारत सरकार को इन दरिंदों पर कठोरतम कदम उठाकर ऐसा फैसला करें, जिससे आतंकवादी फिर से कभी भी कोई कदम ना उठाए। इन आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब देने की जरूरत है। इस घटना ने मासूम लोगों की हत्या कर इंसानियत को शर्मशार कर दिया है। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों का कोई मजहब नहीं होता। आतंकवादियों ने गरीब मीर शाह को भी गोली मारकर हत्या कर गरीब परिवार का रोजी रोटी का सहारा छीन लिया। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व देश के गृहमंत्री अमित शाह पाकिस्तान को ईंट का जवाब घर में घुसकर गोली से देने का काम करें। तभी देश के लोगों का गुस्सा कम होगा। इस आतंकवादी घटना में जो लोग मारे गए, उन परिवारों के साथ इस दुख की घड़ी में मैं साथ खड़ा हूं। इस घटना की कठोर निंदा करता हूं।

### व्यापारियों ने मोनू टाटा का किया स्वागत

**नजीबाबाद।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन नवाब नजीबुद्दौला मार्केट स्टेशन रोड शाखा के नवनियुक्त अध्यक्ष मोनू टाटा का व्यापारियों ने फूल-मालाओं से स्वागत किया।

स्टेशन रोड के व्यापारियों ने मोनू टाटा को शाखा अध्यक्ष बनाए जाने पर खुशी का इजहार किया। नवनियुक्त शाखा अध्यक्ष मोनू टाटा ने कहा कि वह स्टेशन रोड के प्रत्येक व्यापारी की समस्या को सुनकर उसका हल कराने का पूरा प्रयास करेंगे। किसी भी व्यापारी का शोषण नहीं होने देंगे। स्वागत करने वालों में व्यापारी अदनान, नदीम, आसिफ, वजाहत, शावेज, शादाब, मौहम्मद अदनान, सरताज, मुश्ताक, नफीस, फैसल, शहजाद अंसारी, जुबैर फरीदी, यूसुफ, मौहम्मद रफी, शानू, राजेंद्र, विक्की, मौहम्मद ताजीम, मौहम्मद नफीस, तनवीर, नौशाद आदि मौजूद रहे।

# सैनी सभा समिति ने रखी राजू के मकान की नींव

## शिशु कलां निकेतन में कराया एडमिशन, आज स्कूल गया राजू





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** अनाथ राजू के मकान की मंगलवार की शाम सैनी सभा समिति की ओर से नींव रखी गई। वहीं बुधवार की सुबह शिशु कलां निकेतन स्कूल में एडमिशन के बाद राजू स्कूल भी गया।

कस्बे के मौहल्ला सत्तीयान निवासी परवीन सिंह की छह दिन पूर्व बीमारी के चलते मृत्यु हो गई थी। परिवार के सभी सदस्यों की मृत्यु के बाद राजू अनाथ हो गया है। इस मामले को शाह टाइम्स सहित मीडिया ने काफी हाईलाइट किया था। तीन दिन पूर्व सैनी सभा के जिलाध्यक्ष कल्याण सिंह सैनी व भाजपा पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष तिलकराज सैनी राजू के पन्नीनुमा घर पहुंचे थे और समिति बनाकर जल्द ही मकान बनवाने को कहा था। मंगलवार की शाम समिति की ओर से राजू के हाथ से नींव की पहली ईंट रखवाकर मकान का निर्माण कार्य शुरू कराया गया है। वहीं मौहल्ला निवासी समिति सदस्य सतेंद्र सैनी ने बताया कि बुधवार की सुबह स्थानीय शिशु कला निकेतन स्कूल में कक्षा तीन में राजू का एडमिशन कराया गया है। इस दौरान वह कक्षा में बच्चों के साथ खुश भी दिखाई दिया है। इन दौरान डॉ. राजपाल सिंह सैनी, बृजेश कुमार, हरीश कुमार, ब्रह्मपाल सिंह, कृष्ण कुमार आदि मौजूद रहे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

'शाह टाइम्स'

की शत-प्रतिशत गारंटी

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

मोबाइल नम्बर:- 9927777377

samiullah.bijnor@gmail.com

# पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** बार एसोसिएशन एण्ड लाइब्रेरी मुरादाबाद में पहलगाम में हुए आतंकी हमले के संदर्भ में शोक सभा सरकार 11:00 बजे आयोजित की लोकसभा में अधिवक्ताओं ने मृतक देशवासियों को श्रद्धांजलि तथा भारत सरकार की आतंकवादियों के विरुद्ध कठोर कदम उठाकर कश्मीर में शांति बहाल करें कहा कि देश के विकास में आतंकी गतिविधियां निश्चित रूप से रोड बनकर आती है लेकिन वर्तमान सरकार से यह आशा की जाती है कि देश की प्रगति निरंतर चलती रहे और आतंकवादी और उनको पाना देने वाले देश के गद्दारों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करते हुए उनको नेस्तनाबूद करें शोक सभा की अध्यक्षता बार अध्यक्ष श्री प्रदीप सिन्हा एडवोकेट ने की तथा संचालन अभिषेक भटनागर ने किया शोक सभा में मुख्य रूप से वक्ताओं में मुफाहिद अली, विपिन कुमार गुप्ता,राम मोहन श्रीवास्तव,अमीरुल हसन जाफरी,परमाल सिंह, ओमपाल सिंह, नासिर हुसैन, शिमताभ सिन्हा, अब्दुल रहमान, दिनेश चन्द्र तिवारी, मुजम्मिल खां,कपिल गुप्ता, धर्मेंद्र सिंह,शैवी शर्मा,अंजार हुसैन, प्रभात गोयल, इकबाल हुसैन,अनुज विश्नोई, राजीव चौधरी, आदि मौजूद रहे। शोक सभा के अन्त में 2 मिनट का शोक रखा गया।

**उधर,** जिला बार एसोसिएशन पुलगांवा में हुई दुखद आतंकी हमले की घटना पर दु:ख प्रकट किया तथा दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। आतंकी हमले की घोर निंदा की गई सभा की अध्यक्षता अनिल पाल सिंह ने संचालन महा सचिव ध्रुव सक्सैना ने किया।सभा में सोमपाल सिंह, सुरेन्द्र पाल सिंह, प्रकाश वीर सिंह, डीजीसी सिविल अजयगुप्ता, हरस्वरूप सिंह,भीकम सिंह, चेतेंद्र पाल सिंह, अफाक हैदर आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

**उधर,** महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा की गई।प्रार्थना सभा में मेजर राजीव ढल ने इस कायराना आतंकी हमले की निंदा की और इस आतंकी हमले में मारे गए पर्यटको को श्रद्धांजलि अर्पित की।मेजर राजीव ढल ने कहा कि जिहादी मानसिकता के लोग इस तरह की कायराना हरकत करते हैं उन्होंने कहा कि आतंकवादियों ने धर्म पूछ कर हिंदू होने पर उनकी हत्या कर दी और मानसिक विकृति तो इतनी है कि लोगों की पेंट उतरवा कर धार्मिक पहचान देखकर उनकी हत्या की. उन्होंने आगे कहा कि चाहे पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान हो या बांग्लादेश या भारत में बंगाल के मुर्शिदाबाद में हिंदुओं की निर्मम हत्याएं हो रही है और चुन चुन कर कायराना तरीके से हिंदुओं पर हमले हो रहे हैं और उन्हें मारा जा रहा है इस मानसिक विकृति के खिलाफ हमें आवाज उठानी होगी देश की जनता को इन जेहादी मानसिकता वाले लोगों के खिलाफ जाति धर्म से ऊपर उठकर आवाज उठानी होगी। और सरकार से भी इसकी कड़ी जवाबी कार्यवाही की उम्मीद है। इस श्रद्धांजलि सभा में बाद में प्रधानाचार्य अरुण कुमार शुक्ला, मेजर राजीव ढल एवं समस्त स्टाफ व छात्रों द्वारा मृतकों की आत्मा की शांति के लिए २ मिनट का मौन धारण किया। इस मौके पर अरुण कुमार शुक्ला,मेजर राजीव ढल,सुशील चंद्र गुप्ता, पुनीत गुप्ता,ग्रंथ सिंह, डॉ सोमलता चौहान,



संजय कुमार,जगपाल सिंह, धर्मेंद्र वंश,राजीव गुप्ता,हेमंत कुमार,प्रखर सिंह, विमल कुमार, रति कौशिक,मोनिका शर्मा, सलोनी शर्मा सहित समस्त स्टाफ व बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे। **उधर,** नागरिक एकता समिति के राष्ट्रीय मुख्य महासचिव फैजान सलमानी ने कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी घटना की कड़ी निंदा की और इस हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि इस घटना ने पूरे देश को हिला कर रख दिया है और ऐसी घटनाओं को देश की शांति पसंद जनता बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करेगी।केंद्र सरकार से मांग की है कि आतंकियों पर जल्द से जल्द और कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा और शांति बनाए रखने के लिए सरकार को कड़े कदम उठाने होंगे। नागरिक एकता समिति इस घटना की जांच और दोषियों को कड़ी सजा दिलाने के लिए सरकार से अपील करती है। आगे कहा कि देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए हमें एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ लड़ना होगा। उन्होंने देश के लोगों से अपील की है कि वे शांति और सौहार्द बनाए रखें।

## एक नजर

### कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए मृतकों को मौन धारण कर दी श्रद्धांजलि

**कुंदरकी ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** इण्डियन पब्लिक जूनियर हाईस्कूल ग्राम ढकिया जुम्मा में मंगलवार को कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए मृतकों को मौन धारण कर श्रृंदाजली दी गई।जिसमें विद्यालय के समस्त छात्र छात्राओं और अध्यापकों ने मृतकों की आत्मा की



शान्ति के लिए मौन धारण किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य मोहम्मद तय्यब अली,मैनेजर मोहम्मद इकराम अध्यक्ष हसमत अली , अरविन्द कुमार, सुरेंद्र सिंह, विपिन कुमार, शिवम्, प्रिंस कुमार गौतम, शादमा, मासूम फात्मा, तहरीद, पूजा,मिस्बाह खान, जोया, सिफत,आदि लोग भी उपस्थित रहे।

### जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय में कक्षा नौ में चार छात्र छात्राओं का हुआ चयन

**कुन्दरकी।** नगर के चार होनहारों का जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय नई दिल्ली की कक्षा नौ की प्रवेश परीक्षा में चयन हुआ है।



रमीशा खान पुत्री शराफत खान एडवोकेट, सरफराज खान पुत्र महफूज खान एडवोकेट, सययदा शाहनवाज हैदर, तुअन नाज पुत्री डा० आमिर अली का चयन हुआ है। इस अवसर शिक्षक तौकीर खान, मौहम्मद वासिफ, तसलीम खान और अभिभावकों ने खुशी का इजहार किया।

### एसएम डिग्री कॉलेज का नाम बदलकर बर्खास्तगी केन्द्र करने की मांग की

**चन्दौसी।** नगर के एस.एम. डिग्री कॉलेज में बर्खास्त हुए प्रोफेसर डा0 प्रवीण कुमार के भाई सुभाषचंद कश्यप द्वारा जहां तहसील में धरना प्रदर्शन करते हुए कॉलेज के प्रबंधन तंत्र के खिलाफ कार्यवाही की मांग की गई। बर्खास्त प्रोफेसर के भाई सुभाषचंद द्वारा बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम उपजिलाधिकारी चन्दौसी को ज्ञापन सौंपा गया जिसके द्वारा मांग की गई कि एस.एम. कॉलेज चन्दौसी प्रबंधन तंत्र ने पिछले लगभग एक महीने में दो प्रोफेसर व एक प्राचार्य को नौकरी से बर्खास्त कर दिया। पूर्व में भी अनगिनत बर्खास्तगी की हुई है। ज्ञापन द्वारा मांग की गई कि एस.एम. कॉलेज चन्दौसी का नाम बदलकर 'कर्मचारी/प्रोफेसर/प्राचार्य बर्खास्तगी केन्द्र' किया जाये।

# किसान का दस बीघा गेहूं जल कर राख, उठाई मुआवजे की मांग




**कांठ( शाह टाइम्स )।** किसान के खेत में रखा दस बीघा गेहूं जलकर राख हो गया पीड़ित किसान ने प्रशासन से मुआवजा दिलाए जाने की मांग उठाई है। तहसील क्षेत्र के गांव मधुआ खालसा निवासी हेतराम पुत्र मुखराम सिंह की 10 बीघा गेहूं की फसल खेत पर निकासी के लिए इकट्ठा हुई थी। बताया गया कि किसी ने उक्त फसल में आग लगी देखी तो उन्हें सूचना दी सूचना पर पीड़ित किसान मौके पर पहुंचा और ग्रामीणों के सहयोग से आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन तब तक पूरी की पूरी फसल जलकर राख हो गई सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची किसान ने प्रशासन से मुआवजा दिलाए जाने की मांग उठाई है।

# राजीपुर खादर के कंपोजिट विद्यालय में बच्चों को किया गुड टच और बेड टच के बारे में जागरूक

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** अंबेडकर जयंती पर 15 दिवसीय कार्यक्रम में भागीदारी करते हुए उच्च प्राथमिक विद्यालय राजीपुर खद्दर ( कंपोजिट ) में गुड टच /बैड टच की जानकारी एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मीना मंच शुगमकर्ता साहिका बबीता सैनी ने छात्राओं को बताया कि हमारा समाज विकसित हो रहा है लेकिन इसके साथ ही मनुष्य कीअपराधिक भावना भी बढ़ रही है मानव को पिछली युग में कई बदलाव देखने को मिले हैं कुछ समय पहले अपराधिक दिमाग वाले लोग समाज की वस्तुओं को निशाना बनाते थे लेकिन हाल के वर्षों में यह छोटे बच्चों और शिशुओं को निशाना बनाने लगे हैं मानवता पशुता में ढलती जा रही है छोटे बच्चों और शिशुओं को वह लोग निशाना बनने लगे जो अपनी यौन आकर्षण के लिए इनका गलत इस्तेमाल करते हैं क्योंकि इन्हें मालूम है कि कम उम्र के बच्चे कमजोर व नासमझ होते हैं और दूसरों से जल्दी घुल मिल जाते हैं वह दूसरों पर जल्दी विश्वास भी कर लेते हैं इस तरह के ज्यादातर अपराधी घर में से ही या और आस-पड़ोस या जान पहचान वाले ही होते हैं ।छात्रों को यौन शोषण से बचाव के लिए शुगमकर्ता ने शारीरिक गतिविधि के माध्यम से गुड टच क्या है अगर कोई आपको टच करता है और आपको अच्छा लगता है या स्नेह की अनुभूति होती है तो यह गुड टच कहलाता है इसको आप अपनी मां पिता बड़ी बहन दादी के टच से महसूस कर सकते हैं बैड टच क्या होता है-जब कोई व्यक्ति आपको इस तरह से छूता है कि आप इसे असहज महसूस करते हैं या फिर उसे व्यक्ति का छूना आपको बुरा लगता है यह बैड टच कहलाता है इसके साथ ही अगर



कोई अनजान व्यक्ति आपके प्राइवेट पार्ट्स को छूने का प्रयास करता है तो यह भी बैड टच है तीसरी कंडीशन में अगर कोई व्यक्ति आपको इस तरह से छूता है जिस पर आप असहाय हो जाते हैंऔर वह व्यक्ति आपको इसके बारे में किसी को न बताने के लिए कहता है यह बैड टच है । शुगम कर्ता द्वारा शारीरिक गतिविधि के माध्यम से बच्चों को यौन शोषण से बचाव के लिए जागरूक किया । प्रशिक्षण को सफल बनाने में प्रभारी प्रधाध्यापक बृजेन्द्र विश्नोई, अरूण कुमार, पुनीत कुमार, दीपक आदि का सहयोग रहा।

# विधायक रामवीर ने मुख्यमंत्री से की शिष्टाचार भेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूढ़ापांडे।** लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने सपरिवार शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने परिवार के सभी सदस्यों से बातचीत करके उनका हाल जाना। विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने कुंदरकी विधानसभा में किए जा रहे विकास कार्यों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कुंदरकी विधायक के गांव गांव जाकर क्षेत्रवासियों की जन समस्याओं को सुनने और समाधान कराने की प्रशंसा की और साथ ही यातायात नियमों को लेकर चलाए जा रहे जागरूकता अभियान और हेलमेट बांटने की प्रशंसा की।

भेंट के दौरान उनकी पत्नी जिला पंचायत सदस्य संतोष देवी, पुत्र ब्रजानन्द उर्फ विक्की ठाकुर, पुत्र नित्यानंद उर्फ गौरव ठाकुर, पुत्री मेघा, पुत्र वधू अनुराधा, पौत्री नियति एवं कुलदीप ठाकुर उपस्थित रहे।



# आईएफटीएम में 'विश्व पृथ्वी दिवस' के अवसर पर हुआ क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ साइंसेज के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा ''विश्व पृथ्वी दिवस'' के उपलक्ष्य में ''हमारी शक्ति, हमारा ग्रह'' थीम पर एक क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। उन्होंने यह भी कहा कि यह दिवस हमारी पृथ्वी को प्रदूषण और वनों की कटाई जैसी चीजों से बचाने के लिए लोगों को जागरूक करता है। कार्यक्रम के अध्यक्ष व स्कूल आफ साइंसेज के निदेशक डॉ. बी.के सिंह ने बताया कि विश्व पृथ्वी दिवस 22 अप्रैल को दुनिया भर में पर्यावरण संरक्षण के लिए आयोजित किया जाता है। इसकी स्थापना अमेरिकी सीनेटर जेराल्ड नेल्सन ने 1970 में एक पर्यावरण शिक्षा के रूप में की थी। वहीं कार्यक्रम संयोजक व वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. देश दीपक ने बताया कि दुनिया भर में आज के दिन पृथ्वी व पर्यावरण को बचाने का संकल्प लिया जाता है। "हमारी शक्ति, हमारा ग्रह" थीम पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने यह भी कहा कि जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय संकट से निपटने के लिए अक्षय ऊर्जा की जरूरत अत्यधिक बढ़ गई है, जो कि मुख्य रूप से सौर, पवन, जलविद्युत, भूतापीय और ज्वार जैसे अक्षय स्रोतों से प्राप्त होती है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जीवाश्म ईंधन के स्थान पर अक्षय ऊर्जा के स्रोतों का उपयोग बढ़ाने का प्रयास करके ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम किया जा सकता है, जिससे कि स्वच्छ सार्वजनिक स्वास्थ्य को बढ़ावा दिया जा सके। इस मौके पर



डॉ. अशोक कुमार ने विद्यार्थियों को समझाया कि विश्व पृथ्वी दिवस पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के मकसद से आयोजित किया जाता है। प्रतियोगिता में लगभग 50 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया, जिनमें बी.एस.सी.- जेडबीसी के छात्र मोहम्मद रियाज प्रथम, रितिका द्वितीय, मोहम्मद दानिश तृतीय स्थान पर रहे। डॉ. अशोक कुमार एवं डॉ. समीर चन्द्रा निणायक मंडल के सदस्य रहे। आयोजन सचिव कु. मीनू ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संयोजिका डॉ. पूजा नारंग, डॉ. समीर चंद्रा, डॉ. वंदना आनंद, डॉ. उदित यादव एवं डॉ. शिव प्रताप सिंह का योगदान रहा।

# जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन ने किया फोरम मीट का आयोजन



**चन्दौसी।** जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन 5 की यूनिट डायरेक्टर क्षमा अग्रवाल द्वारा यूनिट 14 की यूनिट मीट व पीपी फोरम मीट का आयोजन किया गयास जिसमें यूनिट 14 के अंतर्गत आने वाले सभी ग्रुपों के प्रेसिडेंट, डीओए एवं पास प्रेसिडेंट को सभा में आमंत्रित किया गया। सभा का प्रारंभ मुख्य अतिथि डॉ सुधा चौधरी ने दीप प्रज्वलित एवं जायंट्स प्रार्थना से किया। सर्वप्रथम यूनिट डायरेक्टर क्षमा अग्रवाल द्वारा सभी ग्रुपों से आए पदाधिकारी के लिए दिशा-निर्देशन प्रदान किया गया। तत्पश्चात फेडरेशन वाइस प्रेसिडेंट अनु रस्तोगी द्वारा ग्रुप के सभी पदाधिकारी के कर्तव्यों का बोध कराया गया। इसी क्रम में सुभाष रूस्तगी, फेडरेशन पीपी पदमा भार्गव ने सभी को मार्गदर्शन प्रदान किया। सभा में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ सुधा चौधरी ने ग्रुपों में आने वाली सभी समस्याओं का निराकरण किया। सभा के अंत में यूनिट डायरेक्टर क्षमा अग्रवाल द्वारा एक निर्धन कन्या के विवाह की सामग्री व सिलाई मशीन उपहार में प्रदान की गई। जायंट्स ग्रुप का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को सहयोग एवं सहायता प्रदान करना है। इस दौरान शुभा अग्रवाल, शुभ्रा, साधना अग्रवाल, प्रिंसी अग्रवाल, इंदु, मंजू गुप्ता, रेखा रस्तोगी आदि मौजूद रहीं।

# रेडी पटरी वालों के साथ बैठक करके बताई सरकार की नीतियां

**शाह टइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** क्षेत्र के गांव रुस्तम नगर सहसपुर में स्थित जगत नारायण फार्म हाउस में ठेला रेडी पटरी वाले विक्रेताओं के साथ बैठक का आयोजन किया गया। भाजपा पदाधिकारियों ने सरकार की नीतियों को गिनाया। बुधवार को हुई बैठक में ठेला रेडी पटरी विक्रेता बंधुओ के साथ चर्चा वार्ता की, साथ ही डबल इंजन की सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुरेश सैनी ने सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को साझा किया, बताया कि सरकार ने आम जनता की समस्याओं को ध्यान रखते हुए प्राथमिकता देते हुए ऐसी योजनाएं बनाई है, जिससे आम आदमी को राहत मिले और व्यक्ति आत्मनिर्भर की ओर आगे बढ़ सके। प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर योजना के तहत ठेला लगाने वाले व्यक्तियों को बिना किसी गारंटी की ऋण उपलब्ध कराना, जिससे वह अपनी आवश्यकता को पूरा कर सके। अपने व्यापार को बढ़ाने के लिए ऋण लेकर व्यापार को बढ़ा सके। ऋण को अदा करने के बाद निर्धारित सीमा से अधिक रूपये का भी ऋण प्राप्त कर सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदि ऐसी महत्वपूर्ण योजनाओं को लेकर आए जिससे आम नागरिकों का शोषण समाप्त हो, आम जनता को इसका फायदा मिल रहा है, जिससे उपस्थित ठेला पटरी वाले योजनाओं लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री मोदी जी का आभार व्यक्त किया। इस बीच ठेला लगाने व्यक्तियों ने अपनी समस्या को बताया।

कुछ प्रशासनिक कर्मचारियों द्वारा ठेला लगाने वाले व्यक्तियों का शोषण किया जाता है, सड़क पर ठेले लगाने वाले व्यक्तियों के साथ प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा मारपीट व अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया जाता है साथ उनका सामान भी फेंक दिया जाता है और वैधानिक कार्यवाही भी की गई। जिस पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुरेश सैनी, मण्डल अध्यक्ष विकास गुप्ता ने उच्च अधिकारियों से वार्ता करने को कहा साथ ही साथियों को आश्वासन दिलाया इस तरीके का व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके लिए संबंधित अधिकारियों से बात की जाएगी, साथ ही नगर पालिका क्षेत्र बिलारी में एक निश्चित स्थान भी निर्धारित करने के लिए भी बात होगी। जिससे रोज-रोज की समस्याओं से आप सब लोगों को निजात मिले। आप सभी लोग अपना बेहतर व्यापार कर सके, चर्चा वार्ता के समापन के बाद पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की गई मृतक पर्यटको की आत्माओं की शांति प्रदान करने के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया। कार्यक्रम में उपस्थित मंडल अध्यक्ष विकास गुप्ता, दीपक पासी, विजय , जगदीश, राम सिंह सैनी, अभिलाष गौड़, अरमान अली आदि सहित अनेकों व्यापारी मौजूद रहे।

## पहलगाम में आतंकवादी घटना को लेकर कॉलेज में शोक संवेदना

**बिलारी।** आर पी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज स्योंडारा में कश्मीर में आतंकी हमले में हुई मौत के बाद पीड़ितों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की गई। बुधवार को वक्ताओं ने कहा कि कश्मीर की खूबसूरती के कारण ही आम जनता अभिभूत होकर वहां पर्यटकों के रूप में घूमने फिरने जाती थी,आतंकवादियों ने पहलगाम के बेसरन में पर्यटकों को गोली मारी। पहलगाम के पर्यटकों पर आतंकवादी हमला चौंकाने वाला और दर्दनाक है। यह एक अमानवीय कृत्य हैं, जिसकी स्पष्ट रूप से सभी वक्ताओं ने निंदा की। जिन परिवारों ने अपने परिवारजनों के प्रति विद्यालय परिवार ने संवेदना व्यक्त की, अंत में 2 मिनट का मौन रखकर सभी मृतकों की आत्मा की शांति की प्रार्थना की और परिवारों को यह दुख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कालेज के प्रधानाचार्य राजीव कुमार शर्मा ने की तथा संचालन कॉलेज के वरिष्ठ प्रवक्ता दीपक कुमार शर्मा ने किया।

## डीजे पर नाचने को लेकर हुई मारपीट, दर्जन भर लोगों के खिलाफ हुई रिपोर्ट दर्ज

**चन्दौसी/कुढफतेहगढ़।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गाँव मुडियाखेड़ा में रविवार की रात प्रमोद बाल्मीकि की बेटी की बारात थाना क्षेत्र के गाँव भगतपुर मिर्जा से आई थी। बारात में बारातियों द्वारा डीजे पर नोट उडाने को लेकर डीजे संचालक और बारातियों में मारपीट हो गई थी जिसमें बाराती, घराती तथा डीजे संचालक सहित 06 लोग घायल हुए थे जिसमें एक बाराती सतीश पुत्र राजकुमार निवासी समसपुर छतारी जिला बुलंदशहर गम्भीर घायल अवस्था में मुरादाबाद रेफर कर दिया गया। मंगलवार को घायल बाराती सतीश के पिता राजकुमार पुत्र गिरवर निवासी समसपुर छतारी जिला बुलंदशहर की तहरीर के आधार पर डीजे संचालक विश्वास पुत्र जयपाल जाटव निवासी मुडियाखेड़ा तथा ग्यारह से बारह अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ डंडों से मारपीट करने, गाली गलौज करने तथा जान से मारने की धमकी देने में मुकदमा दर्ज किया गया है।



# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी नन्द किशोर कलाल की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक विकास भवन सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त एमओआईसी को निर्देशित किया कि आशाओं के साथ बैठक कर संस्थागत प्रसवों में सुधार लाएं तथा उन्होंने समस्त प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि रिक्त आशाओं के पदों पर 10 कार्यदिवसों में नयी आशाओं का चयन करते हुए समय से आशाओं का प्रशिक्षण करायें तथा

कार्य में रुचि न लेने वाली आशाओं और जिन आशाओं द्वारा निजी चिकित्सालयों में प्रसव कराये जा रहे हैं, उनको तत्काल नोटिस जारी कर उनके स्थान पर नयी आशाओं का चयन करें। मुख्य विकास अधिकारी ने संचारी रोगों के



नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान व दस्तक अभियान के तहत अब तक की गई तैयारियों एवं विभिन्न स्तरों पर समन्वयक समिति की बैठकों की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए सभी सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों एवं चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि आपसी समन्वय बनाकर कर अभियान के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु ग्रामीण स्तर पर कार्यरत आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री घर-घर जाकर लोगों को संचारी रोगों के प्रति जागरूक करें। उन्होंने संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाने के दृष्टिगत कृषि, नगर पालिका, नगर निकाय, पंचायतीराज सहित सम्बन्धित विभागों को स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर अपने विभागीय कार्यों एवं उत्तरदायित्वों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से सम्पादित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रधानों के साथ समन्वय स्थापित कर हैजिटेशन फैमिली के डाटा में तत्काल सुधार करायें। समस्त केन्द्र प्रभारी, आशा एवं आंगनबाड़ी के साथ एक वर्कशॉप का आयोजन कर नवजात शिशुओं के जन्म पंजीकरण ग्राम पंचायत सहायक के माध्यम से करायें। बैठक में सी.एम.ओ. डा. एस.पी. सिंह, सी.एम.एस. डॉ. डीके वर्मा, डी.पी.आर.ओ. जाहिद हुसैन सहित अन्य विभागीय अधिकारीगण एवं चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे।

# जनपद में 11 जून तक भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 लागू

( इमरान हुसैन )
शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** आगामी अवधि में परशुराम जयंती, लोकनायक महाराणा प्रताप जयंती, बुद्ध पूर्णिमा, ईदुल्जुहा (बकरीद) आदि त्योहारों के दृष्टिगत अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) डॉ. नितिन मदान ने जिले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 लागू की है। एडीएम (प्रशासन) ने बताया कि जनपद में लोक व्यवस्था, कानून एवं शांति व्यवस्था तथा जनव्यवस्थायें बनाए रखने के लिए धारा 163 लगाई गई है। जिसे 11 जून, 2025 तक लागू किया गया है। जारी आदेश के अनुसार जनपद में ड्यूटी पर तैनात शासकीय कर्मचारियों/अधिकारियों और अन्य ऐसे कर्मियों, जो शासकीय अस्त्र-शस्त्र धारण करने हेतु अधिकृत हैं, उन्हे छोड़कर कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक रूप से अस्त्र-शस्त्र बिना अनुमति के अपने पास नहीं रखेगा न ही प्रदर्शन करेगा। किसी सार्वजनिक स्थान पर कोई भी व्यक्ति ऐसे व्यक्तियों के समूह के साथ सम्मिलित नहीं होगा, जिसका उद्देश्य किसी नियम



विरूद्ध गतिविधि में भाग लेना हो।

इस अवधि के मध्य पड़ने वाले त्यौहारों पर किसी प्रकार की नई परम्परा प्रारम्भ नहीं की जायेगी। कोई भी व्यक्ति/संगठन आवागमन के साधन जैसे रेल, सड़क यातायात, विद्युत व्यवस्था, जल आपूर्ति जैसी महत्वपूर्ण जनहित की सेवाओं में किसी प्रकार का अवरोध उत्पन्न नहीं करेगा।

किसी भी व्यक्ति/संगठन/ समूह/सम्प्रदाय/धार्मिक व राजनैतिक दल द्वारा बिना अनुमति प्राप्त किए जनपद में कोई भी जुलूस, धरना प्रदर्शन, घेराव, पदयात्रा, वाद-विवाद, नारेबाजी इत्यादि नहीं की जाएगी। धरना-प्रदर्शनों/जुलूसा.`/आन्दोलनों/सार्वजनिक कार्यक्रमों के सम्बन्ध में केन्द्र सरकार/राज्य सरकार अथवा स्थानीय प्रशासन से जारी दिशा निर्देशों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक विनियम-2011 के अंतर्गत तंबाकू एवं निकोटिन युक्त पान मसाला, गुटका का निर्माण, भंडारण व विक्रय प्रतिबंधित रहेगा। खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम-2006 एवं खाद्य सुरक्षा मानक विनियम-2011 में निहित प्रावधानों के विपरीत अवैध बूचड़खानों का संचालन अवैध रूप से खुले में मीट, मांस, मछली आदि का काटना व विक्रय प्रतिबंधित रहेगा।

उन्होंने बताया कि सिंगलयूज प्लास्टिक और थर्माकॉल के इस्तेमाल की अनुमति नहीं दी जाएगी। आम जनमानस को प्लास्टिक फ्री त्योहार मनाए जाने हेतु प्रेरित किया जाए।

# बिजली कटौती को लेकर डीएम से की शिकायत

( सुहैल मियाँ )
शाह टाइम्स संवाददाता

**स्वार/रामपुर।** नगर समेत ग्रामीण क्षेत्र में बिजली व्यवस्था चरमराकर रह गई है। बिजली की आंख मिचौली के चलते क्षेत्रवासियों का बुरा हाल हैं। समाजसेवी एवं ऑल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन के नगर अध्यक्ष एड परवेज अख्तर ने जिलाधिकारी से लिखित शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर की है। कि स्वार समेत ग्रामीण क्षेत्र में बिजली व्यवस्था चरमराकर रह गई है। बिजली की आंख मिचौली के चलते क्षेत्रवासियों का बुरा हाल है। समाजसेवियों ने जिलाधिकारी से शेडयूल के हिसाब से बिजली आपूर्ति दिलाए जाने की मांग की है। नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली के आने व जाने का कोई समय निश्चित नहीं है।

कभी लोकल फाल्ट तो कभी ब्रेक डाउन से बिजली व्यवस्था का बुरा हाल है। ओवरलोड के चलते नगर समेत क्षेत्र की बिजली गुल होकर रह जाती है। बिजली न मिलने के कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। दिन में बिजली न मिलना एवं देर रात में बिजली आने के बाद सुबह गायब होने का क्रम दो सप्ताह से जारी है। बिजली कर्मचारियों ओर खास कर स्वार जेई आसिफ कामरुज्जमा से शिकायत करने पर लोकल फाल्ट का बहाना बनाकर लोगों को टरका दिया जाता है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कि स्वार जेई आसिफ की लोगों के प्रति कोई जिम्मेदारी तय नहीं है बल्कि उक्त व्यक्ति खूब दबंगई दिखाता है और कहता है कि में स्वार के किसी भी उपभोक्ता से बात नहीं करूंगा। उधर नगर समेत क्षेत्र के दूंदावाला, नानकार रानी, मीरापुर मीरगंज, समोदिया, नरपतनगर, मिलक काजी, गो. विदपुरा, मिलकताज खां, हमीरपुर, रायपुर चुन्नावाला, पुस्वाड़ा, मिलकखानम, दूंदावाला, गिजपुरा, आरसल पारसल, रजानगर, डिलारी समेत दर्जनों गांव में रात दिन हो रही अंधाधुंध बिजली कटौती ने ग्रामीणों की नींद उड़ा दी है। सरकार ने नगर को 22 घंटे व ग्रामीण क्षेत्र में 18 घंटे तक बिजली आपूर्ति देने के सख्त निर्देश दिए हैं। इसके बावजूद अधिकारियों की लापरवाही के चलते बिजली व्यवस्था चरमराकर रह गई है। एसडीओ सर्वेश सिंह ने बताया की लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे की क्षेत्रवासियों को शेडयूल के हिसाब से बिजली आपूर्ति मिल सके। बिजली की अंधाधुंध कटौती के चलते क्षेत्रवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लगातार मांग के बावजूद समस्या ज्यों की त्यों बनी है।एडवोकेट परवेज अख्तर ने कहा है कि बिजली आने व जाने का कोई समय नही है। जिसके चलते उपभोक्ता बिजली का मुंह ताकते रहते हैं। बिजली विभाग फाल्ट का बहाना बनाकर टाल देते हैं। सरकार द्वारा नगर को 20 घंटे व ग्रामीण क्षेत्रों को 18 घंटे बिजली देने के निर्देश दिए गए हैं लेकिन बिजली विभाग के अधिकारी सरकार के आदेशों का पालन न कर खिल्ली उड़ा रहे है।

## आतंकी हमले में मारे गए लोगों को भाजपाइयों ने दी श्रद्धांजलि

शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहबाद/रामपुर।** जम्मू कश्मीर के पहल गांम में आतंकी हमले में मारे गए लोगों को भाजपाइयों ने श्रद्धांजलि अर्पित की और दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए मौन धारण किया।

मंगलवार को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले में 30 से ज्यादा लोगों के मौत की खबर के बारे में बताया जा रहा है वही आतंकी हमले में 15 से ज्यादा घायल बताए जा रहे हैं। जिसमें दो विद.`शी भी शामिल है ।बुधवार को भारतीय जनता पार्टी रामपुर के मिलक ग्रामीण मंडल अध्यक्ष एडवोकेट दर्शन सिंह सहित महामंत्री दिनेश पाल, शिशुपाल ठाकुर, सुनील ठाकर ने ग्राम रेबड़ी कलां में दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए मौन धारण किया और मोमबत्ती जलाकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित कर दुख व्यक्त किया।

# बार वेलफेयर एसोसिएशन की बार सभागार में आहूत हुई बैठक

( सुहैल मियाँ )
शाह टाइम्स संवाददाता

**स्वार/रामपुर।** बार वेलफेयर एसोसिएशन के बार सभागार में वकीलों की आपातकाल बैठक का आयोजन बार अध्यक्ष राजेन्द्र नाथ गोस्वामी की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में सीनियर बार वेलफेयर एसोसिएशन के वकील भी शामिल हुए और कश्मीर के पहलगाम में 26 टूरिस्टों की अमानवीय रूप से अंधाधुंध गोली चलाकर हत्या किये जाने की घोर निंदा करते हुए घटना पर शोक व्यक्त किया। मन झंझोर देने वाली इस घटना पर वकीलों ने हत्यारों को फाँसी की सजा दिलाए जाने की मांग की है। बाद में वकीलों द्वारा हड़ताल की घोषणा करते हुए दिवंगत आत्माओँ की शांति के लिए शोक सभा आयोजित की गई जिसमें ईश्वर से शोक संतृप्त परिवारों को इस असीम दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिये प्रार्थना हुई। इस दौरान बार



वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेन्द्र नाथ गौस्वामी, सीनियर बार वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष गुरनाम सिंह सन्धु, वरिष्ठ अधिवक्ता ताहिर हसन खां, इरशाद अहमद, पंकज कुमार जोशी, रेहान सईद खां, राशिद खान, मोहम्मद जुनैद सैफी, जावेद अख्तर, नौशाद आलम, भगवत सरन, सुंदर लाल, चंद्रपाल सिंह सागर, अनीस अहमद, पवन कुमार, अफसर अली, अरबाज, जिया मलिक, रिजवान अली, महमूद अली, मुस्तकीम, नाजिम अली आदिल हसन आदि वकील शामिल रहे।

# भव्य कलश यात्रा के बाद आरम्भ हुई श्रीमद् भागवत कथा

शाह टाइम्स संवाददाता

**सैफनी/रामपुर।** नगर जनता इंटर कॉलेज में बुधवार से श्रीमद भागवत कथा का हुआ शुभारंभ जिसमें श्रीमद भागवत कथा का विश्राम 29 अप्रैल को होगा। जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु कथा स्थल पर एकत्रित होकर छितौनी मार्ग से होते हुए रामगंगा नदी पर पहुंचकर महिलाओं ने कलश में गंगा जल भर अपने सिर पर कलश रख भव्य कलश यात्रा माता बेला भवानी पर आकर माता रानी के दर्शन कर चौराहे वाली देवी पर होते हुए मोहल्ला पधानो में होते हुए भुर्जियों वाली गली से गुजरते हुए शिवालय मंदिर पर पहुंचकर दर्शन आदि कर थाने पर होते हुए कथा स्थल जनता इंटर कॉलेज पर पहुंच कथा स्थल पर बने सिंहासन पर महिलाओं ने अपने अपने कलशों को स्थापित किया। जिसमें कथा व्यास आचार्य ओम कृष्ण शास्त्री महाराज के सानिध्य में भव्य कलश यात्रा निक.ली गई श्रीमद्भगवद् कथा की आरती अधिशासी अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह राठौर व निर्भय सिंह द्वारा प्रारंभ की गई। जिसमें व्यास आचार्य ओम कृष्ण शास्त्री महाराज ने अपने सुन्दर मुखारविंद से सुंदर कथा का वर्णन प्रारंभ किया जिसमें उपस्थित मास्टर नरेश कुमार शर्मा, पंकज शर्मा (सभासद), सुन्दर पाण्डेय, प्रेमकुमार जोशी, प्रवीण कुमार जोशी, शोभित शर्मा,सुशील फौजी सहित थाना प्रभारी महेंद्रपाल सिंह अपनी पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे।



## अलग-अलग मामलों में पुलिस ने तीन का चालान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**पटवाई/रामपुर।** शराब पीकर अपने परिजनों को गाली गलौज व मारपीट करने में पटवाई पुलिस ने एक का चालान कर दिया पटवाई थाना क्षेत्र के सहविया गांव निवासी बलविंदर पुत्र स्वर्गीय हरभजन सिंह शराब पीकर अपने परिवार को गाली गलौज व मारपीट करने में पुलिस ने चालान कर दिया। वहीं इसी थाना क्षेत्र के मुड़िया खेड़ा गांव निवासी शाहिद पुत्र कल्लू वाहिद पुत्र कल्लू घर के बंटवारे को लेकर आपसी विवाद कर रहे थे। पटवाई पुलिस ने दोनों युवकों का शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु चालान कर दिया।

# नगर पंचायत नरपतनगर बंदरों को पकड़ने के लिए शुरू हुआ अभियान

( सुहैल मियाँ )
शाह टाइम्स संवाददाता

**स्वार/रामपुर।** रविवार नगर पंचायत नरपतनगर दूंदावाला में लंबे समय से बंदरों का आतंक था ,बंदरों की लगातार सांख्य बड़ने से बंदर उत्पात मचाते थे। कई लोगों को बंद.रों ने काट कर घायल कर दिया था और कई लोग बंदरों के खघैफ से छत से गिर कर घायल हो गए थे। किसी का हाथ टूट गया था तो किसी का पैर टूट गया था ,बंदरों से लोगों का घरों में रखा सामान भी सुरक्षित नहीं था आए दिन बंदर किसी ना किसी को शिकार बनाते रहते थे और सामान का नुकसान भी पहुचाते रहते थे। बंदरों के आतंक को खत्म करने के लिए और लोगों की जान और माल की सुरक्षा के लिए चेयरमैन खालिद अली ने नगर पंचायत बोर्ड में बंदर पकड़ने के प्रस्ताव को पास किया और बंदर



पकड़ने के लिए टीम को बुलवाया जिससे लोगों को बंदरों के आतंक से निजात मिल सके। बंदरों को पकड़ने के अभियान का शुभारंभ रविवार को हुआ। बंदरों को पकड़ने की टीम ठेकेदार के साथ लेबर और लोहे के पिंझरे लेकर उतरी और 100 बंदर पड़के जिन्हें दूर जंगल में सुरक्षित स्थान पर छोड़ा जाएगा। नगर पंचायत को बंदरों से मुक्त करने तक यह अभियान चलाया जाएगा। चेयरमैन खालिद अली ने कहा नगरवासियों की हर समस्या के लिए हम हर संभव प्रयास कर रहे हैं जिससे नगर के लोगों को बेहतर सुविधाएं पहुँच सके और लोगों के लिए सुरक्षा व्यवस्था भी बेहतर हो सके ।

# जामिया यूनिवर्सिटी की कक्षा 9 की प्रवेश परीक्षा में अली हादिन ने प्राप्त की सेकंड ऑल इंडिया रैंक

( इमरान हुसैन )
शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** जनपद की तहसील शाहबाद के नगर निवासी वरिष्ठ पत्रकार सिफत मियां के पुत्र अली हादिन का दिल्ली की जामिया मिल्लिया यूनिवर्सिटी में कक्षा 9 में चयन हुआ है। बताते चलते कि अली हादिन ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा नगर के सरमाउंट पब्लिक स्कूल में कक्षा 1 से 5 तक की पढ़ाई पूरी की उसके बाद उन्होंने कक्षा 6 और 7 नगर के ही इस्लामिया जूनियर हाई स्कूल से पास किया,उसके बाद अली हादिन ने नगर के सेंट पॉल्स एकेडमी में प्रवेश लिया और वहां भी कक्षा 8 में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अली हाडिन ने इस बार जामिया मिलिया



अली हादिन

इस्लामिया की कक्षा 9 की प्रवेश परीक्षा दी थी। जिसका परीक्षा फल मंगलवार को देर शाम घोषित हुआ जिसमें अली हादिन ने जनरल कैटेगरी में ऑल इंडिया द्वितीय रैंक प्राप्त की। शाहबाद पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन रजि. के महासचिव सिफत मियां ने बताया कि उनके बेटे अली हादिन ने जामिया मिलिया इस्लामिया की प्रवेश परीक्षा में ऑल इंडिया जनरल रैंक में दूसरा स्थान पाया है। कक्षा 9 की प्रवेश परीक्षा में देश भर से लाखों बच्चे शामिल हुए थे।

अली हादिन ने अलीगढ़ के प्रसिद्ध कोचिंग सेंटर इमेज कोचिंग से ऑनलाइन तैयारी की थी इमेज कोचिंग के डायरेक्टर नवाब सर ने फोन करके अली हादिन को और उनके परिवार को बधाई दी।

अली हादिन के पिता सिफत मियां ने इमेज क्लासेस के डायरेक्टर नवाब सर को धन्यवाद दिया।

# गौकशी के दो अभियुक्तों को स्वार पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान किया गिरफ्तार

( सुहैल मियाँ )
शाह टाइम्स संवाददाता

**स्वार/रामपुर।** पुलिस ने कार्यवाही करते हुए गौकशी के दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। बुधवार। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए पुलिस अधीक्षक के आदेश पर कोतवाली प्रभारी कुलदीप सिंह के निर्देश पर पुलिस अपराधियों की धरपकड़ को लेकर चलाए अभियान के अंतर्गत पुलिस ने कार्यवाही करते मुखबिर की सूचना पर गौकश अभियुक्तों को पुलिस ने मानपुर उत्तरी से खानपुर उत्तरी की तरफ जाने वाले कच्चे रास्ते के आगे नईया नदी के पास कुछ अवशेष पड़े है।

जिन्हें पिछली रात्रि घटना की इमरान



पुत्र अबरार 2 मुर्तुजा पुत्र बब्बू निवासी गढ़ नरपत नगर दुंदा वाला ने प्रतिबंधित पशुओं का वध अपने साथियों के साथ मिलकर किया है।और वह अभी भी पीपल साना से रतन पुरा जाने वाले रास्ते मे वध की फिराक में है।

उक्त सूचना पर पुलिस टीम के साथ कोतवाली प्रभारी कुलदीप सिंह के नेर्तत्व में मौके पर पहुंचे पुलिस को आता देख दोनों व्यक्तियो ने जान से मारने की नीयत से पुलिस पर फायर करने लगे।

पुलिस टीम द्वारा भी आत्मरक्षार्थ मैं फायर किए इस दौरान अभियुक्त इमरान के पैर में गोली लग गई।जिसे अस्पताल भेजा गया ओर अन्य विधिक कार्यवाही की गई। दोनों अभियुक्त के पास से एक अवैध तमंचे315 बोर एक कारतूस 315 बोर एक खोखा कारतूस एक 12 बोर दो जिन्दा कारतूस व पशु काटने के उपकरण व एक मोटरसाइकिल बरामद की।

हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र में समाचार एवं विज्ञापन सूचनाएं प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें।
इमरान हुसैन
जिला प्रभारी रामपुर
मो.नं.9720093014

# पहलगाम आंतकी हमले पर खेल जगत में भी आक्रोश

## पाकिस्तान से खेल संबंध समाप्त करने की मांग

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय खेल जगत ने भी पहलगाम आतंकी हमले पर शोक जताया है। वहीं, भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर श्रीवत्स गोस्वामी ने पाकिस्तान के साथ खेल संबंध पूरी तरह समाप्त करने की मांग की है। मंगलवार को हुए इस हमले में 26 लोगों की मौत हुई है जिसमें दो विदेशी नागरिक भी शामिल हैं। यह 2019 में पुलवामा में हुए हमले के बाद घाटी में हुआ सबसे घातक हमला है। पहलगाम शहर से लगभग छह किलोमीटर दूर बैसरन चीड़ के पेड़ों के घने जंगलों और पहाड़ों से घिरा एक विशाल घास का मैदान है तथा देश व दुनिया के पर्यटकों के बीच पसंदीदा स्थान है। भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली ने भी इस हमले पर दुख जताया और पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी है। सचिन ने लिखा, पीड़ित परिवार अकल्पनीय कष्ट से गुजर रहे होंगे। भारत और दुनिया भर में लोग इस कठिन समय में उनके साथ हैं। हम इस हमले में जान गंवाने वाले लोगों को श्र(ांजलि देते हैं और न्याय की प्रार्थन करते हैं। आईपीएल 2025 में हिस्सा ले रहे दिग्गज भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने इंस्टाग्राम पर लिखा, पीड़ित परिवार के प्रति गहरी संवेदना। जिन परिवार के लोगों ने इस कायरतापूर्ण हमले में अपनी जान गंवाई है, उनके लिए प्रार्थना करता हूं और परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति मिले ऐसी प्रार्थना करता हूं। इस बीच, पूर्व भारतीय क्रिकेटर श्रीवत्स गोस्वामी ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए पाकिस्तान के साथ सभी प्रकार के खेल संबंध समाप्त करने की मांग कर डाली है। गोस्वामी ने लिखा, इसलिए मैं कहता हूं कि आप पाकिस्तान के साथ क्रिकेट नहीं खेलें। ना सिर्फ अभी, बल्कि कभी नहीं।



## बीसीसीआई ने की पहलगाम आतंकवादी हमले की निदां

**मासूम लोगों की मौत पर क्रिकेट समुदाय को गहरा सदमा लगा है**

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की बुधवार को निंदा की। बीसीसीआई के मानद सचिव देवजीत सैकिया ने आज यहां जारी एक बयान में इस तरह के कायराना आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए पीड़तिों के शोक संतप्त परिवारों के प्रति हार्दिक संवे. दना व्यक्त की। श्री सैकिया ने कहा कि कल पहलगाम में हुए नरसंहार आतंकवादी हमले में मासूम लोगों की दुखद मौत से क्रिकेट समुदाय को गहरा सदमा और दुख पहुंचा है। बीसीसीआई सचिव ने कहा कि बीसीसीआई की ओर से मैं इस जघन्य और कायराना कृत्य की कड़े शब्दों में निंदा करता हूं तथा शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं तथा दिवंगत आत्माओं के लिए प्रार्थना करता हूं। उन्होंने कहा कि उनका दर्द और दुख साझा करते हुए, हम त्रासदी की इस घड़ी में पीड़ति परिवारों के साथ खड़े हैं। उल्लेखनीय है कि पहलगाम में कल आतंकवादी हमले में 28 पर्यटकों की मौत हो गयी थी।

## भारत इस कायरतापूर्ण कृत्य का जवाब देगा: गौतम गंभीर



● **सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली, सुरैश रैना और वीरेंद्र सहवाग आदि क्रिकेटरों ने पहलगाम आतंकी हमले पर दुःख जताया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** खेल जगत के लोगों ने पहलगाम आतंकी हमले पर दुख जताते हुए पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर इस घटना से काफी क्रोधित हुए और उन्होंने उम्मीद जताई कि भारत इस कायरतापूर्ण का जवाब देगा। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम शहर के निकट 'मिनी स्विटरलैंड' नाम से मशहूर पर्यटन स्थल पर मंगलवार दोपहर हुए आतंकवादी हमले में 26 लोगों की मौत हो गई, जिनमें ज्यादातर पर्यटक हैं। यह 2019 में पुलवामा में हुए हमले के बाद घाटी में हुआ सबसे घातक हमला है। इस हमले को लेकर जहां देशभर में आक्रोश है तो वहीं खेल जगत के लोगों ने भी अपना रोष जताया है। भारतीय टीम के मुख्य कोच गंभीर ने एक्स पर लिखा, मृतकों के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। इसके लिए जिम्मेदार लोगों को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। भारत जोरदार पलटवार करेगा। भारतीय टीम के पूर्व आलराउंडर सुरेश रैना ने एक्स पर लिखा, कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले से मन व्यथित है। मैं पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों द्वारा किए गए इस कायराना कृत्य की कड़ी निंदा करता हूं। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत अपनी बहादुर सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और अर्धसैनिक बलों के साथ एकजुट है। न्याय की जीत होगी। भारतीय टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने लिखा, श्पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर हुए निंदनीय आतंकवादी हमले की खबर सुनकर बहुत दुख हुआ। मेरी संवे. दना उन लोगों के साथ है जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। घायलों के लिए प्रार्थना करता हूं। शिखर धवन ने लिखा, पहलगाम में हुए भयानक आतंकी हमले से मैं बहुत दुखी और स्तब्ध हूं। मेरी संवेदनाएं उन परिवारों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। न्याय अवश्य मिलेगा।

## केएल राहुल ने आईपीएल में हासिल की बड़ी उपलब्धि

**डेविड वार्नर को पीछे छोड़ा दिल्ली की जीत में चमके**



**लखनऊ, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज केएल राहुल ने लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ मैच के दौरान बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। राहुल आईपीएल में सबसे कम पारियों में 5000 रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने इस मामले में डेविड वार्नर को पीछे छोड़ा। राहुल ने लखनऊ के खिलाफ नाबाद अर्द्धशतकीय पारी खेली और अपनी टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। दिल्ली कैपिटल्स ने केएल राहुल और अभिषेक पोरेल के अर्द्धशतकों से लखनऊ सुपर जाएंट्स को आठ विकेट से हराया। लखनऊ ने इकाना स्टेडियम पर खेले गए मुकाबले में एडेन मार्करम के अर्द्धशतक के दम पर 20 ओवर में छह विकेट पर 159 रन बनाए, जवाब में दिल्ली ने 17.5 ओवर में दो विकेट पर 161 रन बनाकर मैच जीत लिया। दिल्ली के लिए राहुल ने 42 गेंदों पर तीन चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 57 रन बनाए। केएल राहुल ने इसके साथ ही आईपीएल में 5000 रन भी पूरे कर लिए। वह सबसे कम पारियों में ऐसा करने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। राहुल ने 130 पारियों में यह उपलब्धि पूरी की और डेविड वार्नर को पीछे छोड़ दिया। वार्नर ने 135 पारियों में आईपीएल में 5000 रन पूरे किए थे। वार्नर ने 2020 में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए खेलते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ यह उपलब्धि नाम दर्ज की थी। इस सूची में तीसरे स्थान पर विराट कोहली हैं जिन्होंने 157 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की थी, जबकि एबी डिविलियर्स 161 और शिखर धवन 168 पारियों के साथ क्रमश: चौथे और पांचवें स्थान पर हैं। राहुल आईपीएल इतिहास में आठवें बल्लेबाज हैं जिन्होंने इस टूर्नामेंट में 5000 रन बनाए हैं।

### खेल विशेष

## पूर्व ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज कीथ स्टैकपोल का निधन

**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज कीथ स्टैकपोल का हृदयघात से निधन हो गया है। वह 84 वर्ष के थे। उन्होंने वर्ष 1966 में इंग्लैंड के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पर्दापण किया। स्टैकपोल ने ऑस्ट्रेलिया के 43 टेस्ट मैच खेले और सात शतक के साथ 2087 रन बनाये। इसके साथ ही उन्होंने लेग स्पिन गेंदबाज के रूप में 15 विकेट भी लिए। उन्होंने केपटाउन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपना पहला टेस्ट शतक बनाया। उन्होंने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ 207 रन 1970 में गाबा में इंग्लैंड के खिलाफ बनाये। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 55.21 की औसत से तीन शतक बनाये। इयान चैपल की कप्तान में 1972 की एशेज में उन्होंने 53.88 की औसत से 485 रन बनाकर शीर्ष स्थान हासिल किया। स्टैकपोल ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में कुल मिलाकर 10,100 रन बनाए और 148 विकेट लिए। वे एक प्रमुख टीवी और रेडियो कमेंटेटर भी रहे। उन्हें 1973 में विजडन क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया। स्टैकपोल ने 1974 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था।

## बीसीबी के सुरक्षा अधिकारी इकराम चौधरी का निधन

**सिलहट, वार्ता।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के सुरक्षा अधिकारी इकराम चौधरी की बुधवार को बांग्लादेश और जिम्बाब्वे के बीच पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन ड्यूटी के दौरान दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। सिलहट अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम प्रबंधक जॉयदीप दास ने बताया कि आज सुबह दिल का दौरा पड़ने के बाद इकराम को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। जहां उनका निधन हो गया। जॉयदीप ने कहा कि वह स्टेडियम में थे जब उन्हें दिल का दौरा पड़ा और हम उन्हें तुरंत अल हरमैन अस्पताल ले गए। उन्हें पहले सीसीयू और फिर आईसीयू में ले जाया गया। उन्हें जीवन रक्षा प्रणाली पर रखा गया था, लेकिन यह बहुत घातक दिल का दौरा था, इसलिए उन्हें बचाया नहीं जा सका। इकराम ने 2014 से सिलहट इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में बीसीबी के सुरक्षा संपर्क अधिकारी के रूप में सेवा शुरू की थी। बीसीबी ने इकराम के अचानक और असामयिक निधन पर गहरा सदमा और दुख व्यक्त किया है।

## पीसीबी ने दो वर्षों में 7वें कोच के लिए जारी किया विज्ञापन

● **आकिब जावेद चयनकर्ता और कोच के रूप में दोहरी भूमिका निभाने में पूर्ण रूप से विफल रहे**

**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड पिछले दो वर्षों में राष्ट्रीय टीम के लिए प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में छह मुख्य कोचों का परीक्षण करने के बाद सातवें कोच के लिए विज्ञापन जारी किया हैं। पीसीबी ने राष्ट्रीय मुख्य कोच के अलावा इस सप्ताह अपनी वेबसाइट पर निदेशक पद के लिए भी विज्ञापन जारी किया है। पिछले कुछ वर्षों में पाकिस्तान ने शीर्ष स्तर के अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में बहुत बेकार प्रदर्शन किया है। अंतरिम मुख्य कोच आकिब जावेद पिछले छह महीनों के दौरान चयनकर्ता और कोच के रूप में दोहरी जिम्मेदारी निभाने के बाद भी अच्छी भूमिका निभाने में पूर्ण रूप से विफल रहे। जावेद ने इस वर्ष फरवरी-मार्च में आयोजित आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के बाद अपना पद छोड़ दिया था। अब्दुल रहमान (अंतरिम मुख्य कोच), मोहम्मद हफीज (राष्ट्रीय टीम के निदेशक), अजहर महमूद (अंतरिम मुख्य कोच), जेसन गिलेस्पी, गैरी कर्स्टन (वनडे मुख्य कोच) कोचिंग दी है।

## ऋषभ पंत पर भड़के अंबाती रायडू, ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी की मांग



**कप्तान ऋषभ पंत की मौजूदा फॉर्म पर उठाए सवाल**

**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व भारतीय बल्लेबाज और मशहूर कमेंटटेटर अंबाती रायडू ने लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) के कप्तान ऋषभ पंत के मौजूदा फार्म पर सवाल उठाए हैं।

उन्होंने कहा कि पंत को अपने फैसलों पर नियंत्रण करना चाहिए और ऊपरी क्रम में आने के लिए बहाने बंद करने होंगे। मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुक. ाबले में लखनऊ को आठ विकेट से मुंह की खानी पड़ी थी। इस मैच में स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज सातवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए थे, जिसकी वजह से अब उन्हें आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है।

## जिम्बाब्वे ने टेस्ट में बांग्लादेश को हराया

**मुजारबानी ने छह विकेट लिए, बेनेट ने 54 रनों की पारी खेली**



**सिलहट, वार्ता।** ब्लेसिंग मुजारबानी (छह विकेट) के बाद ब्रायन बेनेट (54), बेन कर्रन (44) और वेस्ली मधेवेरे (नाबाद 19) रनों की जूझारू पारियों की बदौलत जिम्बाब्वे ने पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन बुधवार को बांग्लादेश पर तीन विकेट से ऐतिहासिक जीत दर्ज की। जिम्बाब्वे को चार साल बाद टेस्ट मैच में जीत मिली है और उसने बांग्लादेश को छह साल बाद उसी के घर में हराकर यह ऐतिहासि उपलब्धि हासिल की है। इसी के साथ जिम्बाब्वे ने दो टेस्ट मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली हैं।

174 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे के लिए ब्रायन बेनेट और बेन कर्रन की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए रिकार्ड (95) रनों की साझेदारी की। मेहदी हसन मिराज ने बेन कर्रन (44) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद तैजुल इस्लाम ने निक वेल्च (10) को पगबाधा आउटकर पवेलियन भेज दिया। शॉन विलियम्स (नौ) को मिराज ने आउट किया। इसके बाद मिराज ने ब्रायन बेनेट (54) को आउटकर मैच में अपनी पकड़ बनाने का प्रयास किया। कप्तान क्रेग एर्विन (10) को तैजुल ने विकेटकीपर जाकेर अली के हाथों कैच आउट कराकर बांग्लादेश को पांचवी सफलता दिलाई। न्याशा मयावो (एक) और वेलिंग्टन मसाकाट्ज़ा (12) को मेहदी हसन मिराज ने बोल्ड आउट किया। लेकिन तब तक पहुंच देर हो चुकी थी। जिम्बाब्वे ने 50-1 ओवर मे सात विकेट पर 174 रन बनाकर मुकाबला तीन विकेट से जीत लिया। वेस्ली मधेवेरे (19) और रिचर्ड एन्गरावा (चार) रन बनाकर नाबाद रहे। बांग्लादेश की ओर से मेहदी हसन मिराज ने पांच और तैजुल इस्लाम ने दो विकेट लिए। इससे पहले आज बांग्लादेश ने कल के चार विकेट पर 194रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र की शुरुआत में ही ब्लेसिंग मुजारबानी ने कप्तान नजमुल शान्तो (60) को आउट कर जिम्बाब्वे के लिए अच्छी शुरुआत की। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये मेहदी हसन मिराज (11) को भी मुजारबानी ने अपना शिकार बनाया। जिम्बाब्वे की घातक गेंदबाजी के आगे आज बांग्लादेश ने 61 रन जोड़ कर अपने छह विकेट गवां दिये। रिचर्ड एन्गरावा ने तैजुल इस्लाम (एक) को आउट किया।

## सैनी ने फोगाट को चार करोड़ और प्लाट देने को दी मंजूरी

**चंडीगढ़, वार्ता।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने मंगलवार को प्रदेश की महिला पहलवान और कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट को भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) की ओर से चार करोड़ रुपये और प्लॉट देने का निर्णय लिया है।श्री सैनी ने विनेश की फाइल पर हस्ताक्षर किए हैं। विनेश फोगाट को हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की तरफ से प्लॉट दिया जाएगा। गौरतलब है कि पेरिस ओलंपिक में विनेश रजत पदक जीतने से चूक गई थी। उस दौरान श्री सैनी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा था कि विनेश की उपलब्धि को ओलंपिक रजत पदक विजेता के बराबर माना जाएगा।

## हैदराबाद ने मुंबई को दिया 144 रनों का लक्ष्य

● **हेनरिक क्लासेन ने 71 और अभिनव मनोहर ने नाबाद 43 रन की जोड़ी ने जुझारू पारी खेलते हुए छठे विकेट के लिए 99 रनों की साझेदारी की**



**हैदराबाद, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 41वें मुकाबले में हाइनरिक क्लासन (71) और अभिनव मनोहर (नाबाद 43) की जोड़ी ने बुधवार को जूझारू पारी खेलते हुए छठे विकेट के लिये 99 रनों की साझेदारी कर सनराइजर्स हैदराबाद को संकट से निकालकर मुम्बई इंडियंस के सामने 144 रनों का लक्ष्य रखा। यहां मुम्बई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी सनराइजर्स हैदराबाद की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने एक के बाद एक 13 के स्कोर तक अपने शीर्ष चार विकेट गवां दिये। ट्रेंट बोल्ट ने दूसरे ही ओवर में ट्रैविस हेड को नमन धीर के हाथों कैच आउट कराकर मुम्बई इंडियंस को पहली सफलता दिलाई। अगले ही ओवर में दीपक चाहर ने इशान किशन (एक) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। हैदराबाद का तीसरा विकेट अभिषेक शर्मा (आठ) के रूप में गिरा। चौथा विकेट नीतीश कुमार रेढ्ढी (दो) को दीपक चाहर ने आउट किया। इसके बाद हाइनरिक क्लासन और अनिकेत वर्मा ने पारी को संभालने का प्रयास किया। नौवें ओवर में हार्दिक पंड्या ने अनिकेत वर्मा (12) को आउटकर हैदराबाद को पांचवां झटका दिया।

19वें ओवर में जसप्रीत बुमराह ने हाइनरिक क्लासन को आउटकर अभिनव मनोहन के साथ उनकी 99 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी का अंत किया। हाइनरिक क्लासन ने 44 गेंदों में नौ चौके और दो छक्के लगाते हुए (71) रनों की पारी खेली। ट्रेंट बोल्ड ने 20 ओवर में अभिनव मनोहन को भी आउट कर मुम्बई के लिए सातवां विकेट लिया। अभिनव मनोहन ने 37 गेंदों में तीन छक्के और दो चौके लगाते हुए (43) रन बनाये। हैदराबाद ने निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 143 रनों का स्कोर खड़ा किया। मुम्बई इंडियंस की ओर से ट्रेंट बोल्ट ने चार और दीपक चाहर ने दो विकेट लिए।

## आईपीएल ने भारत में क्रिकेट के प्रति जुनून को दी हवा

**लखनऊ, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) ने क्रिकेट के दीवाने देश भारत में क्रिकेट के प्रति जुनून को हवा दी है और दीवानगी का आलम यह है कि 47 फीसदी भारतीय दर्शक स्टेडियम में जाकर लाइव मैच देखना चाहते हैं जिसके लिए शहर ही नहीं बल्कि अन्य प्रदेश अथवा विदेश यात्रा करने वालों की भी कोई कमी नहीं है। एक रिपोर्ट के अनुसार 50 फीसदी भारतीय क्रिकेट मैच के बाद शहर देखने के लिए अपनी यात्रा 3-4 दिन बढ़ाना चाहते हैं। क्रिकेट देखने के लिए यात्रा की सूची में ऑस्ट्रेलिया और भारत में सबसे ऊपर मुंबई है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 80 फीसदी भारतीय इस सीजन में आईपीएल मैच लाइव देखना चाहते हैं। लीडिंग ग्लोबल ट्रैवल ऐप स्काईस्कैनर ने मंगलवार को अपनी 'पिच परफेक्ट जर्नीज़' रिपोर्ट जारी की। इस रिपोर्ट के मुताबिक भारतीयों की यात्रा में क्रिकेट की अहम भूमिका रहने वाली है। लगभग आधे भारतीय देश और विदेश की यात्रा स्टेडियम में मैच देखने के लिए करने वाले हैं। रिपोर्ट में सामने आया कि क्रिकेट सिर्फ़ एक खेल नहीं है, बल्कि जीवन जीने का एक तरीका है क्योंकि 98 फीसदी क्रिकेट प्रशंसकों ने कहा कि उन्हें इस खेल से बहुत प्यार है। रिपोर्ट के अनुसार क्रिकेट फैन्स स्थानीय व्यंजनों का आनंद लेने से लेकर पर्यटक और लोकप्रिय स्थलों को देखने तक अपनी छुटी का पूरा मजा लेना चाहते हैं। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) ने इस ट्रेंड में मुख्य योगदान दिया है। 80 फीसदी क्रिकेट फैन्स अपनी पसंदीदा टीमों को सपोर्ट करने के लिए यात्रा करने को उत्साहित हैं। 67 प्रतिशत भारतीय स्टेडियम के अंदर का उत्साह महसूस कर चुके हैं, वहीं 94 प्रतिशत निकट भविष्य इस रोमांच का अनुभव लेने के लिए उत्सुक हैं। 55 प्रतिशत फैन्स स्थान और स्टेडियम के वातावरण को सबसे ज़्यादा महत्व देते हैं, जिसके बाद मैच खेलने वाली टीमों (51 प्रतिशत) का स्थान आता है।

शाह टाइम्स

# सम्पादकीय

गुरुवार, 24 अप्रैल 2025

## जवाब देना होगा

मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों का हमला कायरतापूर्ण था। साल 2000 के बाद से यह सबसे बड़ा हमला बताया जा रहा है। इस हमले से भारतीयों ने एक सबक सीखा है कि सभी एकजुट होकर ऐसी घटनाओं का मुकाबला करें और इनकी पुनरावृत्ति न होने दें। इस समय देश में वक्फ बिल को लेकर आक्रोश है। राजनेता अपनी-अपनी पार्टी के समर्थन के लिए गोटी बिछा रहे हैं, लेकिन इस समय सभी को एकजुट होकर ऐसी घटनाओं को माकूल जवाब देना होगा। बीजेपी हो, कांग्रेस हो, सपा हो बसपा हो या अन्य कोई भी दल हो, सभी को आपसी मतभेद भुलाकर एक साथ आना होगा और ऐसी घटनाओं को समाप्त करने के लिए सरकार का साथ देना होगा, ताकि भविष्य में किसी निर्दोष की जान न जाए। इससे पहले भी हमले हुए हैं, लेकिन अभी तक आतंकी अफसरों को निशाना बनाते थे, लेकिन इस बार पर्यटकों पर हमला करके उन्होंने कायरता का परिचय दिया है, जिसको किसी भी हालत में सही नहीं कहा जा सकता। सरकार को भी आंखें खोलनी होंगी और जेसी एयर स्ट्राइक 2019 में की थी, ऐसा ही कुछ नया करने की जरूरत है, ताकि आतंकियों को पालने वाला देश भी जान ले कि भारत क्या चीज है। ज्ञात हो कि 26 फरवरी 2019 को भारतीय वायु सेना के 12 मिराज 2000 जेट्स ने नियंत्रण रेखा पार की और बालाकोट में जैश-ए-मोहम्मद संचालित आतंकवादी शि. विर पर हमला किया। इस ऑपरेशन के दौरान लगभग 200 - 300 आतंकवादी मारे गए। इसलिए यह सोचना होगा कि यदि हमारा एक मारा जाएगा, तो हम घर में घुसकर 10 को मारेंगे। इस समय देश की तमाम राजनीतिक पार्टियां और देश के लोग सरकार के साथ हैं, लेकिन सरकार को इनकी भावना समझनी होगी और ऐसी कार्रवाई करनी होगी कि आतंकी ऐसी घटना को अंजाम देने से पहले सौ बार सोचें। यह समय कोई राजनीति का नहीं है। इस हमले में जो पर्यटक मारे गए हैं, उनको न्याय दिलाने का यह समय है। पहलगाम में किसी एक राज्य के पर्यटक नहीं थे, बल्कि देश के विभिन्न राज्यों से पर्यटक घूमने आए थे। जिन्हें नाम पूछकर गोली मार दी गई। ऐसा करके आतंकी क्या संदेश देना चाहते थे। क्या वे किसी और प्रयोजन से भारत में घुसे थे। इन सब बातों के सवाल ढूंढने होंगे। लेकिन यह तो तय है कि इस बार सरकार को कड़ा फैसला लेना होगा, जिससे भारतीय के दिलों के अंदर जल रही आग ठंडी पड़ सके। कश्मीर के भारत में अंतिम रूप से विलय के बाद भी पाकिस्तान की उस पर कुदृष्टि है। युद्ध के जरिए इसे हासिल करने की उसकी हर कोशिश नाकाम रही। पहली बार 1947 में कबाइलियों की आड़ में उसने कश्मीर पर हमला किया। पाकिस्तान को मुंह की खानी पड़ी, लेकिन भारत की आगे बढ़ती सेनाओं को प्रधानमंत्री नेहरू के निर्देश के कारण रुकना पड़ा। कश्मीर का एक हिस्सा जिसे पाक अधिकृत गुलाम कश्मीर कहा जाता है, तभी से पाकिस्तान के कब्जे में है। 1965 में एक बार फिर पाकिस्तान ने युद्ध छेड़ा। फिर पराजित हुआ, लेकिन ताशकंद समझौते के चलते भारत को फिर पीछे हटने पड़ा। 1971 और 1999 के युद्धों में पाकिस्तान को फिर घुटने टेकने पड़े। इस बीच अमन-चैन के पैगाम और वार्ताओं-यात्राओं का सिलसिला चलता रहा, लेकिन पाकिस्तान की बदनीयती बदस्तूर रही।

## पर्यटकों का पलायन दिल दहला देने वाला



पहलगाम में घातक आतंकवादी हमले के बाद घाटी से पर्यटकों का पलायन करते देखना दिल दहला देने वाला है, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) और नागरिक उड्डयन मंत्रालय अतिरिक्त उड़ानों का आयोजन करने के लिए काम कर रहे हैं, जबकि श्रीनगर और जम्मू के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग-44 को एक ही दिशा में यातायात के लिए फिर से शुरू कर दिया गया है, हम पूरी तरह से समझते हैं कि लोग क्यों जाना चाहते हैं, प्रशासन को श्रीनगर और जम्मू के बीच यातायात को सुगम बनाने का निर्देश दिया है, ताकि पर्यटक वाहन निकल सकें, यह नियंत्रित और व्यवस्थित तरीके से किया जाना चाहिए, क्योंकि सड़क अभी भी कई जगहों पर अस्थिर है और हम सभी फंसे हुए वाहनों को निकालने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

**उमर अब्दुल्ला**
**मुख्यमंत्री, जम्मू-कश्मीर**

# क्या है देश में अपमान की परिभाषा...





निर्मल रानी

कांग्रेस नेता व सांसद राहुल गांधी देश विदेश में कहीं भी बोलते हैं तो उनके एक एक शब्द पर सत्ताधारी दल के नेताओं के कान लगे होते हैं। शायद भारतीय जनता पार्टी के नेता प्रधानमंत्री के भाषण को भी इतने ग़ौर से न सुनते हों जितने कि राहुल गांधी व सांसद प्रियंका गोंधी व सोनिया गोंधी के भाषण सुने जाते हों। ज़ाहिर है लगभग 11 वर्ष तक केंद्र में सरकार चलाने के बावजूद चूंकि अभी भी नेहरू गांधी परिवार वर्तमान सत्ता को सीधे तौर पर चुनौती दे रहा है और संसद से लेकर सड़कों तक सत्ता से ऐसे सवाल पूछ रहा जिसका जवाब देने से सत्ता कतराती रहती है। इसीलिए इन्हें नेहरू गांधी परिवार की बातों में ही 'बतंगड़' बनाने की सामग्री तलाशनी होती है। ख़ासकर राहुल गांधी जो बातें अपने देश में भी करते हैं यही बात यदि वे विदेश में जाकर करें तो इन्हें यह सब 'विदेशी धरती पर देश का अपमान करना' नज़र आता है।

वैसे भी राहुल गांधी ने अमेरिका में बोस्टन की ब्राउन यूनिवर्सिटी में जाकर कौन सी ऐसी नई बात कह दी या नया आरोप लगा दिया जो वे यहां संसद से लेकर अपनी जनसभाओं या पत्रकारों के समक्ष नहीं उठाते रहे हैं? वे अनेक बार भारतीय चुनाव आयुक्त और चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठा चुके हैं। वहां भी उन्होंने चुनाव आयोग पर समझौता करने का आरोप लगाया और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मतदान के आंकड़ों में गड़बड़ी का वही दावा किया जो यहाँ भी कई बार कर चुके हैं। फिर आख़िर वही बात विदेश की धरती पर करने से वे देशद्रोही, ग़द्दार,देश के दुश्मन और न जाने क्या क्या कैसे हो गए? आज के सूचना प्रौद्योगिकी इंटरनेट के दौर में क्या ऐसा संभव है कि कोई घटना या कोई वक्तव्य किसी सीमा तक सीमित रखा जा सके? जब युद्ध के मैदान से सीधी ख़बरें पलक झपकते पूरे विश्व में पहुंच जाती हैं तो मीडिया सम्बोधन में तो वैसे भी विश्व के संवाददाता मौजूद रहते हैं। सब कुछ 'लाईव' चल रहा होता है। फिर यह तो बहुत ही बचक. ानी सी बात है कि राहुल ने यह बात विदेश में क्यों कह दी? और इसी बहाने सत्ता सुख भोगने वालों ने अपने आक़ा को न केवल अपनी 'आक्रामक सक्रियता' जताने के लिए बल्कि अपने पद व राजनैतिक भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए राहुल गांधी के प्रति तरह तरह के अपशब्द कह डाले।

इस तिलमिलाहट के एक मायने तो यह भी हैं कि यही आरोप राहुल गांधी भारत में ही लगाएं तो कोई बात नहीं, आपत्ति केवल यह है कि उन्होंने यह सब

**ज़ाहिर है लगभग 11 वर्ष तक केंद्र में सरकार चलाने के बावजूद चूंकि अभी भी नेहरू गांधी परिवार वर्तमान सत्ता को सीधे तौर पर चुनौती दे रहा है और संसद से लेकर सड़कों तक सत्ता से ऐसे सवाल पूछ रहा जिसका जवाब देने से सत्ता कतराती रहती है, इसलिए इन्हें नेहरू गांधी परिवार की बातों में ही 'बतंगड़' बनाने की सामग्री तलाशनी होती है**

अमेरिका में जाकर क्यों कह दिया? दरअसल राहुल गांधी ने पिछले दिनों अमेरिकी ब्राउन यूनिवर्सिटी में अपने संबोधन में कहा था कि यह बिल्कुल स्पष्ट है कि चुनाव आयोग ने समझौता कर लिया है और सिस्टम में कुछ गड़बड़ है। मैंने यह कई बार कहा है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महाराष्ट्र में वयस्कों की संख्या से ज्यादा लोगों ने मतदान किया। चुनाव आयोग ने हमें शाम 5:30 बजे तक के मतदान के आंकड़े दिए और शाम 5:30 बजे से 7:30 बजे के बीच 65 लाख मतदाताओं ने मतदान कर दिया? ऐसा होना शारीरिक रूप से असंभव है। एक मतदाता को मतदान करने में लगभग 3 मिनट लगते हैं और अगर आप गणित लगाएं तो इसका मतलब है कि सुबह 2 बजे तक मतदाताओं की लाइनें लगी रहीं। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जब हमने उनसे वीडियोग्राफ़ी देने के लिए कहा तो उन्होंने न केवल मना कर दिया, बल्कि उन्होंने क़ानून भी बदल दिया ताकि हम वीडियोग्राफ़ी के लिए न कह सकें।

यही सवाल कांग्रेस व विपक्ष द्वारा संसद में मीडिया में और चुनाव आयोग के सामने भी उठाए जा चुके हैं। और विदेशी मीडिया अनेक बार इसकी रिपोर्टिंग भी कर चुका है। अमेरिकी अख़बार पूर्व में जहां भारत जैसे विशाल और जटिल देश में बड़े पैमाने पर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की क्षमता ,भारतीय चुनाव आयोग की इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) जैसी तकनीकी प्रगति व मतदाता जागरूकता अभियानों की तारीफ़ कर चुके हैं वहीं इन्हीं अमेरिकी अख़बारों द्वारा 2019 और 2024 के लोकसभा चुनावों के दौरान चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाने वाले लेख भी लिखे जा चुके हैं। द वाशिंगटन पोस्ट और न्यूयॉर्क टाइम्स जैसे प्रमुख अख़बारों द्वारा अपने लेखों में भारतीय चुनाव आयोग पर सत्तारूढ़ दल (विशेष रूप से भारतीय जनता पार्टी) के प्रति कथित पक्षपात के आरोपों का ज़िक्र किया जा चुका है। इसीतरह 2024 के चुनावों के दौरान, अमेरिकी अख़बारों के कुछ लेखों में भारतीय चुनाव आयोग की कार्रवाइयों, जैसे आदर्श आचार सं. हता के उल्लंघन की शिकायतों पर कथित निष्क्रियता या देरी, और विपक्षी नेताओं के ख़िलाफ़ जांच को लेकर भी सवाल उठाए जा चुके हैं। द गार्जियन और टाइम मैगज़ीन जैसे प्रकाशनों ने भी इन मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जिसे अमेरिका सहित पूरे विश्व में पढ़ा व देखा गया। इन्हीं में ईवीएम की विश्वसनीयता और पारदर्शिता पर भी चर्चा हो चुकी है। यह और बात है कि ऐसे लेख अथवा संपादकीय विदेशी मीडिया में प्रकाशित होने के बाद कुछ सत्ता समर्थक भारतीय विश्लेषकों या सरकारी अधिकारियों, अथवा किसी मंत्री द्वारा ऐसी कवरेज को 'पश्चिमी पक्षपात' या 'माइंड गेम' कह कर अपना पक्ष रख दिया जाता है। ख़ास तौर पर उस समय जबकि इससे भारत की छवि का नकारात्मक रूप से चित्रण होता हो।

लिहाज़ा राहुल पर भड़ास निकालकर अपनी 'वफ़ादारी' का सुबूत देने के बजाए देश के नेता विपक्ष द्वारा उठाए गए सवालों का तार्किक जवाब दिया जाना चाहिए। वे वहां क्यों कह रहे हैं के बजाए यह बताना चाहिये कि उन्हें आख़िर ऐसा क्यों कहना पड़ रहा है? उनके सवालों पर उन्हें घटिया शब्दों से संबोधित करने व उनके ख़िलाफ़ गोदी मीडिया की जुगलबंदी कर राजनैतिक माहौल तैयार करने से बेहतर है कि भारतीय चुनाव आयोग देश को तथा विपक्ष को अपनी बेगुनाही का सुबूत दे और जनता में अपना विश्वास पैदा करे। रहा सवाल देश की छवि बिगाड़ने का तो देश और दुनिया देख रही है कि देश के अपमान की परिभाषा क्या है और देश की छवि कौन और कैसे बिगाड़ रहा है। और कौन देश को कमज़ोर कर रहा है।

# भारत में जलवायु परिवर्तन की गति धीमी है?

स्रोत फीचर्स



हाल ही में भारत के पर्यावरण मंत्रालय और हारवर्ड युनिवर्सिटी द्वारा आयोजित जलवायु सम्मेलन में एक नक्शा दिखाया गया जिसमें पूरी दुनिया लाल रंग में तापमान वृद्धि दिखा रही थी, लेकिन भारत तुलनात्मक रूप से हल्के रंग में था। यानी नक्शा दिखा रहा था कि दुनिया के ज्यादातर हिस्सों में तापमान तेज़ी से बढ़ रहा है, लेकिन भारत अपेक्षा से धीरे-धीरे गर्म हो रहा है। किंतु, हाल के वर्षों के अपने अनुभवों और आंकड़ों को देखें तो भारत में रिकॉर्ड तोड़ गर्मी और लू दर्ज की गई है। फिर भी चार्ट बताता है कि 1901 से अब तक भारत का सालाना औसत तापमान 0.7 डिग्री सेल्सियस बढ़ा है, जो कि वैश्विक औसत से लगभग आधा है। सवाल है कि ऐसा कैसे कि एक तरफ देश में भीषण गर्मी पड़ रही है और दूसरी तरफ दीर्घकालिक तापमान वृद्धि धीमी दिख रही है।

इस विरोधाभास की एक बड़ी वजह वायु प्रदूषण माना जा रहा है। खासकर उत्तर भारत में गंगा का मैदानी इलाका दुनिया के सबसे प्रदूषित क्षेत्रों में से एक है। यहां उद्योगों, गाड़ियों, खाना पकाने, पराली जलाने और धूल के कारण हवा में सूक्ष्म कणों से भरपूर एरोसोल छा जाते हैं। ये सूरज की रोशनी को वापस अंतरिक्ष में परावर्तित कर देते हैं और हवा को ठंडा कर देते हैं। यह प्रदूषण कभी-कभी ग्रीनहाउस गैसों के असर को दबा देता है। लेकिन यह तर्क पूरी तरह मज़बूत नहीं है। सभी एरोसोल ठंडक नहीं पहुंचाते-जैसे काला धुआं (कालिख) गर्मी को सोखता है और वातावरण को गर्म करता है। मुंबई के वैज्ञानिक रघु मूर्तुगुड़े कहते हैं कि भारत में सबसे ज्यादा प्रदूषण सर्दियों में होता है, और सबसे तेज़ तापमान वृद्धि भी उन्हीं महीनों में देखी गई है। इसका मतलब है कि सिर्फ एरोसोल इस पैटर्न की व्याख्या नहीं कर सकता। एक और कारण बदलता पवन चक्र हो सकता है। रघु मूर्तुगुड़े और उनके साथियों ने पाया है कि मध्य एशिया में तेज़ गर्मी के कारण मानसूनी हवाओं की दिशा बदल रही है। अब ये हवाएं थोड़ा उत्तर की ओर खिसक रही हैं, जिससे पाकिस्तान और उत्तर-पश्चिम भारत के सूखे इलाकों में ज्यादा बारिश हो रही है। अब वैज्ञानिक यह समझने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या बाकी मौसमों में भी पवन चक्र में ऐसे ही बदलाव भारत में तापमान को अपेक्षाकृत ठंडा बनाए हुए हैं।

एक तीसरी वजह भारत में बड़े पैमाने पर सिंचाई हो सकती है, खासकर उत्तर भारत में। जब खेतों और पौधों से पानी भाप बनकर उड़ता है, तो वह हवा से गर्मी खींचता है, जिससे ठंडक महसूस होती है। ऐसा असर अमेरिका के मिडवेस्ट इलाके में भी अत्यधिक खेती की वजह से देखा गया है। कुछ शोध बताते हैं कि 20वीं सदी में पूरे दक्षिण एशिया में बड़े स्तर पर हुई सिंचाई ने तापमान वृद्धि की रफ्तार को धीमा कर दिया। लेकिन इस पर भी सवाल उठाए गए हैं। कुछ भारतीय वैज्ञानिकों का मानना है कि उपग्रहों से मिले आंकड़े गर्मियों में सिंचाई की मात्रा को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाते हैं। गर्मियों में ही सिंचाई सबसे कम होती है, और उसी समय तापमान वृद्धि में कमी सबसे ज्यादा दिखाई देती है। वहीं, इंडियन इंस्टिटयूट ऑफ साइंस के गोविंद. सामी बाला का मानना है कि भारत नम-उष्णकटिबंधीय क्षेत्र में स्थित है और यहां का प्राकृतिक मौसम चक्र खुद ही इस धीमी तापमान वृद्धि का कारण हो सकता है। उनके अनुसार, प्रदूषण और सिंचाई का असर स्थानीय स्तर पर हो सकता है, लेकिन पूरे देश के तापमान पर इसका खास असर नहीं पड़ता।

बहरहाल, उपरोक्त संभावित कारकों के अलावा एक और बात ध्यान में रखने की है। इस सम्मेलन का आयोजक स्वयं जलवायु मंत्रालय था, जो जलवायु परिवर्तन और बढ़ते तापमान को थामने के लिए ज़िम्मेदार है। फिर, भारत में आंकड़ों की हालत बहुत अच्छी नहीं है। उपरोक्त सारे आंकड़े उपग्रहों से प्राप्त हुए हैं और इनकी पुष्टि मैदानी आंकड़ों से करना ज़रूरी है। और, आंकड़े वही बयान करते हैं जो उनसे बयान करवाया जाता है। कारण चाहे जो भी हो एक बात साफ है कि इस पर गहराई से अध्ययन और जांच-पड़ताल की ज़रूरत है। अधिक काम ही स्थिति को स्पष्ट कर पाएगा। और एक बात, भारत में औसत तापमान धीरे-धीरे बढ़े या तेज़ी से, लेकिन ग्रीष्म लहरें तो बढ़ रही हैं। 2023 भारत के इतिहास का सबसे गर्म साल रहा, जिसमें भीषण ग्रीष्म लहरों ने 700 से ज्यादा लोगों की जान ली। विशेषज्ञों का मत है कि आगामी सालों में गर्मियां और भी घातक हो सकती हैं। इसलिए बढ़ते तापमान को थामने और बदलती जलवायु को रो. कने के प्रयास करने में ही भलाई है।

**1901 से अब तक भारत का सालाना औसत तापमान 0.7 डिग्री सेल्सियस बढ़ा है, जो कि वैश्विक औसत से लगभग आधा है, सवाल है कि ऐसा कैसे कि एक तरफ देश में भीषण गर्मी पड़ रही है और दूसरी तरफ दीर्घकालिक तापमान वृद्धि धीमी दिख रही है**

### भारत की यात्रा पर आए अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने भी

# पहलगाम आतंकी हमले पर संवेदना प्रकट की





अशोक भाटिया

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले को लेकर भारत की यात्रा पर आए अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने दुख जताया है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में पीड़ितों के प्रति अपनी संवे. दनाएं प्रकट की और इस हमले को बेहद दुखद बताया। साथ ही कहा कि हमारी भावनाएं और प्रार्थनाएं यहां के लोगों के साथ हैं। जेडी वेंस चार दिन की भारत यात्रा पर सोमवार को ही भारत पहुंचे थे। उन्होंने एक्स पर कहा कि उषा और मैं भारत के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के पीड़ितों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं। पिछले कुछ दिनों में हम इस देश और इसके लोगों की खूबसूरती से अभिभूत हो गए हैं। इस भयानक हमले में हमारी भावनाएं और प्रार्थनाएं उनके साथ हैं। यही नहीं जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की चौतरफा निंदा हो रही है। साल 2019 में हुए पुलवामा हमले के बाद कश्मीर घाटी में हुआ सबसे बड़ा हमला है, जिसने एक बार फिर से झकझोर कर रख दिया है। दहशतगर्दों की इस कायराना हरकत ने 30 लोगों की जान ले ली। देश ही नहीं बल्कि दुनियाभर के तमाम देशों ने घटना पर दुख जाहिर करते हुए इसकी निंदा की है।

हम बात कर रहे थे अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री मोदी और उपराष्ट्रपति वेंस ने द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति की समीक्षा की और उसका सकारात्मक मूल्यांकन किया। बताया जाता है कि जेडी वेंस और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच हुई बात. चीत से दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों में उल्लेखनीय प्रगति दिखी। दूसरा प्रधानमंत्री के सामने एक बैठक में वेंस के पहुंचने की तस्वीरें आज जारी की गईं। यह देखते हुए यह मान लेना सुरक्षित है कि चर्चा बहुत ही चंचल माहौल में हुई थी। संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल के बाद से अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति ने एक नए आयाम पर ले लिया है। व्हाइट हाउस में ट्रम्प के सबसे करीबी सहयोगी एलोन मस्क के बेटे और बेटी, मेहमानों के सामने खेल रहे हैं, उनके एक दर्जन से अधिक बच्चों में से एक उनके वास्तविक सिर पर बैठा है, दूसरे को अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा तैयार किया जा रहा है, और किसी और को शाही अतिथि के रूप में खेला जा रहा है, और ट्रम्प का पारिवारिक स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति लाने का प्रयास राजनीति में पारिवारिक संस्थानों के महत्व को रेखांकित करता है। क्षेत्र में ट्रम्प का अनुभव काफी व्यापक है, और मस्क कम से कम चार ज्ञात परिवारों का अनुयायी है। वेंस बचपन से अपने बच्चों के लिए ट्रम्प-मस्क के कूटनीति के उपयोग का अनुकरण करते हैं। वैसे भी। यह मामला हो सकता है, लेकिन प्रधानमंत्री-उपराष्ट्रपति की यात्रा पर कोई आधिकारिक संयुक्त बयान जारी नहीं किया गया है। हालांकि, दोनों पक्षों ने कहा कि वार्ता 'बहुत सार्थक' रही। अब इस 'फला' की व्याख्या करने की जरूरत है। इस बात का खुलासा खुद वेंस ने जयपुर में अपने भाषण में किया। भारत को अमेरिका से ज्यादा से ज्यादा हथियार मिलें, अमेरिकी उत्पादों के लिए ज्यादा से ज्यादा बाजार मिले, भारत अमेरिकी अनाज से ज्यादा से ज्यादा एथेनॉल खरीदे, भारतीय वाहनों में अमेरिकी एथेनॉल का इस्तेमाल शुरू करे, हमारे एफ-35 विमान भारत की रक्षा में निर्णायक भूमिका निभाएंगे। वेंस की यात्रा के पीछे का आर्थिक विचार परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में अमेरिकी कंपनियों को अधिक आसान पहुंच प्रदान करना है, ताकि भारत भारतीय ऊर्जा सुरक्षा के लिए बड़े पैमाने पर अमेरिकी ईंधन उत्पादों का उपयोग कर सके। उन्होंने कहा कि आने वाली सदी भारत और अमेरिका के बीच होगी और दोनों देशों को 'समान सिद्धांत' पर व्यापार बढ़ाना चाहिए। समाज-सम्मत। मकसद है कि दोनों देशों के बीच जल्द से जल्द ट्रेड डील हो जाए। उपराष्ट्रपति वेंस की भारत यात्रा इसी के अनुरूप थी। वांस ने कहा कि बैठक के दौरान व्यापार समझौते पर अच्छी प्रगति हुई, वित्तमंत्री सीतारमण ने कहा कि अक्टूबर दोनों देशों के बीच पहले समझौते को वास्तविकता में बदलने का समय होगा। ऐसा लगता है कि वेंस की भारत यात्रा में इस मुद्दे पर प्रगति करने में कम से कम चार से पांच महीने लग गए हैं, जिसका अर्थ है कि अगर यह संयुक्त यात्रा के लिए नहीं होती और अपेक्षित प्रगति हुई होती, तो समझौते में और देरी होती।

क्योंकि ट्रम्प के अनुसार, भारत अमेरिकी सामान उतना नहीं खरीदता जितना वह संयुक्त राज्य अमेरिका को बेचता है। ट्रम्प का कहना है कि भारत-अमेरिका व्यापार उनके लिए फायदेमंद है और संयुक्त राज्य अमे. रिका के लिए वरदान है। संयुक्त राज्य अमेरिका जोर देकर कहता है कि भारत को संयुक्त राज्य अमेरिका से अधिक उत्पाद खरीदकर इस व्यापार असंतुलन को दूर करना चाहिए। ट्रम्प ने हाल ही में इस उद्देश्य के लिए भारतीय उत्पादों पर 26 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया है। उन्होंने अभी के लिए इस पर 90 दिनों की रोक लगा दी है। अधिस्थगन अवधि के दौरान दोनों देशों के बीच व्यापार समझौतों को फिर से लिखे जाने की उम्मीद है। दूसरे शब्दों में इस अवधि के दौरान भारत के अमेरिकी उत्पादों के प्रवाह को बढ़ाने की जरूरत है। इसे कितना बढ़ाना चाहिए? हाल ही में समाप्त हुए वित्तीय वर्ष में, दोनों देशों के बीच व्यापार घाटा 41 अरब डॉलर रहा, जो पिछले साल 3533 अरब डॉलर और उससे पहले 2768 अरब डॉलर था।

**2019 में हुए पुलवामा हमले के बाद कश्मीर घाटी में हुआ सबसे बड़ा हमला है जिसने एक बार फिर से झकझोर कर रख दिया है**

## बढ़ती उम्र में जवां दिखने के लिए महिलाएं रोजाना करें ये एक्सरसाइज

हर महिला के लिए 30-40 साल की उम्र का समय बेहद महत्वपूर्ण होता है। क्योंकि इस दौरान महिलाओं के शरीर में कई तरह के हार्मोनल बदलाव होते हैं। जो महिलाओं के शारीरिक और मानसिक स्थिति को प्रभावित करते हैं। इन हार्मोनल बदलाव की वजह से 30 से 40 साल की उम्र की महिलाओं को मेटाबॉलिज्म भी धीमा हो जाता है। जिसकी वजह से महिलाओं को पाचन संबंधी समस्या और वजन आदि बढ़ने लगता है। वहीं 30 से 40 साल की उम्र में हेल्दी और फिट रहने के लिए महिलाओं को एक्सरसाइज जरूर करना चाहिए। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि इस उम्र में महिलाओं को कौन सी एक्सरसाइज करना चाहिए।

### कार्डियो एक्सरसाइज

रोजाना 30 से 40 साल की उम्र वाली महिलाओं को कार्डियो एक्सरसाइज करना चाहिए। क्योंकि इससे आपकी दिल की सेहत में सुधार होता है और वेट कंट्रोल होता है। इसलिए रोजाना 30 मिनट जॉगिंग, वॉकिंग, स्विमिंग या साइकिलिंग जैसी एक्सरसाइज करना चाहिए।

### पिलाटेज

रोजाना 20 से 25 मिनट तक पिलाटेज एक्सरसाइज करने से महिलाओं की कोर स्ट्रेंथ मजबूत होती है और बैलेंस को मेंनटेन करने में सहायता मिलती है। वहीं 30 उम्र के बाद कमर, पीठ और शरीर के दर्द से राहत मिलती है।

### स्ट्रेंथ ट्रेनिंग

स्ट्रेंथ ट्रेनिंग करने से महिलाओं की मांसपेशियां मजबूत होती हैं। इसलिए रोजाना पुशअप्स, स्क्वाट्स और वेट लिफ्टिंग जैसी एक्सरसाइज करना महिलाओं के लिए फायदेमंद होता है।

### हाई-इंटेंसिटी इंटरवल ट्रेनिंग

वहीं 30 साल की उम्र के बाद मेटाबॉलिज्म को स्ट्रांग बनाने और वेट लॉस में हाई-इंटेंसिटी इंटरवल ट्रेनिंग लाभकारी होती है। यह एक्सरसाइज करने से शरीर की एक्स्ट्रा कैलोरी कम करने और फिट रहने में सहायता मिलती है।

### ब्रीदिंग और बैलेंसिंग एक्सरसाइज

बता दें कि सांस संबंधित एक्सरसाइज जैसे डीप ब्रीदिंग और प्राणायाम करने से मानसिक तनाव कम होता है। वहीं रोजाना ब्रीदिंग करने से शरीर को पर्याप्त रूप से ऑक्सीजन मिलता है, जिससे शरीर का विषाद्र पदार्थ बाहर निकालने में सहायता मिलती है। वहीं बैलेंस एक्सरसाइज करने से सही तरीके से चलने और उठने-बैठने में आसानी होती है।



# पहलगाम आतंकी हमले की पूरे विश्व ने की निंदा

## सभी वैश्विक नेताओं ने कहा हम भारत के साथ हैं

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र , इजरायल , ऑस्ट्रेलिया , ब्रिटेन , यूरोपीय संघ सहित विश्व के अनेक नेताओं ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए साथ ही मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना भी व्यक्त की ही है।

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, ऑस्ट्रेलिया के प्रधनमंत्री एंथनी अल्बानीज, भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे और अन्य शामिल हैं। मंगलवार रात अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर ने आतंकवादी हमले की निंदा की थी। हमले में 28 पर्यटक मारे गए थे। ट्रम्प ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बात करने और समर्थन व्यक्त करने के लिए उन्हें फोन भी किया था। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता द्वारा 22 अप्रैल को जारी बयान में गुटेरेस ने जम्मू-कश्मीर में हुए सशस्त्र हमले की कड़ी निंदा की है। संयुक्त राष्ट्र प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने सवाल का जवाब देते हुए इस बात पर जोर दिया कि महासचिव ने हमले की निंदा की है। मीडिया रिपोर्टों से पता चलता है कि एक बंदूकधरी ने क्षेत्र के दक्षिण में पहलगाम के निकट लोगों के एक समूह पर गोलीबारी की जिसमें 24 से अधिक लोग मारे गए। उन्होंने कहा कि गुटेरेस शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं तथा इस बात पर जोर देते हैं, किसी भी परिस्थिति में नागरिकों पर हमले अस्वीकार्य हैं। ब्रिटिश शासन की समाप्ति के बाद से ही जम्मू-कश्मीर पर भारत और पाकिस्तान के बीच विवाद रहा है। आज हमले की निंदा करने वालों में डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन, यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन, जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़, गुयाना के राष्ट्रपति इरफ़ान अली, नेपाल के प्रधनमंत्री केपी शर्मा ओली, लंका के प्रधानमंत्री अनुरा कुमारा दिसानायके, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर, सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान समेत कई अन्य लोग शामिल थे। स्टारमर ने एक्स पर कहा कि आज कश्मीर में हुआ भयानक आतंकवादी हमला बेहद विनाशकारी है। मेरी संवेदनाएं प्रभावित लोगों, उनके प्रियजनों और भारत के लोगों के साथ हैं। नेतन्याहू ने पहलगाम में हुए बर्बर आतंकवादी हमले की निंदा की और कहा कि आतंकवाद के खिलाफ़ लड़ाई में इज़रायल भारत के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि मेरे प्रिय मित्र नरेन्द्र मोदी मैं जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए बर्बर आतंकवादी हमले से बहुत दुखी हूं जिसमें दर्जनों निर्दोष लोग मारे गए और घायल हुए। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं। इज़रायल आतंकवाद के खिलाफ़ लड़ाई में भारत नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने कहा कि नेपाल भारत के साथ मजबूती से खड़ा है और आतंकवाद के किसी भी और सभी कृत्यों की कड़ी निंदा करता है। उन्होंने कहा कि पहलगाम में आतंकवादी हमले के पीड़ितों के प्रति गहरी संवेदना। नेपाल भारत के साथ मजबूती से खड़ा है और आतंकवाद के किसी भी और सभी कृत्यों की कड़ी निंदा करता है। ओली ने मारे गए लोगों में एक नेपाली नागरिक के होने की खबर का जिक्र करते हुए कहा कि पीड़ितों में एक नेपाली नागरिक की रिपोर्ट की पुष्टि करने के लिए करीबी समन्वय स्थापित किया गया है और सभी आवश्यक सहायता प्रदान की जाएगी। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि भारत में एक जघन्य हमला हुआ है जिसमें सभी क्षेत्रों के अनेक पुरुषों और महिलाओं की जान चली गई है। हम पीड़ितों के परिवारों के गहरे दुख को साझा करते हैं, जिनके प्रति मैं अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं। जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़ ने अपने संदेश में कहा, हम पहलगाम में पर्यटकों पर हुए कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हैं। हमारी संवेदनाएं पीड़ितों के परिवारों के साथ हैं और हम घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। हमारी हार्दिक संवेदनाएं भारत के लोगों के साथ हैं। गुयाना के राष्ट्रपति इरफ़ान अली ने अपने संदेश में कहा कि यह आतंकवादी हमला चरमपंथ के विनाशकारी प्रभाव की एक दुखद याद दिलाता है और उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अपराध्यिों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि महामहिम, नरेन्द्र मोदी मैं कश्मीर में हाल ही में हुए आतंकवादी हमले के बारे में जानकर बहुत दुखी हूं जिसमें कई लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। हिसा का यह जघन्य कृत्य चरमपंथ के विनाशकारी प्रभाव की एक दुखद याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि मैं इस क्रूर हमले की स्पष्ट रूप से निंदा करता हूं जिसका उद्देश्य भय और पीड़ा पैदा करना है। हिंसा कभी समाधन नहीं है यह केवल दर्द और नुकसान के चक्र को बनाए रखती है। हमें शांति और समझ के लिए प्रयास करना चाहिए, ऐसे अत्याचारों से मुक्त भविष्य बनाने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कृपया इस त्रासदी में अपनी जान गंवाने वालों के परिवारों और प्रियजनों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना व्यक्त करें। इस अविश्वसनीय रूप से कठिन समय में वे मेरे विचारों में हैं। आइए हम सभी हिंसा के ऐसे कृत्यों के खिलाफ एक साथ खड़े हों और शांति और करुणा की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए खुद को प्रतिबद्ध करें। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि इस भयानक हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। यूरोपीय संघ की प्रमुख उर्सुला वॉन डेर लेएन ने अपने संदेश में कहा कि यूरोप इस कठिन समय में भारत के साथ खड़ा है।उन्होंने कहा कि पहलगाम में हुए जघन्य आतंकी हमले ने कई मासूम लोगों की जान ले ली। मेरी गहरी संवेदनाएं नरेन्द्र मोदी और आज शोक में डूबे हर भारतीय के साथ हैं। फिर भी मैं जानती हूं कि भारत की भावना अटूट है। आप इस मुश्किल घड़ी में मजबूती से खड़े रहेंगे और यूरोप आपके साथ खड़ा रहेगा। ऑस्ट्रेलिया के प्रधनमंत्री एंथनी अल्बानीज ने कहा कि आतंकी हमले का कोई औचित्य नहीं है और ऑस्ट्रेलिया इसकी निंदा करता है। उन्होंने कहा कि मैं जम्मू-कश्मीर में रात भर निर्दोष नागरिकों पर हुए भयानक आतंकी हमले से स्तब्ध हूं। इस हिंसा का कोई औचित्य नहीं है और ऑस्ट्रेलिया इसकी निंदा करता है। उन्होंने कहा कि हम घायलों, शोक में डूबे प्रियजनों और इस भयानक खबर से ऑस्ट्रेलिया में प्रभावित हुए हर व्यक्ति के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं। भूटान के प्रधनमंत्री शेरिंग तोबगे ने आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की। तोबगे ने कहा कि कल पहलगाम में हुए भयानक आतंकवादी हमले के पीड़ितों और प्रभावित लोगों के प्रति संवेदना और प्रार्थनाएं। भूटान इस तरह के क्रूर आतंकवादी कृत्यों की कड़ी निंदा करता है और एकजुटता और मित्राता के साथ भारत सरकार और लोगों के साथ मजबूती से खड़ा है। लंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने अपने संदेश में कहा कि लंका इस कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा करता है और भारत के लोगों के साथ एकजुटता में खड़ा है। उन्होंने कहा कि मैं भारत में हुए कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा करता हूं। हमारी संवेदनाएं पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं। लंका हमेशा भारत के लोगों के साथ एकजुटता में खड़ा है। भारत में चीनी राजदूत जू फेइहोंग ने अपने संदेश में हमले की निंदा की और कहा कि चीन सभी तरह के आतंकवाद का विरोध करता है। उन्होंने कहा कि पहलगाम में हुए हमले से स्तब्ध हूं और इसकी निंदा करता हूं। पीड़ितों के प्रति गहरी संवेदनाएं और घायलों और शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी सहानुभूति। सभी तरह के आतंकवाद का विरोध करें। यूक्रेनी दूतावास ने अपने संदेश में कहा कि यूक्रेन जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए हमले से बहुत चिंतित है। हम आतंकवाद के कारण प्रतिदिन जान गंवाते हैं और आतंकवाद के सभी रूपों की कड़ी निंदा करते हैं। जब निर्दोष लोगों की हत्या होती है तो यह असहनीय दर्द होता है। अपराध्यिों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन ने कहा कि उनका देश भारत के साथ खड़ा है और आतंकवाद के सभी कृत्यों की कड़ी निंदा करता है। उन्होंने कहा कि पहलगाम से भयानक खबर। डेनमार्क भारत के साथ खड़ा है और आतंकवाद के सभी कृत्यों की कड़ी निंदा करता है। हमले के पीड़ितों और उनके परिवारों और प्रियजनों के प्रति हमारी संवेदनाएं। नेपाल के विदेश मंत्रालय ने कहा कि नेपाल जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर हुए बर्बर आतंकवादी हमले की स्पष्ट रूप से निंदा करता है। उन्होंने कहा कि हम शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं और घायलों के शीघ्र और पूर्ण स्वस्थ होने की हार्दिक कामना करते हैं।नेपाल इस दुख की घड़ी में भारत सरकार और लोगों के साथ एकजुटता में खड़ा है। उन्होंने कहा कि हमारे दृढ़ और सैद्धांतिक रुख के अनुरूप, नेपाल आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की निंदा करता है और मानता है कि आतंकवाद के ऐसे जघन्य कृत्यों को किसी भी आधर पर उचित नही ठहराया जा सकता और न ही ठहराया जाना चाहिए। भारत में मेक्सिको के दूतावास ने भी पहलगाम में जघन्य आतंकवादी हमले की निंदा की। ईरान के विदेश मंत्रालय ने भी आतंकवादी हमले की निंदा की। मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाकई ने इस जघन्य कृत्य को एक गंभीर अपराध बताया जो सभी अंतर्राष्ट्रीय कानूनी और मानवीय मानदंडों का घोर उल्लंघन है। उन्होंने पीड़ितों के परिवारों के प्रति हार्दिक सहानुभूति व्यक्त की, साथ ही भारत सरकार और लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। बाकई ने आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की स्पष्ट रूप से निंदा करने में इस्लामी गणराज्य ईरान की सैद्धांतिक स्थिति को दोहराया। उन्होंने आतंकवाद को रोकने और उसका मुकाबला करने तथा इसके अपराध्यिों और प्रायोजकों के खिलाफ मुकदमा चलाने और उन्हें दंडित करने के लिए क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तरों पर सहयोग और समन्वय को और मजबूत करने की तत्काल आवश्यकता पर भी जोर दिया। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने इसे आतंकवादी हमला बताए बिना कहा: हम अनंतनाग जिले में हुए हमले में पर्यटकों की जान जाने से चिंतित हैं। हम मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने भी आतंकी हमले की निंदा की। सलमान के संदेश को कल जेद्दा में मोदी की द्विपक्षीय वार्ता के बाद संयुक्त बयान में शामिल किया गया।

> **डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन, यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन, जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़, गुयाना के राष्ट्रपति इरफ़ान अली, नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली, लंका के प्रधानमंत्री अनुरा कुमारा दिसानायके, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर, सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान सभी ने आतंकवाद के खात्मे का संकल्प दोहराया।**

# ट्रम्प प्रशासन को कोर्ट से तीसरा झटका

## संघीय न्यायाधीश ने वॉइस ऑफ अमेरिका को बंद करने से रोका

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन को कोर्ट से झटका लगा है। एक संघीय न्यायाधीश ने मंगलवार को वायस ऑफ अमेरिका को बंद करने के ट्रम्प प्रशासन के फैसले पर रोक लगा दी। वायस ऑफ अमेरिका 83 साल पुरानी अंतर्राष्ट्रीय समाचार सेवा है, जिसे कांग्रेस ने शुरू किया था। अमेरिकी जिला न्यायाधीश रायस लैम्बर्थ ने अपने फैसले में कहा कि ट्रम्प प्रशासन ने वायस ऑफ अमेरिका को अवैध रूप से संचालन बंद करने के लिए मजबूर किया।

द्वितीय विश्व युद्ध के समय से वीओए की स्थापना के बाद यह पहली बार हुआ है। वीओए के कर्मचारियों और ठेकेदारों के वकीलों ने न्यायाधीश से अनुरोध किया कि राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा फंड में कटौती करने से पहले जैसी स्थिति थी, उसे फिर से बहाल किया जाए ताकि वो फिर से प्रसारण कर सके। न्यायाधीश लैम्बर्थ ने वकीलों की इस मांग पर सहमति जताई। उन्होंने ट्रम्प प्रशासन को आदेश दिया कि वीओए और अमेरिकी एजेंसी फार ग्लोबल मीडिया द्वारा संचालित दो स्वतंत्र प्रसारण नेटवर्क- रेडियो फ्री एशिया और मिडिल ईस्ट ब्राडकास्टिंग नेटवर्क को फिर बहाल किया जाए, जब तक कि इस मुकदमे का निपटारा नहीं हो जाता। हालांकि, न्यायाधीश ने दो अन्य स्वतंत्र नेटवर्क- रेडियो फ्री यूरोप/रेडियो लिबर्टी और ओपन टेक्नोलाजी फंड की ऐसी ही अपील को खारिज कर दिया। वायस ऑफ अमेरिका को बंद करने के मामले को लेकर 26 मार्च को अदालत में याचिका दायर की गई थी। वादी के वकीलों ने कहा था कि वीओए के लगभग 1,300 कर्मचारियों को प्रशासनिक अवकाश पर भेज दिया गया है, जबकि 500 ठेकेदारों को



बताया गया कि मार्च के अंत में उनके अनुबंध खत्म कर दिए जाएंगे। राष्ट्रपति ट्रम्प ने 14 मार्च को एक कार्यकारी आदेश जारी किया। इसके तुरंत बाद वायस ऑफ अमेरिका बंद हो गया। इसके अलावा, एजेंसी फार ग्लोबल मीडिया और छह अन्य सरकारी संस्थाओं को दिए जाने वाले फंड में कटौती की गई। ट्रम्प के कार्यकारी आदेश ने एसोसिएटेड प्रेस सहित समाचार एजेंसियों के साथ वीओए के अनुबंधों को भी खत्म कर दिया। बता दें कि वायस ऑफ अमेरिका द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से ही सत्तावादी देशों में समाचार प्रसारित करता रहा है, जहां स्वतंत्र प्रेस नहीं है। इसकी शुरुआत नाजी प्रचार का जवाब देने के लिए हुई थी। वीओए ने साम्यवाद के प्रसार को रोकने के लिए अमेरिकी सरकार के शीत युद्ध के प्रयासों में एक प्रमुख भूमिका निभाई थी। ट्रम्प और उनके रिपब्लिकन सहयोगियों ने आरोप लगाया है कि वीओए वामपंथी पूर्वाग्रह रखता है। यह अपने दर्शकों को अमेरिकी समर्थक मूल्यों को नहीं दिखाता। वहीं, वादी के वकीलों का कहना है कि वीओए समाचारों को सत्यतापूर्वक, निष्पक्ष और वस्तुनिष्ठता से प्रसारित करता है। यह दुनिया भर में उन लोगों के लिए जरूरी हैं, जिनके पास स्वतंत्र खबरों का कोई दूसरा स्रोत नहीं है।

## पाकिस्तान में पोलियो रोधी टीम पर हमला, दो सुरक्षाकर्मियों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में पोलियो टीकाकरण दल पर हुए हमले में दो सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बुध्वार को यह जानकारी दी। पुलिस अध्किारियों के अनुसार, प्रांत के मस्तुंग जिले में पोलियो टीकाकरण दल पर कुछ अज्ञात हथियारबंद लोगों ने हमला किया। पुलिस ने बताया कि जब हमला हुआ, उस समय दल बच्चों को पोलियो की दवा देने के लिए घर-घर जाकर टीकाकरण अभियान चला रहा था।

हमले के बाद सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी और संदिग्धों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया। शिन्हुआ से बातचीत के दौरान बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने हमले की पुष्टि की। प्रवक्ता ने कहा, यह एक दुखद घटना है। हमें दो सुरक्षाकर्मियों की हत्या की रिपोर्ट मिली है। हमले के सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है।

प्रांतीय सरकार पोलियो उन्मूलन अभियान को विफल करने के किसी भी प्रयास की अनुमति नहीं देगी। उन्होंने कहा, पूरे प्रांत में पोलियो टीमों की सुरक्षा को और मजबूत किया जा रहा है। पाकिस्तान में वर्तमान में सात दिवसीय राष्ट्रव्यापी पोलियो टीकाकरण अभियान चल रहा है, जिसका लक्ष्य पांच वर्ष से कम आयु के लाखों बच्चों को टीका लगाना है।

# हूती विद्रोहियों ने इज़रायल के कई शहरों पर दागी मिसाइलें

**तेल अवीव।** यमन के हूती विद्रोहियों ने बुधवार को इजरायल पर मिसाइल हमला किया। यह हमला ऐसे समय हुआ है, जब अमेरिका द्वारा लगातार हूती विद्रोहियों को निशाना बनाया जा रहा है। हूतियों के हमलों के चलते इजरायल के हाइफा, क्रयोट और अन्य इलाकों में सायरन बज उठे, जिससे लोगों में दहशत फैल गई और लोग सुरक्षित स्थानों पर पहुंच गए। इजरायली सेना का कहना है कि हमले में किसी नुकसान की खबर नहीं है और संभवत: मिसाइलों को हवा में ही तबाह कर दिया गया। हूतियों ने अभी तक हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। अमेरिका द्वारा हूतियों पर बीती 15 मार्च से ही हमले किए जा रहे हैं। इसके बावजूद हूती अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे। अमेरिकी सेना की सेंट्रल कमांड ने भी अभी तक इजरायल पर हूतियों के हमले को लेकर कोई जानकारी साझा नहीं की है। हूतियों द्वारा इजरायल के गाजा पर हमले के विरोध में लाल सागर इलाके में अतंर्राष्ट्रीय व्यापारिक जहाजों को निशाना बनाया रहा है। इसी के चलते अमेरिका ने हूतियों के खिलाफ आपरेशन चलाया हुआ है, जिसमें कई बार यमन में हूतियों के ठिकानों पर अमेरिका ने हवाई हमले किए। हूतियों को ईरान का समर्थन प्राप्त है।

## अमेरिका टैरिफ पर चीन के साथ समझौता करेगा: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि उन्हें उम्मीद है कि वाशिंगटन और बीजिंग टैरिफ समझौते पर पहुंचेंगे। ट्रम्प ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ मेरे संबंध बहुत अच्छे हैं यह लंबे समय से बहुत अच्छे रहे हैं। हमारे बीच बहुत अच्छे संबंध रहे हैं और मुझे लगता है कि हम चीन के साथ समझौता करेंगे। अगर हम समझौता नहीं करते हैं, तो हम इसे तय करेंगे। हम बस संख्या तय करेंगे। ट्रम्प ने 2 अप्रैल को चीन सहित अन्य देशों से आयात पर पारस्परिक टैरिफ शुरू करने वाले एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। अमेरिका में चीनी निर्यातकों के लिए शुल्क अब 145 प्रतिशत तक पहुंच गया है।











